

22:03:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 078 epaper.rashtriyakhabar.com चैत्र, शुक्लपक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080

## वासंतिक नवरात्र



प्रथमम् शैलपुत्री

वन्दे वंछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम

वृषारूढाम शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।

## चाणक्य नीति

दाक्षिण्यं स्वजने दया परजने शाठ्य सदा दुर्जने
प्रीतिः साधुजने स्मयः खलजने विद्वज्जने चार्जवम्।

शौर्यं शत्रुजने क्षमा गुरुजने नारीजने धृष्टता
इत्थं ये पुरुषाः कलासु कुशलास्तेष्वेवलोकस्थितिः॥

भावार्थ : अपने बंधु बांधवों के साथ वही व्यक्ति सुख से रह सकता है, जो उनके साथ सज्जानता और नम्रता का व्यवहार करता है, दूसरे लोगों पर दया और दुर्जनों के प्रति भी उनके अनुकूल व्यवहार करता है, सज्जान लोगों से जो प्रेम रखता है, दुष्टों के प्रति जो कठोर होता है और विद्वानों के साथ सरलता से पेश आता है। जो शक्तिशाली लोगों के साथ शूरवीरता और पराक्रम से काम लेता है, गुरु, माता-पिता और आचार्य के प्रति जो सहनशीलतापूर्ण व्यवहार रखता है तथा स्त्रियों के प्रति अधिक विश्वास न करके जो उनके प्रति चतुराईपूर्ण व्यवहार करता है, वही कुशलतापूर्वक इस संसार में रह सकता है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 16.00 °c |

**सूर्यास्त (आज)** ›› 18 .00 बजे

**सूर्योदय (कल)** ›› 05 .51 बजे

## चुनावी बॉन्ड पर सुनवाई 11 अप्रैल को

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार के लिए पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजने के मसले पर 11 अप्रैल को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले को 11 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं में शामिल एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मामले को संविधान पीठ के समक्ष भेजने की गुहार लगाते हुए कहा, जब यह एक संविधान पीठ होगी, तभी हमें लाभ होगा।

## राकांपा विधायकों ने सदन के बीचोंबीच दिया धरना

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा भवन में मंगलवार को शिंदे-फडनवीस सरकार के मंत्री दादा भूसे की ओर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने और नारेबाजी किये जाने के बाद पार्टी विधायकों ने आक्रामक रूख अपनाते हुए सदन के बीचोंबीच धरना पर बैठ गए। सांसद संजय राउत के ट्वीट किया, राकांपा के विधायक तब आक्रामक हो गए जब श्री भूसे ने आपत्तिजनक बयान दिया कि श्री राउत मातोश्री की रोटी खाते हैं और पवार के घर में काम करते हैं। इस बीच, विपक्ष के नेता अजीत पवार ने श्री भूसे से माफी की मांग की और कहा कि श्री पवार का नाम लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। राकांपा और गठबंधन दलों के विधायकों ने सदन की बीचोंबीच जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए जहां शिंदे समूह और भूसे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

### संसद के बजट सत्र में आज भी वही रहा हाल कार्यवाही बाधित

# दोनों सदनों में दोनों तरफ से हुआ हंगामा

▶▶ लोकसभा में सामने आ गये विरोधी सांसद

▶▶ कुछ विधेयक इसके बीच ही पारित भी हुए

▶▶ धनखड़ ने फिर खारिज किये जेपीसी के नोटिस




राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के सातवें दिन भी मंगलवार को लोकसभा में भारी हंगामा जारी रहा जिसके कारण सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाये। सदन के जरूरी काम पूरा करने के बाद जैसे ही उन्होंने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित बजट, अनुपूरक मांगों तथा विनियोग विधेयक को सदन में चर्चा के लिए रखवाया और संक्षिप्त चर्चा के बार विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। श्री अग्रवाल ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी जगह पर जाने का आग्रह किया लेकिन किसी ने उनके आग्रह को नहीं सुना और हंगामा करते रहे। इसी बीच सत्ता पक्ष की तरफ से भी हंगामा और नारेबाजी होने लगी तो पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में प्रश्नकाल शुरू किया तो सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्य अपनी-अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। दोनों तरफ से सदस्य हंगामा करने लगे।

### बिरला की बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं

विपक्ष के सदस्य तख्तियां लेकर भी विरोध व्यक्त करने के लिए आसन के इर्दगिर्द जमा हो गये। हंगामे के बीच अध्यक्ष ने कहा कि सोमवार को उन्होंने सभी दलों के नेताओं को अलग अलग बुला कर बात की थी कि बजट सत्र महत्वपूर्ण हैं और सत्र की कार्यवाही चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के बाद विपक्षी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। यदि उन्हें समय नहीं मिला तो वे आसन के सम्मुख आ सकते हैं, लेकिन प्रश्नकाल चलने दीजिए। श्री बिरला की बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही स्थगित करते हुए कहा यदि आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं तो मैं सदन की

›› शेष पेज दो पर

### देश में सरकार ने लगातार की दूसरे किस्म की दावेदारी

## इंटरपोल की वांटेड लिस्ट में चोकसी का नाम हटा




राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** इंटरपोल की वांटेड लिस्ट से मेहुल चोकसी का नाम हटाया गया है। यह कार्रवाई तब हुई जबकि देश का संसद राहुल गांधी की माफी और अडाणी मामले में जेपीसी जांच की मांग में उलझा है। पूरा देश यह अच्छी तरह जानता है कि वह एक भगोड़ा है, जो देश के बैंकों का काफी सारा पैसा लेकर भाग गया है। लेकिन केंद्र सरकार की नाकामी की वजह से अब इंटरपोल ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस को हटा लिया है। वह 2 अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी में भारत द्वारा वांछित है। भगोड़े हीरा कारोबारी ने एंटीगुआ और बारबुडा से अपने कथित अपहरण का हवाला देते हुए अपने रेड नोटिस की समीक्षा के लिए पिछले साल वैश्विक एजेंसी से संपर्क किया था। भारत सरकार को झटका देते हुए इंटरपोल ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस को हटा लिया है. इसका मतलब यह है कि 2 अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी में वांछित हीरा कारोबारी अब इंटरपोल के लिए वांछित व्यक्ति नहीं है।

यह फैसला चोकसी द्वारा एंटीगुआ उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करने के बाद आया है, जिसमें भारत

›› शेष पेज दो पर

### युद्ध समाप्त का प्रस्ताव लेकर मॉस्को पहुंचे जिनपिंग

## युद्ध समाप्त करने का पुतिन ने दिया संकेत



▶▶ पुतिन ने हल्के अंदाज में कहा अब चीन से ईर्ष्या है

▶▶ पश्चिमी देश इस गठजोड़ को लेकर और संदेह में

▶▶ अमेरिका विरोधी ध्रुवीकरण में दो महाशक्ति एक साथ

राष्ट्रीय खबर

**मॉस्को:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को मॉस्को में चीनी नेता शी जिनपिंग के साथ तीन दिवसीय यात्रा पर मुलाकात की और संकेत दिया कि वह यूक्रेन के रूसी आक्रमण को हल करने के लिए चीन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। पता चला है कि पुतिन ने यूक्रेन में तीव्र संकट के निपटारे के लिए शी की योजना का स्वागत किया। वैसे ईरान और सऊदी अरब को साथ लाने के बाद ही जिनपिंग कार्यालय से यह सूचना दी गयी थी कि वह यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की दिशा में पहल करेंगे। वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी फोन पर बात करने वाले हैं। रूस द्वारा पिछले साल यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से देश की अपनी पहली यात्रा में शी सोमवार को मास्को पहुंचे। यह एक ऐसी यात्रा है जिसे पश्चिमी देश बीजिंग रूस के लिए अपने समर्थन पर दोगुना होने के रूप में देखता है। दोनों नेताओं के बीच बैठक को चीन ने चीन-रूस मित्रता का एक नया अध्याय खोलने के अवसर के रूप में सराहा है। शी ने अपनी यात्रा की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, रूस की मेरी आगामी यात्रा दोस्ती, सहयोग और शांति की यात्रा होगी। मैं आने वाले वर्षों में चीन-रूस व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझेदारी के विकास के लिए एक नई दृष्टि, एक नया खाका और नए उपायों को संयुक्त रूप से अपनाने के लिए राष्ट्रपति पुतिन के साथ काम करने की आशा करता हूं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि शी सोमवार से बुधवार तक रूस में रहेंगे, लेकिन यात्रा के बारे में अन्य विवरण नहीं दिया, जैसे कि दोनों नेता क्या चर्चा कर सकते हैं।

›› शेष पेज दो पर

## सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी : कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि संसद चले और उसमें जनता के मुद्दों पर चर्चा हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन मोदी सरकार अडानी को बचाने के लिए मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के मंत्री, प्रवक्ता सुबह सुबह प्रेस वार्ता करने पहुंच जाते हैं क्योंकि उन्हें साहब के दोस्त को बचाना होता है और ये अडानी हैं जिनको बचाने के लिए उन्हें हुक्म मिला होता है। अडानी को बचाने के लिए संसद बंद, काम बंद सबका मकसद अडानी मुद्दे से ध्यान हटाना है। उन्होंने कहा आपको जनता ने बनाया है। आप शाह हो या शहंशाह हो लेकिन सिर्फ लोकतंत्र के किराएदार ही हो। मकान मालिक नहीं हो, मकान मालिक सिर्फ जनता होती है। आपसे पहले भी कई बड़े बडे लोगों को इस पद पर बिठाया है और उतारा भी है। आप किराएदार हो तो किराएदार ही बनकर रहिए। राहुल गांधी अगर लोकतंत्र पर आई चुनौतियों पर चर्चा करते हैं तो उससे लोकतंत्र मजबूत होता है। चर्चा बंद करने से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता है किराएदारों को यह समझ लेना चाहिए। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने ट्वीट किया सरकार संसद में चर्चा क्यों नहीं होने दे रही है। क्या सदन चलाना और राष्ट्रहित के मुद्दों को सुलझाना सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। अगर साफ नीयत, सही विकास है तो प्रधानमंत्री साहब बहस से क्यों भाग रहे हैं।

### नयी परिवहन परियोजनाओं की तैयारी कर रहा रूस- चीन

**मास्को:** रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने मंगलवार को कहा कि रूस और चीन नयी परियोजनाओं की तैयारी कर रहे हैं, जो ट्रांस-साइबेरियन और ट्रांस-एशियन मार्गों की परिवहन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। मिशुस्तिन ने यहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक बैठक में कहा, ''पिछले वर्ष परिवहन को अमूर नदी के आरपार ऑटोमोबाइल और रेलवे क्रॉसिंग के साथ खोला गया था। नयी परियोजनाएं तैयार की जा रही हैं जिससे ट्रांस-साइबेरियन और ट्रांस-एशियाई मार्गों की परिवहन क्षमता में बहुत बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि नयी भू-राजनीतिक परिस्थितियों में परिवहन और लॉजिस्टिक्स गलियारे बहुत महत्वपूर्ण बन रहे हैं और सीमा पार आधारभूत संरचाओं को विकसित करने की आवशयकता बढ़ रही है।

### कोरोना से एक मरीज की मौत

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है और सक्रिय मामलों में वृद्धि जारी है तथा इस दौरान संक्रमण के 209 सक्रिय मामले बढ़े हैं। अब तक देश में 2,20,65,13,507 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 6,559 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,46,96,981 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,808 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 435 बढ़कर 4,41,59,617 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 73 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, गुजरात में 70, महाराष्ट्र में 56, तमिलनाडु में 39, राजस्थान में 13, हरियाणा में 11, उत्तर प्रदेश में नौ, गोवा में छह, झारखंड में पांच, उत्तराखंड में चार, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश में तीन-तीन, केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में दो जबकि बिहार में एक मामला बढ़ा है।

### खुशी के पैमाने पर फिनलैंड देश शीर्ष पर कायम

## कई पड़ोसी देशों से पीछे है भारतवर्ष



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** वर्ल्ड हैप्पीनेस यानी वैश्विक खुशी की रिपोर्ट में फिनलैंड ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दोनों देशों की रैंकिंग में गिरावट आई। रूस 72वें और यूक्रेन 92वें स्थान पर है। वार्षिक वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश बताया गया है। यह लगातार छठा वर्ष है कि उन्होंने खुशी को मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले कारकों में उच्च स्कोर के कारण प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। इसे नापने के लिए जीडीपी प्रति व्यक्ति, सामाजिक समर्थन, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, स्वतंत्रता, उदारता और कम भ्रष्टाचार ही पैमाना होते हैं। यह रिपोर्ट 20 मार्च को जारी की गई, जिसे इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस के रूप में मनाया जाता है। खुशी के विभिन्न पैमानों के आधार पर भारत 125वें स्थान पर है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत को रिपोर्ट में नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका से नीचे 126वें स्थान पर रखा गया था। दिलचस्प बात यह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दोनों देशों की रैंकिंग में गिरावट आई। रूस 72वें और यूक्रेन 92वें स्थान पर है। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क का एक प्रकाशन है और 150 से अधिक देशों में लोगों के वैश्विक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित है।

›› शेष पेज दो पर

**जलसंकट समस्या** ▶ रेगिस्तानी इलाकों में जलसंकट को दूर करने की दिशा में शोध

## जब जैविक क्रिस्टल हवाई नमी से पानी सोख कर देता है

▶▶ अबू धाबी के विश्वविद्यालय में हुआ यह काम

▶▶ जीवों और पेड़ों की गतिविधियों पर आधारित

▶▶ जलसंकट दूर करने में एक विकल्प बनेगा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जलसंकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन रेगिस्तानी इलाके में इसे शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। इन इलाकों में दूर दूर तक पानी का कोई स्त्रोत नहीं होता। इस वजह से वहां रहने वालों को इसके संकट से निरंतर जूझना पड़ता है। दूसरी तरफ कई बार भीषण बाढ़ के इलाकों में भी चारों तरफ पानी भर जाने के बाद लोगों के समक्ष पीने के पानी का संकट आ जाता है क्योंकि बरसात के उस पानी का इस्तेमाल सीधे नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ सारे इलाके डूबे होने की वजह से उस पानी को साफ अथवा उबाला भी नहीं जा सकता। शोधकर्ता पहले से ही इस बात को जानते थे कि हवा में भी पानी के अत्यंत सुक्ष्म कण होते हैं। इस जलसंकट की समस्या को दूर करने के लिए अबू धाबी के न्यूयार्क विश्वविद्यालय के स्मार्ट मैटेरियल्स लैब और सेंटर फॉर स्मार्ट इंजीनियरिंग मैटेरियल्स के शोधकताओं ने विशेष रूप से रेगिस्तानी वातावरण में वैश्विक पानी की कमी से निपटने के लिए हवा में नमी को कम करने के लिए नए तरीकों का निर्माण किया।

प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले स्त्रोतों जैसे कोहरे और ओस से पानी के संचयन की एक नई विधि को विकसित किया गया है। इस अध्ययन में, अनुसंधान वैज्ञानिक पैट्रिक कॉमिन्स और पोस्ट-डॉक्टोरल एसोसिएट मैरीह बी. अल-हंडावी ने पहली बार पानी की प्रक्रिया को अपने वाष्प से तरल रूप में संघनित होने और धीरे-धीरे उर्ध्वगामी कार्बनिक क्रिस्टल की सतह पर बढ़ने के लिए देखा। यह समय के साथ क्रिस्टल की सतह पर दिखाई देने वाले छोटे चैनलों की चौड़ाई में परिवर्तन के कारण पाया गया, जो क्रिस्टल की सतह पर एकत्रित पानी का को खास स्थान तक पहुंचाते हैं।

जर्नल नेचर केमिस्ट्री में प्रकाशित ऑटोनॉमस एंड डायरेक्शनल फ्लो ऑफ वॉटर एंड ट्रांसपोर्ट ऑफ पार्टिकल्स अक्रॉस ए सब्लिमिंग डायनेमिक क्रिस्टल सरफेस शीर्षक वाले पेपर में, शोधकताओं ने हेक्साक्लोरोबेंजीन के क्रिस्टल की सतह पर कणों को वहन करने वाले पानी के संघनन और गति की प्रक्रिया का वर्णन किया है। एक यौगिक जिसे अक्सर फंगस दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उच्च बनाने की क्रिया के कारण, इस सामग्री की सतह में परिभाषित समांतर चैनलों के साथ एक कठोर स्थलाकृति है।

›› शेष पेज दो पर

## शहर >> अपडेट

### जनता की समस्या से बेसुध है सरकार: वृंदा करात

**रांची :** राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर पार्लियामेंट की कार्यवाही लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रही है। इसे लेकर विपक्ष सरकार पर निशाना साध रहा है। पूर्व सांसद और सीपीआईएम की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा है कि एक तरफ नरेंद्र मोदी संसद को जनता का मंदिर कहते हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी पार्टी एक व्यक्ति के बयान को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करती है।रांची में वृंदा करात ने कहा कि पहली बार सरकार ही सदन की कार्यवाही को बाधित कर रही है।

## राजनीतिक इवेंट्स >>

### प्रदेश में हिन्दू होना गुनाह है: मनीष

**रांची :**भाजपा विधायक मनीष जयसवाल ने हजारीबाग में रामनवमी जुलूस में डीजे की अनुमति नहीं दिए जाने का लगातार विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को भी उन्होनें इस मामले को उठाया और सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आने पर स्पीकर के आसन में समक्ष कुर्ता खोलकर विरोध दर्ज किया। इससे पहले उन्होनें कहा कि सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब महीन मिल रहा है। नियोजन पर विरोध किया तो कार्यमंत्रणा समिति में यह बात आई कि इस मामले पर मुख्यमंत्री जवाब देंगे। अबतक नहीं आया। लगातार हमलोग रामनवमी के मामला उठा रहे हैं। हजारीबाग में 5 हजार लोगों पर प्रशासन ने 107 का मुकदमा दायर कर दिया है। पुलिस डरा रही है। डीजे वाले को धमकी दी जा रही है। कहा जा रहा है कि डीजे दिए तो ठीक नहीं होगा। कहा कि ऐसा लगता है कि झारखंड में हिन्दू होना गुनाह है। क्या हमलोग तालिबान में रहते हैं। मंत्री जी उठकर कह दे कि हमलोग तालिबान में रहते हैं तो सरकार जैसे रखेगी रहेंगे। निर्दोष पर दायर ) 9 वापस लिया जाय। कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है कि डीजे बज सकता है फिर प्रशासन जानबूझकर रोक क्यों लगा रही है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ओबीसी समाज को हाशिये डालने की राजनीति हो बंद : नायक

**रांची:** राज्य की हेमंत सरकार जिलावर आरक्षण रोस्टर में दलित और ओबीसी समाज को हाशिये में डालने की राजनीति को अविलंब बंद करे और आरक्षण रोस्टर में तुरंत सुधार करें नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उक्त बातें मंगलवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने भेजे पत्र में कही है। उन्होंने कहा कि राज्य के 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य कर दिया गया है और अनुसूचित जाति को मात्र 5फीसदी ही आरक्षण दिया गया है जो इन वर्गों के साथ सामाजिक अन्याय है जिसका आने वाले दिनों में व्यापक रूप से विरोध कर अपनी आपत्ति जाहिर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं ओबीसी के विधायक लोग अपने वर्ग को अधिकार दिलाने में असफल साबित हुए हैं । ऐसे में इन विधायकों को विधायक बने रहने का कोई औचित्य नहीं है । सभी विधायक या तो इस्तीफा दें या फिर सदन को चलने नहीं दें जब तक त्रुटियों में सुधार नहीं किया जाता है । उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार दलित /ओबीसी विरोधी कार्य कर रही है जिसका ही आज परिणाम है कि ओबीसी की जनगणना आज तक नहीं की गई और तो और यह समाज को राजनीति एवं सभी क्षेत्रों में कैसे हाशिए में रखा जाए उसकी राजनीति करने में मशगूल हैं , रही अनुसूचित जाति वर्ग का तो इस सरकार में कोई मंत्री का प्रतिनिधित्व भी सरकार नहीं दी। उन्होंने कहा कि सरकार ओबीसी समाज के पक्ष में विचार करे तथा इसके दूरगामी प्रभाव पर विचार करें।

---

**चुनौती**

### मुख्यमंत्री ने तपोवन मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की रखी आधारशिला

# सौंदर्यीकरण खर्च होंगे 14 करोड़ 67 लाख रुपये

▶▶ राज्य की उन्नति व सुख -शांति की कामना

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** बजट सत्र के दौरान एक तरफ सदन के बाहर और अंदर रामनवमी जुलूस के साथ उसमें बजने वाले डीजे को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की। तो वहीं दूसरी ओर सरकार ने रामनवमी से ठीक पहले तपोवन मंदिर के आसपास इलाकों के सौंदर्यीकरण को लेकर शिलान्यास किया गया। इसके लिए 14 करोड़ 67 लाख की राशि का प्रावधान है। इन पैसों से मंदिर के अंदर और बाहर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। करीब 14 करोड़ 67 लाख की राशि से मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र को सौंदर्यीकरण करने की आधारशिला मंगलवार को रखी गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर की। इस मौके पर रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण मौजूद थे। यहां मुख्यमंत्री ने तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। ऐतिहासिक तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पर 14 करोड़ 67 लाख खर्च किए जाएंगे। इसका जिम्मा जुडको को दिया गया है। इसके तहत कडरू से तपोवन मंदिर तक पुल का चौड़ीकरण और हरमू नदी को कवर किया जाएगा। इसके अलावा ओवरब्रिज से निवारनपुर जाने वाली सड़क का भी चौड़ीकरण होगा। मंदिर आने के लिए वैकल्पिक मार्ग और एप्रोच रोड को भी बनाया जाएगा। मंदिर के दोनों ओर तोरण द्वार भी बनाए जाएंगे। योजना के तहत पार्किंग एरिया, बच्चों के खेलने का पार्क, आउटडोर जिम, सर्विस ब्लॉक, टेंपल प्लाजा, ग्रीन वॉल और किओस्क की भी सुविधा रहेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास करते हुए मुझे अत्यधिक खुशी हो रही है। रामनवमी के अवसर पर जब हम सभी लोग यहां आयेंगे और बदला हुआ स्वरूप यहां दिखाई देगा तो हम सभी को अच्छा लगेगा। इधर, ऐतिहासिक तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने राज्य सरकार के द्वारा तपोवन मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए किए गए शिलान्यास पर खुशी जताते हुए कहा कि इस स्थल से लाखों श्रद्धालुओं का आस्था जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष रामनवमी के अवसर पर इसकी सौंदर्यीकरण की घोषणा की थी जो आज फलीभूत हो रही है, यह बेहद खुशी की बात है।

---

### सरयू राय ने किया सदन का बहिष्कार कहा

# स्वास्थ्य मंत्री को मुख्यमंत्री का संरक्षण

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र में निर्दलीय विधायक सरयू राय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को लेकर लगातार हमलावर हैं। मंगलवार को भी निर्दलीय विधायक का प्रश्न विपक्ष के हंगामे के कारण नहीं आ सका।

प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर ने सरयू राय का नाम पुकारा और जैसे ही सरयू राय पूरक प्रश्न पूछने के लिए खड़े हुए विपक्ष के विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। स्पीकर ने इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। दोबारा 12 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सरयू राय अपनी जगह पर खड़े होकर जवाब की मांग करने लगे। इस बीच हंगामे के बीच शून्यकाल चल रहा था। हंगामा शांत होने के बाद फिर सरयू राय अपनी जगह पर खड़े होकर कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सदन में गलतबयानी कर रहे हैं।उनके खिलाफ अवमानना का मामला दिया है। फिर वह गलत जवाब लेकर आये हैं। इसपर स्पीकर ने कहा कि प्रश्नकाल तो खत्म हो गया है, अब कैसे इस प्रश्न को लाया जाए। सरयू राय जवाब नहीं मिलने से नाराज दिखे। उन्होनें कहा कि इसका मतलब है कि आसन से भी मुझे संरक्षण नहीं मिल रहा है। साथ ही उन्होनें यह भी कहा कि लगता है कि स्वास्थ्य मंत्री को मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त है। इसके बाद उन्होंने सदन का बहिष्कार कर दिया।

---

# 32 भू-वैज्ञानिक विरासत स्थलों में साहेबगंज का पादप जीवाश्म पार्क भी चिन्हित: दीपक



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को राज्य सभा में खान कोयला मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछे। इस दौरान उन्होंने जानना चाहा कि जीएसआई के पास भूवैज्ञानिक मानचित्रों के व्यापक संग्रहण,असामान्य प्रकार के पत्थर, स्थलाकृतियों महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों आदि के अभिरक्षण का ब्योरा क्या है। सरकार के पास तत्संबंधी नीति क्या है। इस सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने बताया कि जीएसआई के पास मानचित्रों का व्यापक संग्रहण है, जो जीएसआई के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

भारत सरकार की नीति के तहत जीएसआई ने शिक्षा एवं भावी पीढ़ी के लिए देश के विशिष्ट एवं अमूल्य भू- वैज्ञानिक अजूबों को संरक्षित करने और बचाने के उद्देश्य से विभिन्न पत्थर स्मारकों,जीवाश्म पार्कों, स्तरीक भू वैज्ञानिक खंडों को शामिल करते हुए देश के विभिन्न भागों में स्थित 32 भू-वैज्ञानिक विरासत स्थलों की पहचान की है। यह देश के विभिन्न राज्यों में स्थित हैं। इसमें झारखंड के साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल फॉर्मेशन के इंटर ट्रेपियन बेड वाले पादप जीवाश्म पार्क( फॉसिल्स पार्क )* भी शामिल है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में चार, छत्तीसगढ़ में एक, हिमाचल प्रदेश में एक, कर्नाटक में चार, केरल में दो,महाराष्ट्र में एक, नागालैंड में एक, राजस्थान में 10, सिक्किम में एक और तमिलनाडु में चार स्थल चिन्हित हैं।

---

# झारखंड में खुले संगीत व नाटक अकादमी: संजय सेठ



▶▶ राज्य में 32 जनजातीय समुदाय निवास करते हैं

▶▶ सबकी अलग-अलग सांस्कृतिक विशेषाएं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** झारखंड में कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में आवाज उठाई। कहा कि हमारा झारखंड सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश है।

विविध संस्कृति के बावजूद यहां की एकता बेमिसाल है। राज्य में 32 जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। इन सबकी अलग-अलग सांस्कृतिक विशेषाएं हैं। अलग रहन सहन है।

झारखंड नृत्य, संगीत और वाद्य की समृद्ध विरासत वाला प्रदेश है, इसलिए यहां कहा जाता है नाची से बाची। सांसद ने कहा कि इसके अलावा लोक चित्रकला, कोहबर, सोहराई, जादूपटा आदि की विश्वभर में लोकप्रिय बनने की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड में ऐसे कई कलाएं हैं, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। झारखंड प्रदेश के कई कलाकार अपनी कला के मध्यम से देशभर में पहचान बना चुके हैं। कई कलाकार हैं जो परफॉर्मिंग आर्ट्स के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, थिएटर में नैसर्गिक रूप से प्रतिभावान है। संजय सेठ ने सदन में कहा कि संसाधनों की कमी के कारण ये कलाएँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तान्तरित नहीं हो पा रही हैं।

ऐसी कला और कलाकारों को तत्काल संरक्षण और संवर्धन की जरूरत है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध किया कि झारखंड में संगीत नाटक अकादमी, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र खोला जाए। इससे हमारी समृद्ध संस्कृति और कला सुरक्षित रह सकेगी।

---

# सीएम से मिली मिस एंजेल मेरिन तिर्की



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मिस यूनाइटेड नेशंस अर्थ -2022 की विजेता एंजेल मेरिना तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अगले महीने 19 से 28 तारीख तक मनीला (फिलीपींस) में आयोजित होने वाले क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म- 2023 में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

मुख्यमंत्री ने उन्हें इस इवेंट में बेहतर परफॉर्मेंस और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। ज्ञात हो कि एंजेल मेरिना तिर्की रांची के नामकुम की रहने वाली हैं। उन्होंने बिशप वेस्टकाट स्कूल, नामकुम से मैट्रिक, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से इंटरमीडिएट और एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड से ग्रेजुएशन की डिग्री ली हैं।

वह पिछले वर्ष मई में नई दिल्ली में आयोजित मिस यूनाइटेड नेशंस अर्थ -2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ताज हासिल की थी। एंजेल के पिता अल्फ्रेड तिर्की एक्स आर्मी मैन हैं।

---

**चुनौती**

### सदन में सुदेश महतो ने दी सरकार को चुनौती कहा

# अब तक कितने बेरोजगारों को मिला भत्ता, आंकड़ा दें

▶▶ मुख्यमंत्री प्रतिभा प्रोत्साहन योजना में कुल 8322 लाख की राशि का बजटीय उपबंध किया गया था

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** आजसू विधायक सुदेश महतो ने सदन में बेरोजगारी भत्ता का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 2021-22 के बजट में स्नातक पास बेरोजगारों को सालाना 5000 और स्नातकोत्तर पास बेरोजगारों को सालाना 7000 बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई थी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में इसके लिए 146 करोड रुपए का प्रावधान भी किया गया है। विभाग की ओर से सवाल का जवाब अस्वीकारात्मक दिया गया। इस पर सुदेश महतो ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को चुनौती दी कि वह बताएं कितने लोगों को सरकार ने बेरोजगारी भत्ता दिया है।इस पर विभागीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 2020-21 में नियोजन सेवा का विस्तार करने के लिए 12320 लाख का बजट रखा गया था जो प्रत्यर्पित कर दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत 8766 लाखों रुपए की का बजट रखा गया था, उसे भी प्रत्यर्पित कर दिया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उड़ान योजना, मुख्यमंत्री युवा सामर्थ्य योजना और मुख्यमंत्री प्रतिभा प्रोत्साहन योजना में कुल 8322 लाख की राशि का बजटीय उपबंध किया गया था। उसे भी प्रत्यापित करते हुए नई योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना को शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जो 1 अप्रैल 2020 से शुरू होगी। सुदेश महतो ने कहा कि सरकार 3 साल तक सिर्फ योजनाओं का नाम बदलती रही, लेकिन एक भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। उन्होंने मंत्री से सारथी योजना के बारे में जानकारी मांगी। मंत्री ने बताया कि गैर आवासीय प्रशिक्षण पर जाने वाले बेरोजगार युवाओं को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिए प्रतिमाह 1000 की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद सफल अभ्यर्थियों को 3 महीने के अंदर रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में अधिकतम 1 साल तक प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जाएंगे, वहीं युवतियों और दिव्यांगों को प्रतिमाह 1500 रुपए प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा।

---

## पेज एक का शेष

### इंटरपोल की वांटेड लिस्ट में चोकसी ...

सरकार को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि जून 2021 में दो भारतीय एजेंटों (संभवतः) रॉ एजेंटों ने उन्हें एंटीगुआ से अगवा किया और जबरन डोमिनिका रिपब्लिका ले गए। भगोड़े हीरा कारोबारी ने एंटीगुआ और बारबुडा से अपने कथित अपहरण का हवाला देते हुए अपने रेड नोटिस की समीक्षा के लिए पिछले साल वैश्विक निकाय से संपर्क किया था। विशेष रूप से, मेहुल चोकसी के प्रतिनिधि ने वैश्विक पुलिस निकाय को आश्वस्त किया था कि भारतीय जांच एजेंसियों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया था। इन आधारों पर, उन्होंने चोकसी को वांछित सूची से हटाए जाने के भारत सरकार के विरोध को मानने से इनकार कर दिया। चोकसी का नाम आरसीएन सूची से हटाते हुए इंटरपोल ने कथित अपहरण का जिक्र किया है। अपने आदेश में, इंटरपोल ने कहा कि इस बात की विश्वसनीय संभावना है कि एंटीगुआ से डोमिनिका के आवेदक के अपहरण का अंतिम उद्देश्य आवेदक को भारत भेजना था और भारत लौटने पर उसे निष्पक्ष परीक्षण या उपचार नहीं मिलने का जोखिम हो सकता है। चोकसी को दिसंबर 2018 में इसके रेड नोटिस में जोड़ा गया था। आरसीएन को वापस लेने का मतलब है कि चोकसी अब दुनिया भर में स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकता है। वह एंटीगुआ और बारबुडा से बाहर जा सकता है और इंटरपोल द्वारा गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। कैरेबियन राष्ट्र के निवेश कार्यक्रम द्वारा नागरिकता के तहत जाहिर तौर पर $100,000 का भुगतान करने के बाद चोकसी एंटीगुआ और बारबुडा का नागरिक बन गया था। हालाँकि, भारतीय अधिकारियों ने उसका पासपोर्ट रद्द नहीं किया है क्योंकि उपयुक्त प्राधिकारी ने भारतीय नागरिकता त्यागने के उसके आवेदन को स्वीकार नहीं किया है। भारत ने 2018 में एंटीगुआ से चोकसी के प्रत्यपर्ण के लिए कहा था। भारत सरकार और दो संघीय एजेंसियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लिए एक झटका है। इस मामले में सरकारी एजेंसियां अब उत्तर देने के पीछे हट रही हैं।

### युद्ध समाप्त करने का पुतिन ने दिया संकेत

क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि नेता रूस और चीन के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक बातचीत के संबंधों के भविष्य से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। चीन ने पिछले महीने रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम का आह्वान किया और संघर्ष का समाधान खोजने के लिए 12 सूत्री योजना जारी की। इस योजना में शत्रुता समाप्त करना, शांति वार्ता फिर से शुरू करना और युद्ध से उत्पन्न मानवीय संकट को संबोधित करना शामिल है। पुतिन ने जारी होने के बाद योजना की सराहना की। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर लेंस्की ने कहा कि चीन यूक्रेन पर चर्चा कर रहा है, यह कोई बुरी बात नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच एक चीनी दलाली वाली शांति योजना तर्कसंगत नहीं थी, यह कहते हुए कि इस योजना से केवल रूस को ही लाभ होगा। वैसे चीनी राष्ट्रपति का स्वागत करने के दौरान व्लादिमीर पुतिन ने चीन से थोड़ा सा ईर्ष्या करने की बात स्वीकार की है क्योंकि उन्होंने शी जिनपिंग से कहा था कि वे यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए चीन के प्रस्तावों को सम्मान के साथ देखते हैं।चीनी नेता की मास्को की राजकीय यात्रा की शुरूआत में क्रेमलिन में अनौपचारिक वार्ता में बोलते हुए, श्री पुतिन ने कहाः ह्लहाल के वर्षों में, चीन ने अपने विकास में जबरदस्त छलांग लगाई है। यह पूरी दुनिया में वास्तविक रुचि जगाता है, और हम भी आपसे थोड़ा ईर्ष्या करते हैं।

### कई पड़ोसी देशों से पीछे है भारतवर्ष

इस वर्ष की सूची पिछली रैंकिंग के समान है जिसमें कई नॉर्डिक देश शीर्ष स्थानों पर हैं। डेनमार्क जहां दूसरे नंबर पर है, वहीं आइसलैंड तीसरे नंबर पर है। नॉर्डिक देश व्यक्तिगत और संस्थागत विश्वास दोनों के अपने उच्च स्तर के प्रकाश में विशेष ध्यान देने योग्य हैं। उनके पास भी कोविड मृत्यु दर 2020 और 2021 के दौरान पश्चिमी यूरोप में अन्य जगहों की तुलना में केवल एक-तिहाई अधिक थी। नॉर्डिक देशों की तुलना पश्चिमी यूरोप के बाकी हिस्सों में 80 से की जाती है। दूसरों के प्रति परोपकार, विशेष रूप से अजनबियों की मदद, जो 2021 में नाटकीय रूप से बढ़ी, 2022 में उच्च रही। इन कठिन वर्षों के दौरान भी, सकारात्मक भावनाएँ नकारात्मक लोगों की तुलना में दुगनी बनी हुई हैं, और सकारात्मक सामाजिक समर्थन की भावनाएँ अकेलेपन की तुलना में दोगुनी प्रबल हैं।

### जब जैविक क्रिस्टल हवाई नमी से ....

छोटे ठोस कण जैसे धूल या धातु के नैनोकण भी चैनलों के साथ स्वायत्त रूप से चलते देखे गए। इन कणों की गति को संघनित हवाई पानी के कारण पाया गया, जो समय के साथ क्रॉस-सेक्शन और चैनलों की चौड़ाई में परिवर्तन के कारण चैनलों के माध्यम से अलग चला जाता है। स्वायत्त जल प्रवाह पहले या तो सतह रासायनिक संशोधनों या ठीक गढ़े हुए माइक्रोचैनल्स, या प्राकृतिक प्रणालियों की सतह जैसे कि कुछ पौधों या कीड़ों का उपयोग करके प्राप्त किया गया है। इस नए अध्ययन के निष्कर्षों में पानी के प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले स्त्रोतों जैसे ओस और कोहरे का उपयोग करने के लिए नई तकनीकों के निर्माण का मार्गदर्शन करने की क्षमता है, जो वर्तमान में केवल कुछ रेगिस्तानी पौधों और जानवरों द्वारा जीवित रहने के लिए उपयोग किए जाते हैं। नया शोध ऐसी जैविक संरचनाओं के जल संग्रह तंत्र की समझ पर आधारित है, जबकि यह जल परिवहन के लिए मौलिक रूप से भिन्न तंत्र प्रस्तुत करता है। ह्लठोस सतहों पर पानी की गति प्रकृति में पाई जाने वाली सबसे मौलिक घटनाओं में से एक है, स्मार्ट मैटेरियल्स लैब के एक नेता और स्मार्ट इंजीनियरिंग सामग्री केंद्र के निदेशक और अध्ययन के संबंधित लेखक ने ऐसा कहा। इसमें यह भी कहा गया कि लंबी विकासवादी प्रक्रियाओं के माध्यम से, प्राकृतिक जीवों की सतहों को विभिन्न प्रकार के जीवन-सहायक कार्यों के लिए पानी के कुशल परिवहन के लिए अनुकूलित किया गया है। पौधों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध पानी को स्थानांतरित करके ऐसा करते देखा गया है। शोध दल ने इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एक नया तरीका खोजा है। यह जैविक क्रिस्टल हवा में मौजूद पानी को इसी सिद्धांत पर एकत्रित कर सकता है। यह उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए एक प्रेरणा प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से हवाई आर्द्रता के संग्रह के लिए उपयोग की जाने वाली प्रायोगिक प्रणालियों की दक्षता को अधिकतम कर सकती है।

### बिरला की बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं

कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करता हूं।राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहने के कारण लगातार सातवें दिन मंगलवार को भी तीखी नोकझोंक हुई, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। भोजन अवकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष के अवसर पर होने वाले विभिन्न त्योहारों की जानकारी दी और कहा कि इस उपलक्ष्य में सदन की कार्यवाही 22 मार्च को नहीं होगी। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय बजट 2023- 24 पर चर्चा कराने का प्रयास किया तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य शोरगुल करने लगे। उन्होंने सदस्यों से शांत होने और सदन की कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया, हालांकि सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही 23 मार्च, गुरुवार तक स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह सभापति ने कहा कि उन्हें 11 सदस्यों से नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस मिले हैं। इनमें से ज्यादातर सदस्यों जैसे अमी याग्निक, प्रमोद तिवारी, तिरुचि शिवा, नीरज डांगी, रंजीत रंजन और नासिर हुसैन ने अदानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने की बात कही है। एक अन्य सदस्य इलामारम करीम ने इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराने से संबंधित नोटिस दिया है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने अदानी समूह द्वारा राजस्थान और महाराष्ट्र में ऊर्जा उत्पादन से संबंधित अनियमितताओं के बारे में नोटिस दिया है। उन्होंने कहा कि इन सभी नोटिसों पर गंभीरता से विचार करने के बाद उन्होंने इन्हें अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा उच्च सदन है और हम पृथ्वी पर लोकतंत्र के सबसे जिम्मेदार मंच पर हैं। लोग चाहते हैं कि हम इस सदन में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करें और लोकतांत्रिक मूल्यों तथा परंपराओं का पालन करें । इसके बाद सभापति ने जैसे ही शून्यकाल की कार्यवाही शुरू करनी चाही, विपक्ष के नेता मलिकार्जुन खड़गे ने कुछ कहना चाहा। इसका सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। श्री धनखड़ ने सदन में अव्यवस्था बनते देख कहा कि सदन में सभी दलों के नेता साढ़े ग्यारह बजे उनके चेंबर में उनके साथ बैठक में आमंत्रित हैं। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बने गतिरोध के चलते बजट सत्र के दूसरे चरण में अब तक एक दिन भी कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पायी है।

**शहर >> अपडेट**

### शादी का झांसा देकर किया विधवा महिला का यौन शोषण

**बगहा :** पुलिस जिला के पठखौली ओपी अंतर्गत वार्ड नंबर तीन निवासी एक विधवा महिला ने अपने एक पुरुष मित्र पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए महिला थाना मे आवेदन दिया था। जिसको लेकर महिला थाना के पुलिस कर्मियों की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दिए गए आवेदन के अनुसार रतनमाला निवासी किशोर कुशवाहा ने शादी का झांसा देकर 1 साल तक महिला का यौन शोषण किया और बाद में मुकर गया। मामले में महिला थाना प्रभारी धर्मवीर भारती ने बताया कि वार्ड नंबर 3 के रहने वाली महिला के आवेदन के आलोक में रत्नमाला निवासी किशोर कुशवाहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तथा पिडित महिला को मेडिकल जांच के लिए बेतिया भेजा जा रहा है। महिला के द्वारा आरोप लगाया गया है कि शादी का झांसा देकर उक्त व्यक्ति ने लगातार एक साल तक बलात्कार किया है।

# बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित, 83.7 प्रतिशत छात्र सफल

**साइंस में राम लाल कॉलेज खगड़िया की आयुषी नंदन तो कॉमर्स में सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद की सौम्या शर्मा ने राज्य टॉप किया**

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार बोर्ड ने आज इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित कर दिए। बिहार इंटर रिजल्ट में इस साल तीनों संकायों को मिलाकर कुल 83.7 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। बिहार बोर्ड इंटर रिजल्ट में इस बार तीनों संकायों में लड़कियों का दबदबा देखने को मिला। प्रत्येक संकाय में छात्राओं का सफलता प्रतिशत देखें तो 12वीं आर्ट्स में कुल पास प्रतिशत 82.74 फीसदी रहा जिसमें लड़कियों का पास प्रतिशत 84.33 और लड़कों का पास प्रतिशत 80.16 फीसदी ही रहा। वहीं 12वीं कॉमर्स में कुल पास प्रतिशत 93.95 फीसदी रहा जिसमें लड़कियों का सफलता प्रतिशत 96.39 फीसदी और लड़कों पास प्रतिशत 92.62 फीसदी रहा। इसी प्रकार साइंस स्ट्रीम




का कुल पास प्रतिशत 83.93 रहा जिसमें लड़कियों का सफलता प्रतिशत 86.98 और लड़कों का सफलता प्रतिशत 82.35 रहा। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि 12वीं परीक्षा में 13 लाख 4 हजार छात्र शामिल हुए थे जिनमें कुल 10 लाख छात्र यानी 83.7 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। यह सफलता प्रतिशत 12वीं आर्ट्स, 12वीं साइंस और 12वीं कॉमर्स तीनों संकाय का मिलाकर है। पिछले साल करीब 81 फसदी छात्र सफल हुए थे। यानी इस साल बिहार बोर्ड 12वीं रिजल्ट में करीब ढाई फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेख ने इस दौरान ऐलान किया है कि बिहार सरकार ने 12वीं पास करने वाली प्रत्येक छात्रा को 25-25 हजार रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। इसके लिए फॉर्म अप्रैल में भराए जाएंगे। अगले साल से परीक्षा फॉर्म भरने के वक्त ही लड़कियों के अकाउंट नंबर की डिटेल्स ले ली जाएंगी। साइंस और कार्मस टॉपर्स में छात्राएं अव्वलः बिहार बोर्ड इंटर रिजल्ट में स्टेट लेवल टॉपर्स की बात करें तो साइंस और कॉमर्स की प्रथम टॉपर के स्थान पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है। 12वीं साइंस में राम लाल कॉलेज खगड़िया की आयुषी नंदन ने प्रथम स्थान हासिल किया है। आयुषी ने साइंस स्ट्रीम से 94.8 फीसदी अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं 12वीं कॉमर्स में सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद की सौम्या शर्मा ने 95 फीसदी अंक हासिल परचम लहराया है।

## 25 मार्च को होगा जीकेसी का महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान समारोह : राजीव रंजन



**पटना :** जीकेसी (ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस) ने महान कवियित्री और सुविख्यात लेखिका महादेवी वर्मा की जयंती के अवसर पर 25 मार्च को महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन नयी दिल्ली में करेगा। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान नई दिल्ली के मल्टीपरपस हॉल, लोधी रोड, नई दिल्ली में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद शत्रुघ्न सिन्हा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी यह सम्मान पिछले वर्ष की तरह फिल्म, पत्रकारिता, कला-संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र के लिए दिया जाएगा। इसके लिए जीकेसी ने इन क्षेत्र के दिग्गजों का नामांकन आमंत्रित किया था, जिसमें से जानेमाने विभूतियों के नाम को जूरी ने अपनी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि महादेवी वर्मा हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक मानी जाती हैं। आधुनिक हिन्दी की सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें आधुनिक मीरा के नाम से भी जाना जाता है। महादेवी वर्मा एक मशूहर कवियित्री तो थी ही, इसके साथ ही वे एक महान समाज सुधारक भी थी। जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने बताया कि महादेवी वर्मा एक महान कवयित्री होने के साथ-साथ हिन्दी साहित्य जगत में एक बेहतरीन गद्द लेखिका के रूप में भी जानी जाती हैं। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने उन्हें ह्यहिन्दी के विशाल मंदिर की सरस्वतीह्ण कहा था। उन्हें आधुनिक मीरा भी कहा गया है क्योंकि इनकी कविताओं में से एक प्रेमी से दूर होने का कष्ट एवं इसके विरह और पीड़ा को बेहद भावनात्मक रूप से वर्णित किया गया है।

## बिहार दिवस पर आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के पवेलियन में होगा आपदा से बचाव के लिए विभिन्न कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं रोकथाम हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन एवं क्रियान्वयन कर रहा है। इस संदर्भ में विभिन्न आपदाओं के परिप्रेक्ष्य में पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। आपदाओं के प्रति जनजागरूकता हेतु व्यापक प्रचार- प्रसार का सहारा लिया जाता है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम, सामुदायिक वॉलेंटियर का प्रशिक्षण , डूबने से बचाव नाविकों का प्रशिक्षण, भूकंपरोधी भवन निर्माण संबंधी राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण,



जीविका दीदियों का प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रकार की आपदाओं के न्यूनीकरण हेतु कार्ययोजना मार्गदर्शिका तथा मानक संचालन प्रक्रिया को विकसित किया गया है जिससे राज्य स्तर पर आपदाओं से होने वाली क्षति को कम किया जा सके। इसके साथ-साथ दिव्यांगजनों को विभिन्न आपदाओं की स्थिति में महफूज रखने का बीड़ा भी बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उठाया है। दिव्यांग प्रक्षेत्र के स्कूलों, संस्थानों के बच्चों और उनके शिक्षकों, प्रशिक्षकों, परिजनों के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसके आधार पर शिक्षकों व बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। राजधानी के पांच विद्यालयों में 500 से ज्यादा दिव्यांग बच्चों को आपदाओं से बचाव की जानकारी मॉकड्रिल के जरिये दी जा चुकी है। बिहार दिवस 22-24 मार्च, 2023 के अवसर पर गांधी मैदान, पटना स्थित आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के पवेलियन में तीन दिनों तक आपदा से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा विभिन्न आपदाओं से बचाव की तैयारी एवं प्रत्युत्तर संबंधी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, बिहार अग्निशाम सेवा, सिविल डिफेंस एवं अन्य सभी हितभागियों व संस्थाओं के माध्यम से प्रदर्शन किया जाना है। जन जागरूकता हेतु विभिन्न नाट्य मंच कलाकारों द्वारा नुक्कड नाटक गीत-संगीत एवं मॉक अभ्यास कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रतिदिन की जानी है।

## प्रजापति समन्वय समिति, प्रदेश कार्यालय में तुषार राज को श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति, प्रदेश कार्यालय कंकड़बाग पटना में तुषार राज, पिता राजकिशोर पंडित, ग्राम कन्हौली निवासी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 16 मार्च 2023 को तुषार राज की हत्या अपहरणोपरांत कर दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में दानी प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. टेकनारायण पंडित कोर कमिटी सदस्य, शशिभूषण कुमार जिला अध्यक्ष, दीनानाथ पंडित कार्यकारी अध्यक्ष, सतीश कुमार कोषाध्यक्ष, विष्णुदेव पंडित, प्रो. शशि भूषण कुमार, साधु शरण पंडित, कृष्णा पंडित, शशि आनन्द, प्रमोद कुमार पंडित, मानिकचन्द पंडित, रोहन प्रजापति, प्रेम कुमार सुमन, सुभाष पंडित, प्रदीप पंडित माया देवी शामिल रहे। प्रो. शशिभूषण कुमार, डॉ. टेकनारायण पंडित, विष्णुदेव पंडित, कृष्णा पंडित एवं माया देवी ने मृतक के साथ घटना एवं समिति की कार्रवाई की जानकारी दिया।

## लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने जनकपुरी में छात्रों के लिए खुला अनएकेडमी सेंटर

**पटना :** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने नई दिल्ली के जनकपुरी में अनएकेडमी सेंटर खोलने की घोषणा की है। दिल्ली में प्रतिभाशाली छात्रों की बड़ी संख्या है, ऐसे में यह ब्राण्ड के ऑफलाईन लर्निंग सेंटरों के बढ़ते नेटवर्क में एक और महत्वपूर्ण विस्तार है। नए सेंटर की ओपनिंग पर बात करते हुए विवेक सिन्हा, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, अनएकेडमी ने कहा, आज के दौर में लर्निंग के हाइब्रिड समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम देश भर में अनएकेडमी सेंटरों के नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। इस सेंटर के माध्यम से हम अपने छात्रों को उच्च गुणवत्ता के हाइब्रिड लर्निंग समाधान उपलब्ध कराएंगे। अनएकेडमी सेंटर छात्रों को ऑफलाईन क्लासेज उपलब्ध कराएंगे और उन्हें नीट- यूजी, आईआईटी जेईई एवं फाउन्डेशन (9-10) कोर्स कैटेगरीज में शीर्ष पायदान के शिक्षकों के साथ जोड़ेंगे। ऑफलाईन क्लासेज अनएकेडमी के पढ़ाने के तरीकों, सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी एवं प्रोडक्ट तथा ऑनलाईन सब्सक्रिप्शन के साथ व्यक्तिगत मेंटरशिप का अनुभव प्रदान करेंगी। अनएकेडमी सेंटर की एकेडमिक टीम में अनुभवी एवं प्रतिष्ठित शिक्षक जैसे डॉ आनंद मणि, अंकुश अंचालिया, रिशिक सिन्हा, कपिल वर्मा, नुपुर पंत, उमा शर्मा, गगन वोहरा, रूबल वधवा, रजत गोयल, विजय कुमार, साकेत कुमार, रवि कांत, शशि, शशि प्रकाश सिंह आदि शामिल हैं।

## इनर व्हील क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम संपन्न



राष्ट्रीय खबर

पटना : राजधानी के एक निजी सभागार में इनर व्हील क्लब द्वारा पीडीसी और डिस्ट्रिक आईएसओ मीट का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि इंटरनैशनल इनर व्हील की वाइस प्रेसिडेंट ममता गुप्ता और डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉक्टर रीता झा ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की। क्लब की अध्यक्षा स्वेता झा ने डिस्ट्रिक्ट ३२५ के बिहार और झारखंड से आए हुए सभी क्लब्स की सदस्याओं का स्वागत किया। डिस्ट्रिक आईएसओ प्रियंका कुमार ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील की सभी पीडीसी द्वारा अपने पूर्व कार्य के अनुभव साझा करने के साथ आगे की प्लानिंग जो की समाज सेवा पर आधारित है, पर चचाएं भी की गई। क्लब्स की सदस्याओं ने खुबसूरत नृत्य, संगीत आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। ज्ञातव्य है की इनर व्हील संस्था विश्व में महिलाओं की दूसरी ऐसी बड़ी संस्था है, जो एक सुंदर और स्वच्छ समाज निर्माण में निरंतर प्रयासरत रहती है और अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है।

## डॉ कौशलेंद्र प्रताप ने रचा इतिहास, 11वीं बार बने चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष

**प्रमोद भदानी एवं प्रवीण बने उपाध्यक्ष**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स,गया शाखा के सत्र 2023-24 का चुनाव 26 मार्च को होने वाला था। लेकिन सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन के बाद चुनाव टल गया। बताया जाता है कि 18 मार्च को नाम वापसी के बाद कोई भी अभ्यर्थी चुनावी दंगल में नहीं थे। उसके बाद 19 मार्च को समिति की बैठक में अध्यक्ष,महासचिव, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष समेत सभी कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हो गया। आगामी नए सत्र में एक बार पुनः डॉ कौशलेंद्र प्रताप 11वीं बार सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चुने गए। वही प्रमोद कुमार भदानी को उपाध्यक्ष (प्रथम) एवं प्रवीण कुमार मोर को उपाध्यक्ष



(द्वितीय) चुना गया। वही महासचिव पद पर आलोक नंदन, संयुक्त सचिव पद पर सुरेश कुमार अग्रवाल (प्रथम)एवं उमेश कुमार गुप्ता को( द्वितीय) विरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष एवं राजेश झुनझुनवाला अंकेक्षक चुने गए। इसके अलावे 18 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इनमें विनोद कुमार मित्तल,विनोद कुमार सुलतानिया, सुनील कुमार, अशोक कुमार लोहानी, ओम प्रकाश सेठ, विजय भदानी, अरुण कुमार, अशोक कुमार लोहानी, प्रदीप कुमार जैन, प्राण मित्तल, कृष्ण मोहन प्रसाद, राजू कुमार रवि, अभिषेक भारद्वाज गौतम कुमार, शिव अग्रवाल, जयकुमार, सतीश कुमार पचेरीवाल आदि लोग शामिल है। नव मनोनीत अध्यक्ष डॉ कौशलेंद्र प्रताप ने बताया कि हीरक जयंती कार्यक्रम के सफलता को लेकर इस बार अध्यक्ष चुना गया है। बता दें कि डॉ कौशलेंद्र प्रताप वर्तमान में चेंबर ऑफ कॉमर्स चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव तथा मगध इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संरक्षक है। वे राष्ट्रीय उर्वरक सलाहकार समिति, पूर्व मध्य रेलवे के सलाहकार समिति के सदस्य रह चुके हैं। कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थानों के न्यासी जैसे पदों पर रहकर सामाजिक कार्य कर रहे हैं। उक्त सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन पर चैंबर ऑफ कॉमर्स चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अनूप केडिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## आज भारतीय अर्थव्यवस्था चीन को दे रही है चुनौती : कुलपति

**गया कॉलेज डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने की रखता है क्षमता**

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** गया कॉलेज गया के मुंशी प्रेमचंद सभागार हॉल में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन समापन सत्र को संबोधित करते हुए मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो डॉ एस पी शाही ने कहा कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था चीन को चुनौती दे रही है और सतत रूप से विकास कर रही है। युवा शक्ति की भागीदारी के बिना सतत विकास सम्भव नहीं है, युवाओं को स्टार्टअप एवं राष्ट्र के निर्माण में सहभागिता किए बिना सतत विकास नहीं हो सकता। सभी लोगों के व्यक्तिगत रूप से प्रयास करने से ही राष्ट्र का विकास होगा, इससे भारत देश विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाएगा। भारत जैसे विविधता वाले देश में हासिल करना निश्चित रूप से एक कठिन कार्य होगा, लेकिन यह असंभव नहीं है। सामूहिक रूप से



काम करके ही सतत और समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रो शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऊर्जा में आत्मनिर्भरता और सतत विकास को बढ़ाने के लिये संकल्पित है। साथ ही कुलपति ने कहा कि गया कॉलेज, गया मगध विश्वविद्यालय का एक प्रतिष्ठित कॉलेज है और एक डीम्ड विश्वाविद्यालय की क्षमता रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम कराते रहे जिससे कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम अकादमिक जगत में रोशन हो। इस अवसर पर गया कॉलेज गया के प्राचार्य डॉ दीपक कुमार ने कुलपति डॉ एस पी शाही को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में गया कॉलेज गया के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आदर्श कुमार गुप्ता, डॉ चंद्रिका सोनी, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मो सादिक,हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सोनू अन्नपूर्णा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और अर्थशास्त्री उपस्थित थे।

## बिहार की बेटी ने विश्व के चौथे सबसे ऊंचे पर्वत पर भारत का तिरंगा लहराया

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा दुनिया के चौथे एवं दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा लहराने वाली बिहार की बेटी सुश्री लक्ष्मी झा के सम्मान समारोह का आयोजन अन्नपूर्णा भवन, अन्नपूर्णा पथ, कुर्जी, पटना में किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के संस्थापक सदस्य सह पूर्व राज्यसभा सांसद श्री आर के सिन्हा जी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और सुश्री लक्ष्मी झा को सम्मानित किए। पद्म श्री विमल जैन इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा के सौजन्य से बिहार की बेटी लक्ष्मी झा ने विश्व की चौथी और साउथ



अफ्रीका की सबसे बड़ी चोटी किलिमअंजारो की चढ़ाई कर देश और बिहार का नाम रौशन किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि जब पहली बार अनिता कुंडू आकर मुझसे एवरेस्ट की चढ़ाई करने में सहयोग करने का आग्रह किया था उसके बाद हमने उन्हे हरसंभव मदद किया फलस्वरूप आज अनिता कुंडू ने न सिर्फ एवरेस्ट की चढ़ाई की बल्कि आज वे कई लड़कियों के लिए प्रेरणा बन गई है जो पर्वतरोही में अपनी जगह बनाना चाहती है। उसी के बाद कई लड़कियां आकर मुझसे मिली। इसी क्रम में लक्ष्मी झा जी मुझसे मिली और उन्होंने अपनी इच्छा बताई, तब मैंने इन्हे उतर काशी के इंस्टीट्यूट में पर्वतरोही का प्रशिक्षण करवाया जिसका नतीजा है कि सुश्री लक्ष्मी झा ने दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर भारत का झंडा लहरा कर बिहार के साथ साथ पूरे देश का नाम रौशन करने का काम किया है हम सभी को बिहार की बेटी लक्ष्मी झा पर गर्व है। श्री सिन्हा ने आगे कहा की बिहार में प्रतिभाओं की कमी नही है हर छेत्र में बिहार के लोग अब्बल है बस जरूरत है उन्हे सही मार्गदर्शन और सुविधा प्रदान करने की लेकिन बिहार सरकर के उदासीनता के कारण बिहार के ये प्रतिभावान खिलाड़ी / पर्वतारोही आगे नही बढ़ पा रहे है। श्री सिन्हा ने आश्वासन दिया की वे पर्वतारोही लक्ष्मी झा को हर संभव मदद करेंगे जिससे वे आगे भी इसी प्रकार बिहार का नाम पूरी दुनिया में रौशन करते रहें। लक्ष्मी झा ने अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि भारत की ओर से सबसे पहली महिला है जिसने कम से कम समय में किलिमअंजारो पर्वत की चढ़ाई की है। उन्हें शिखर पर चढ़ने में भी सिर्फ 36 घंटे लगे जबकि अभी तक अन्य लोगो ने 6 से 8 दिन का समय लगाया है। आपको बताते चले कि विश्व की सबसे कठिन चढ़ाई में एक चढ़ाई किलिमअंजारो पर्वत को भी माना गया है। इसकी ऊंचाई 58.95मीटर है जबकि एवरेस्ट की ऊंचाई 88.48 मीटर है।

## भूतड़ी अमावस्या पर फल्गु तट पर 30 हजार पिंडदानियों ने पितरों को दिलाया मोक्ष

**विष्णु चरण पर मत्था टेक मांगा आशीर्वाद**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** हिंदू धर्म में मृत्यु के बाद आत्मा को मुक्ति दिलाने के लिए पिंडदान करने की परंपरा रही है।बिहार के गया जी को पिंडदान का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। ऐसे तो प्रत्येक दिन फल्गु तट पर पिंडदान एवं श्राद्ध कर्म होता है। लेकिन मंगलवार को चैत्र मास की अमावस्या को भूतड़ी अमावस्या को देश के विभिन्न राज्यों से आए तीर्थ यात्रियों ने अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध कर्मकांड और तर्पण कर उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सुबह से ही तीर्थ यात्रियों ने देवघाट,फल्गु नदी, विष्णुपद मंदिर प्रांगण, रामशिला, प्रेतशिला, सीता



कुंड एवं अक्षय वट सहित कई अन्य पंचकोशी पिंड स्थलों पर पिंडदान किया। पूरा पंचकोशी क्षेत्र पितृ अनुष्ठान के मंत्रोच्चारण से गूंज उठा। मन में पितरों के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा लेकर देश के विभिन्न राज्यों से आए तीर्थ यात्रियों ने विष्णु चरण पर पिंड अर्पित कर भगवान गदाधर जी का दर्शन पूजन किया। अमावस्या को लेकर तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ जुटी रही। सुबह से लेकर देर शाम तक फल्गु नदी के तट पर पिंडदान करने का सिलसिला चलता रहा। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल ने बताया कि चैत्र मास की अमावस्या को पिंडदान करने का विशेष महत्व है। इस दिन श्राद्ध कर्म करने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है। जिसमें भी खरमास चल रहा है। मंगलवार के दिन भौमवती अमावस्या होने के कारण फल्गु नदी के देवघाट पर पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, पंजाब हरियाणा गुजरात आदि राज्यों के लगभग 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों के निमित्त मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान कर जल तर्पण किया। देवघाट पर गया पाल तीर्थ पुरोहित ने कर्मकांड की विधि संपन्न कराएं।सभी ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर अपने पितृ दोष से मुक्ति के लिए पिंडदान किया।

**शहर >> अपडेट**

### पीएचसी में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी पीएचसी में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती की स्वास्थ्य जांच मंगलवार को किया गया। चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने बताया कि 20 गर्भवती की सीवीसी, एचआईबी, खून, सुगर, बीपी, वजन की विधिवत निशुल्क पीएचसी में किया गया। जांचोपरांत महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, बी काम्प्लेक्स दवा भी निशुल्क मुहैया कराई गई। कोरोना का भी जांच लैब टेक्नीशियन आरसी शर्मा ने किया। मौके पर नर्स किरन कुमारी, रीता कुमारी, नुतन कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर अनरूद राम आदि मौजूद रहे।

# वासंती दुर्गा चैती छठ रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर की गई शांति समिति की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**तारापुर :** मंगलवार को तारापुर थाना प्रांगण में चैत्र नवरात्र चैती छठ रामनवमी एवं रमजान का त्यौहार सौहार्दपूर्ण आपसी भाईचारा के बीच मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। गौरतलब है कि शहर में पिछले वर्ष की भांति रामनवमी के मौके पर महावीरी पताका शोभायात्रा के साथ जुलूस निकालने पर खासकर बजरंग दल के लोगों ने अपना पक्ष अनुमंडल प्रशासन के समक्ष रखा। बजरंग दल के गौतम कुमार ने बताया कि बिहमा बगीचा से शोभा यात्रा की शुरूआत होगी। जहां चार पहिया वाहन के ऊपर लाउडस्पीकर बैंड बाजा झंडा इत्यादि के साथ मुख्य मार्ग तारापुर सुल्तानगंज के रास्ते रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव एवं वापसी पुरानी बाजार मोहनगंज के रास्ते समारोह स्थल बिहमा आकर समाप्त होगी। शोभा यात्रा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार ने शांति समिति के सदस्यों से अपील कर कहा कि आपसी भाईचारा सौहार्द व सद्भाव को लेकर तारापुर में जो अपनी प्रतिष्ठा बनाई है उसे बरकरार रखना हम सबों का दायित्व है। आप प्रशासन को सहयोग करें और आपका सहयोग प्रशासन करेगा इस बात का ख्याल सभी लोगों को रखना अनिवार्य होगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार ने भी बजरंग दल के लोगों को शोभा यात्रा की तिथि 30 मार्च को रखने के साथ-साथ जगह परिवर्तन नहीं करने का निर्देश दिया। लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि हिंदू मुस्लिम का त्यौहार जो तारापुर में होता है और उसमें जो सद्भाव एक दूसरे के बीच देखने को मिलता है, वह अपने आप में अनूठा है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह खगड़िया जिला के प्रभारी पूर्व मुखिया कुमार प्रणय ने कहा कि रामनवमी के मौके पर 2022 में जो बजरंग दल के लोगों द्वारा कार्यक्रम किया गया था, उससे और बेहतर बनाने का प्रयास हम सभी लोगों को करना है। शांति समिति के सभी लोगों का दायित्व बनता है कि भगवान राम के जन्मोत्सव के मौके पर शोभायात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने भी विधि व्यवस्था को लेकर अपनी बातों को बैठक के दौरान विस्तार पूर्वक रखा। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ श्री कुमार ने किया। इस मौके पर नगर पंचायत तारापुर की मेयर नीलम देवी अधिवक्ता हरे कृष्ण वर्मा कांग्रेस नेता निरंजन झा डॉक्टर सर्वेश मोहम्मद अफजल होदा मोहम्मद मुजाहिद पप्पू यादव मुखिया प्रतिनिधि पुरुषोत्तम कुमार सिंह पूर्व प्रमुख विनोद सिंह पप्पू एजाज सहित सैकड़ों लोग बैठक में उपस्थित थे।

### पर्यावरण के संतुलन के लिए गौरैया है जरूरी- पंडित भरत उपाध्याय



**मधुबनी :** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर प्रख्यात पर्यावरणविद एवं प्रकृति प्रेमी सह पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय ने आम जनमानस को आह्वान करते हुए कहा कि गौरैया का पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम योगदान है। लेकिन पिछले दशक में इसकी संख्या में काफी कमी देखी गई है, घरों में एवम छत की मुंडेर पर नजर आने वाली गौरैया अब नहीं दिखाई देती है।जो गंभीर चिंता का विषय है। कभी हम अपने घरों में चिड़ियों की चहचहाहट सुनकर जागते थे। आज हमें मोबाइल का अलार्म लगाना पड़ता है। पर्यावरण के लिए करीबी दोस्त गौरैया को बचाने की जरूरत है। हम अपने सेवा काल से ही गौरैया के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों को प्रेरित करते रहते हैं, हम सब गर्मी के मौसम में गौरैया के लिए, अपने घर की छत पर थोड़ा सा दाना थोड़ा सा पानी अवश्य रखें। विश्व स्तर पर गौरैया के संरक्षण के लिए हजारों संस्थाएं कार्यरत है,किंतु अभी तक अपेक्षाकृत परिणाम नहीं प्राप्त हो सका है।इसके लिए लोगों को पशु- पक्षी के प्रति प्रेम को जगाना होगा।यह परंपरा की ओर लौटने और उस पर गर्व करने का समय है भारतीय प्राचीन परंपरा पशु पक्षियों की सेवा एवं सुरक्षा की रही है। इससे विमुख होकर हमसे अपराध हो रहा है, जिससे वर्तमान में अनेक समस्याओं का जन्म हो रहा है। हमें प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान देना होगा जिससे गौरैया की संख्या बढ़े। प्रदूषण के कारण शहरों में इनकी संख्या बहुत कम रह गई है,जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनका अस्तित्व बना हुआ है। जिनका संरक्षण हम सभी का धर्म है।

# एनीमिया भगाओ अभियान को लेकर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** सेव द चिल्ड्रेन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एनीमिया और हाइजेन चेंज द बिहेवियर सॉल्यूशन को लेकर प्रखंड सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को आयोजन किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शुभम कुमार के अध्यक्षता में हुई प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र 160 शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में भी बीसीएम नितेश कुमार गिरी ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को बताया कि अपने पोषक क्षेत्र में एनीमिया से ग्रसित लोगो की पहचान करनी है।और उनको दवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सभी लोगो को इस बीमारी से सजग रहना है और दवा का सेवन करना है जिससे हमारे गांव, शहर, जिला और देव से एनेमिया बीमारी को भगा देना है। उन्होंने बताया कि साथ-साथ परिवार नियोजन दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेव द चिल्ड्रन के गिरिंद्र मोहन, राम परवेश और श्री भगवान उपस्थित रहे साथ ही शिक्षकों में प्रमोद श्रीवास्तव, शमशाद हुसैन, गुल मोहम्मद कारी और प्रमोद कुमार सहित 160 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।वही सेव द चिल्ड्रेन के हसन इमाम और सुजित कुमार ने उपस्थित शिक्षको को हेल्थ एंड हाइजीन के बारे में बताया कि लोगो को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से हाथ सफाई के बारे में बताना है। साथ ही लोगो को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई दवा को समय पर निश्चित रूप से खाना है।

# मानवीय संवेदना पूर्वक सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करें : कुंदन कुमार

- स्टील बर्थ, चाइल्ड डेथ, मैटनरल डेथ न्यून करने को करें सकारात्मक पहल
- जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक में एएनसी, आईएफए/कैल्शियम/आयरन डिस्ट्रीब्यूशन, एचबीएनसी, लैब टेस्ट, एक्स-रे सर्विस, परिवार कल्याण ऑपरेशन महिला, परिवार कल्याण नसबंदी ऑपरेशन पुरुष, होम डिलीवरी, मैटरनल डेथ, चाइल्ड डेथ, स्टील बर्थ, ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम, कोविड टेस्टिंग, रुटिन इम्यूनाईजेशन, मिशन क्वालिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया कि वितीय वर्ष 2022-23 में 18 फरवरी 23 तक 1441295 आउटडोर मरीज, 201405 इनडोर मरीज को समुचित चिकित्सा उपलब्ध कराया गया है। परिवार कल्याण ऑपरेशन अंतर्गत 9260 महिला का सफल ऑपरेशन, 85 पुरुषों का सफल नसबंदी और 61414 संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया गया। डीएम की पृच्छा पर सीएस ने बताया कि विभिन्न जगहों पर मेडिकल प्रोटोकॉल का अनुपालन करने के बावजूद प्रसव के दौरान शिशु, स्टीलबर्थ के मामले में प्रकाश में आये हैं। डीएम ने इसे अतिगंभीरतापूर्वक लिया तथा निर्देश दिया कि आइसीएमआर गाइडलाइन अंतर्गत एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रसव कार्य सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सिविल सर्जन की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित करें, जिसमें गाइनोकालोजिस्ट भी शामिल हों इसका ध्यान रहे। जांच टीम सूक्ष्मता से जांच करेगी कि किन कारणों से चाइल्ड डेथ, स्टील बर्थ के केस हुए हैं। उन कारणों को कैसे ठीक किया जाय, जिससे कि इस प्रकार के केस नहीं हो, इस पर बेहतर तरीके से कार्य किया जाय। डीएम ने कहा कि स्टील बर्थ, चाइल्ड डेथ, मैटनरल डेथ की घटना अति कष्टदायक है। सभी को ऐसा प्रयास करना चाहिए कि अस्तपाल में आने वाली गर्भवती महिला स्वस्थ शिशु को जन्म दें और सकुशल अपने घर पहुंचे। इस कार्य में डॉक्टर्स, एएनएम, आशा कार्यकताओं को समन्वित प्रयास करते हुए संकल्पित रुप से सुरक्षित प्रसव कराना चाहिए, जिससे शिशु और शिशुवती मां दोनों स्वस्थ रहें।

उन्होंने निर्देश दिया कि एएनएम और जीएनएम को प्रशिक्षित करायें, जिससे प्रसव के समय परेशानी नहीं हो। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। प्रसव के समय सामान्य चिकित्सा उपलब्ध कराये। मातृत्व मृत्यु नहीं हो इसके लिए आशा को तत्परतापूर्वक मानवीय संवेदना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि डॉक्टर्स स्वयं सभी मेडिकल प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन करें, एएनएम और जीएनएम को निर्देशित करें। प्रत्येक को यह सभी संभव प्रयास करनी चाहिए कि स्टील बर्थ, चाइल्ड डेथ के मामले जिला में शून्य रहे। प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच की जानी आवश्यक है।

# विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** जिला मे दिनांक 21 मार्च 2023 को रानी लक्ष्मीबाई महिला विकास समिति सुस्ता रामदयालु मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव उषा कुमारी के द्वारा डाउन सिंड्रोम पर प्रकाश डाला गया।ऐसे बच्चे को कैसे पहचान किया जाता है,क्यों होते हैं? डाउन सिंड्रोम एक अनुवांशिक विकार है। जो गुणसूत्रों 21 की तीसरी प्रति की उपस्थिति के कारण होता है। अधिकांश लोगों की सभी कोशिकाओं में 46 गुणसूत्र होते हैं। लेकिन डाउन सिंड्रोम वाले में 47 गुणसूत्र होने के कारण बच्चा डाउन सिंड्रोम पैदा होता है।

लक्षण : सपाट चेहरा आंखें छोटी, नाक छोटी,कम मांसपेशियों की टोन, मुह की सापेक्ष में बड़ी जीभ, हृदय रोग से ग्रसित हो सकते हैं। यह बच्चे मंगोलियन जैसे दिखते हैं।एवं बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रसित होते हैं होते हैं। इत्यादि यह लक्षण से पहचान किया जा सकता है।

डाउन सिंड्रोम को कैसे रोका जा सकता है। सही उम्र में शादी हो, माता के खान पान के साथ पोस्टिक आहार मीलना चाहिए, डॉक्टर के संपर्क में बने रहना चाहिए।

डाउन सिंड्रोम बच्चे का निदान : चेहरे के अजीबोगरीब बनावट के कारण इन्हें आसानी से पहचान किया जा सकता है।जन्म के बाद ऐसे बच्चों को केवल प्रशिक्षण, शिक्षा, खेल के माध्यम से एवं अतिरिक्त देखभाल से जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था के प्रोग्राम मैनेजर श्री लालू तुरहा एवं समापन शिक्षिका मैरि सिन्हा द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित कोषाध्यक्ष मीरा देवी, शिक्षक सौरभ कुमार,स्पेशल छात्र माधव कृष्ण मित्तल, हिमांशु कुमार, प्रियांशु कुमार, शिवम कुमार, प्रियम कुमार, पीयूष कुमार, शशांक कुमार इत्यादि बच्चे उपस्थित रहे।

# एमजे के यूथ क्लब के तीन बच्चों का हुआं राज्य स्तरीय तरंग प्रतियोगिता में हुआ सिलेक्शन

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** बिहार सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय तरंग खेल कूद प्रतियोगिता 22 मार्च से 24 मार्च तक पाटलिपुत्र स्टेडियम में होगी।जिसमें सुगौली से 12/व में साहिल आलम 300 मीटर में 17/व नूर आलम 100 मीटर,शेख वाहिद हाई जम्प में तिहुत प्रमंडल के तरफ से सिलेक्शन हुआं है।जो 21 मार्च को पटना के लिए टीम रावाना होगी।तीनों खिलाड़ियों को लेकर आस-पास के क्षेत्र के लोगो में काफी खुशी का माहौल है। गौरतलब हो कि क्लब के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर के प्रखंड,जिला एवं राज स्तरीय तक पहुंच कर सफलता हासिल कर चुके है। इस क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कुछ समाने नही होने से बच्चे और बच्चियां को काफी कठिनाईयां होती है अगर सरकार हो या जनप्रतिनिधि द्वारा अगर सही तरीके से ध्यान दे दिया जाए तो आने वाले समय में इस इतिहासिक जगहो से सभी लड़के एवं लड़कियां सभी विभाग में देखने को मिलेगा और साथ-साथ इनलोगो की सफलता से क्षेत्र और देश का भी नाम रौशन करेगे।श्री आलम ने बताया कि बच्चे एवं बच्चियां काफी लगन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है और लगातार किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेकर परचम लहरा रहे है। सभी खिलाड़ियों को एम जे के युथ क्लब के कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोज सहनी, उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष अशोक कुमार, समाजसेवी जितेंद्र तिवारी, भाजपा क्षेत्रीय प्रभारी विकास कुमार शर्मा, समाजसेवी भाइ अलीहसन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम विजय यादव, उत्क्रमिक मध्यविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार, एम जे के युथ क्लब कोषाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, टीम मैनेजर, मनीष सिंह, सचिव रुसतम आलम, पीयूष राज, संदीप कुमार, रमा कांत सहनी सहित कई गणमान्य लोगो ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**बेतिया :** महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय के प्रांगण में डॉ. गोखुल प्रसाद सिंह (विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र) की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा आम बजट बहुमत - 2023-24' पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं ने अपने अपने शोख पत्र के द्वारा विचार व्यक्त किया। महाविद्यालय अथार्शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग के द्वारा आयोजित आम बजट के बारे में जानकारी दी गई। वहीं डॉक्टर जी पी सिंह द्वारा मंच संचालन की गई जबकि डॉक्टर नवल किशोर बैठा ने भारत मे आम बजट के बारे में बहुत विस्तार से ब्यख्यान दिया और कहा इस जानकारी से सभी छात्र छात्राऐ लाभान्वित होंगे मौके पर महाविधायलय के छात्र अंजली कुमारी, चंदा कुमारी, पुनम कुमारी, रिया पटेल, रंजीत कुमार राम, अभिषेक कुमार, रस्मी कुमारी, आरती जायसवाल, सोयम्या खातून व छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं रहे।

### आगजनी कर रहे 11 नामजद और 50 अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी दर्ज



**सुगौली, पू.च :** मनीष कश्यप के पक्ष में सड़क पर उतरे युवकों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सड़क जाम करना गैर कानूनी है बीना सुचना दिए और प्रशासनिक अनुमति के बीना राष्ट्रीय उच्च पथ को जाम करने सड़क पर आगजनी करने और आवागमन बंधित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमे 11 लोगो को नामजद किया गया है और 50 अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी की गई जिसमे नामजद लोगो में से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही बाकी लोगो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है और अज्ञात लोगो का सत्यापन किया जा रहा है। यहां बता दे कि मनीष कश्यप की गिरफ्तारी के विरोध में आक्रोशित युवको ने सुगौली रक्सौल मार्ग में सोमवार को जनता चौक के समीप सड़क को घंटो जाम कर दिया।

# किसान पंचायत के बाद मिल बाजार में किसान-कामगारों का प्रदर्शन

## 31 मार्च को रीगा मिल क्षेत्र बांद का किसानो का निर्णय

राष्ट्रीय खबर



**रीगा :** समाधान यात्रा में रीगा चीनी मिल चालू करने के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आश्वासन के बावजूद अभी तक ठोश कार्रवाई नही होने तथा डेढ वर्षो से एनसीएलटी में मामला खींचते जाने से आक्रोशित किसानो ने संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान मे किसान भवन रीगा मे किसान पंचायत में 31मार्च सेआन्दोलन करने का ऐलान किया। तथा, रीगा मिल बाजार में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। मिलचालू करने,31को मिलक्षेत्र बंद करने तथा किसानो के बकाये भुगतान को लेकर नारेबाजी की। पंचायत की अध्यक्षता किसान मोर्चा के अध्यक्ष पारसनाथ सिंह ने की। पंचायत में कहा गया कि बिहार सरकार जनहित में 23 मार्च के तारीख पर एनसीएलटी में लाखों किसान-कामगारों के दर्द के आलोक में गंभीर पहल कर चीनी मिल चालू करायें अन्यथा अपने खेत-पेट के ज्वलंत सवाल पर 31मार्च को किसान-कामगार ₹मिल क्षेत्र बंद₹ आन्दोलन कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

बैठक मे चीनी मिल चलाने के साथ गन्ना किसानो के बकाये के भुगतान तथा केसीसी ऋण से मुक्ति हेतू सीएम को पत्र भेजा जायगा। पंचायत में कडा ऐतराज करते हुए कहा गया कि जब ओपी धानुका केसीसी की देनदारी स्वीकार चुका है तब किसानो को बैंक द्वारा नोटिस भेजना तथा उनके बचत खाता को जब्त करना घोर अन्याय है।सरकार इसपर रोक लगाये तथा किसानो को नोड्यूज दिलाये।

पंचायत को मोर्चा के उतर बिहार अध्यक्ष डा आनन्द किशोर, जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, राजकिशोर सिंह उर्फ दारा सिंह, शंकर मंडल, प्रगतिशील किसान यूनियन के अध्यक्ष शंकर सिंह सिंह बघेला, मोर्चा नेता बेचन सिंह, रामपुकार साह, शशिधर शर्मा, विनय कुशवाहा, मो अली अकबर, नरेन्द्र यादव, दिनेश सिंह, शरफराज अंजुम, चन्देश्वर चौधरी, कुलदीप यादव, नरेश कुमार झा, मदन कुशवाहा, धर्म प्रकाश प्रसाद, हरिशंकर यादब, योगनारायण झा, बृजनन्दन बैठा, राजेश सिंह, हंश बैठा, गजेन्द्र राय ने संबोधित किया तथा किसानो मजदूरो, व्यापारियों, वाहन चालकों से 31 के बंदी में सहयोग की अपील की।

# प्रभु धर्म की रक्षा व भक्तों का कल्याण करने को हर युग में अवतार लेते हैं : साध्वी भारती

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** स्थानीय पी.एन.बी. बैंक के नजदीक शेखपुरा, रामकृष्णा नगर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ के अंर्तगत चतुर्थ दिवस की सभा में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी वैष्णवी भारती ने प्रभु के अवतारवाद के विषय में बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रभु धर्म की रक्षा व भक्तों का कल्याण करने तथा दुष्टों को तारने वे हर युग में अवतार लेते हैं। द्वापर में कंस के अत्याचार को समाप्त करने के लिए प्रभु धरती पर आए। उन्होंने गोकुल वासियों के जीवन को उत्सव बना दिया। कथा के माध्यम से नंद महोत्सव की धूम देखने वाली थी। साध्वी और स्वामीजनों ने मिलकर प्रभु के आने की प्रसन्नता में बधावा गाया। आज गोकुल के उत्सव को देखने का अवसर सभी को प्राप्त हो गया।

सोचने की बात है जब नंद बाबा भगवान को टोकरी में ड़ाल कर गोकुल लेकर गये तो उस समय प्रभु हमें संदेश देते हैं। जिस प्रकार नंद बाबा ने मुझे सिर पर धरण किया। तभी उनकी हाथों पैरों की बेडियां टूट गयीं। इसी प्रकार जो मुझे जीवन में प्रथम स्थान पर रखता है। मैं उसके लिए आत्मजाग्रति के द्वार खोल देता हूं। मैं युगों-युगों से आत्मज्ञान के लिए प्रेरित करता आया हूं। परंतु आत्मा के जागरण के बिना मानव नरसंहार करता आया है। अपने मन के बिखराव को समेट नहीं पाया। भीतर की शक्ति का सदुपयोग नहीं करना आया। मन के भटकन के कारण समाज को अपनी अनुचित व्यवहार कारण दूषित कर रहा है। भगवान श्रीकृष्ण जीने विभिन्न प्रकार की लीलायें की। वो माखन चोरी करते तो भक्तों ने माखन चोर कह दिया। माखन चोरी की लीला से उन्होने भक्तों के भावों को ग्रहण किया। उनके भीतर उपजी हीनता की भावना का अंत किया। प्रेम की प्रगाढ़ता स्थापित की। इस लीला का भावार्थ यही कि प्रभु हमारे भीतर शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करना चाहते हैं। हमारे आयुर्वेद में भी ऐसे संतुलन के बारे में कहा गया है। आयुर्वेद विश्व का आदि प्राचीन चिकित्सा विज्ञान है। यह विज्ञान के साथ-साथ जीवन का दर्शन भी बताता है। यह हमारे ऋषियों की खोज है। परंतु हम इस की वैज्ञानिकता से अपरिचित हैं।

## शहर >> अपडेट

### सेवानिवृत जमादार को पुत्र ने लाठी से मार किया जख्मी, बेतिया रेफर

**बगहा** : मगंलवार की सुबह नगर थाना क्षेत्र के खोडा परसा गांव में एक सेवानिवृत जमादार को उसके पुत्र ने लाठी से पीटकर जबड़ा तोड दिया है। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ. चंदन कुमार ने जख्मी जमादार को ईलाज किया। ईलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज बेतिया रेफर कर दिया गया हैं। घायल व्यक्ति की पहचान परसा गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस से संपर्क करने को लिखा है। दूसरी ओर पुत्र द्वारा पिता को पीटने की चर्चा नगर सहित क्षेत्र में जारी है। पीड़ित ने बताया कि मेरा पुत्र जयकिशोर साह अपनी पत्नी को केरोसीन तेल डाल कर जलाने और हम सभी को फंसाने की धमकी दे रहा था।

# बिहार जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण अंतर्गत फील्ड मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण प्रारम्भ

## फील्ड मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर पर्यवेक्षक व प्रगणकों प्रशिक्षित करें

▶▶डीएम ने किया प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया** : बिहार जाति आधारित गणना द्वितीय चरण अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण कुंदन कुमार ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर उपेन्द्र कुमार शुक्ला, पियतम दत्ता, सुरेश सिंह, प्रभात रंजन सिंह व फील्ड मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। जिलास्तर पर दक्ष मास्टर ट्रेनर, फील्ड मास्टर ट्रेनर को 21, 24 एवं 25 मार्च को



समाहरणालय सभाकक्ष में प्रशिक्षित करेंगे। मंगलवार 21 मार्च 2023 को बगहा-01, बगहा-02, भितहां, पिपरासी, ठकराहां, नौतन, मैनाटाड़, गौनाहा, रामनगर एवं मधुबनी के फील्ड मास्टर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत फील्ड मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रखंड में प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि द्वितीय चरण में प्रत्येक परिवार/व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक आंकड़े प्रपत्र और मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से एकत्र करेंगे। गणना प्रपत्र में परिवार से आंकड़े लेकर उस परिवार के प्रधान का हस्ताक्षर प्राप्त करने के उपरांत सभी आंकड़े मोबाईल एप में प्रविष्ट करेंगे। मोबाईल ऐप से यह आंकड़ा स्टेट डाटा सेंटर के सर्वर पर एकत्रित होगा, जो बिहार जाति आधारित गणना पोर्टल पर देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों का प्रसंस्करण और प्रतिवेदन/ग्राफ/विवरणी का निर्माण भी इसी पोर्टल से होगा। गणना प्रपत्र और मोबाईल ऐप पर प्रत्येक परिवार के लिए एक ही क्रमांक होंगे। गणना के बाद सभी प्रपत्र को स्कैन कर मोबाईल के आंकड़े से टैग कर सॉफ्ट कॉपी में रख लिया जायेगा। जिला पदाधिकारी ने प्रथम चरण अंतर्गत जाति आधारित गणना कार्य में सराहनीय कार्य को लेकर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रशंसा किया। उन्होंने कहा कि टीम वर्क में कार्य कर प्रथम चरण अंतर्गत जाति आधारित गणना का उत्कृष्ट कार्य किया गया। इसी प्रकार भविष्य में कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि स्टेट लेवल तथा डिस्ट्रीक्ट लेवल से प्राप्त अद्यतन दिशा-निर्देश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। जिलास्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर तथा त्रुटिरहित गणना कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। फिल्ड में कार्य करने वाले प्रगणकों, पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेते रहें।

### जातीय जनगणना के लिए प्रगणकों को 27 व 28 को मिलेगा प्रशिक्षण

**बगहा/पिपरासी** : जातीय आधारित जनगणना का दूसरा चरण 15 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसको लेकर प्रखंड सभागार भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। बीडीओ कुमुद कुमार ने बताया कि 27 व 28 मार्च को सभी प्रगंणको, पर्यवेक्षक,सहायक प्रगंणको को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे चरण का शुभारंभ 15 अप्रैल से 15 मई 2023 तक चलेगा।

### 87 बोतल बिदेशी शराब पुलिस ने किया बरामद

**बगहा/पिपरासी** : पिपरासी थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के सामने पीपी तटबंध के पास से सोमवार की देर शाम को 87 बोतल विदेशी शराब पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि झोला में लेकर धंधेबाज शराब लेकर बगहा की तरफ जा रहे थे । पुलिस को देख कर झोला फेंक कर अंधेरा का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। हालांकि धंधेबाजों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

### आलू व्यवसाई मनोज की पुत्री नित्या कामर्स की जिला टॉपर बनी



**नरकटियागंज** : होनहार बिरवान के होत चिकने पात.... इस कहावत को चरितार्थ किया है आलू व्यवसाई मनोज कुमार की पुत्री नित्या कुमारी ने। उसने कामर्स में 451अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। नित्या की माँ गृहणी और पिता आलू विक्रेता हैं। नित्या चार्टर्ड एकॉउटेंट बनना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता व गुरुजनों अजीत व अमर्त्य को दिया है। उसके पिता ने बताया कि नित्या प्रारम्भ से मेधावी रही है। उसके घर वालों ने पढ़ने के लिए उसे पूरी छूट दी, जिसका परिणाम प्रत्यक्ष है। नित्या कुमारी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### दरियापुर में नाइट क्रिकेट मैच आज

**शाहकुंड** : प्रखंड अंतर्गत दरियापुर चंद्रवंशी टोला के मैदान पर चंद्रवंशी टोला क्रिकेट क्लब दरियापुर की तरफ से नाइट मैच के भव्य आयोजन किया जा रहा है।गौरतलब है कि इस नाइट टूनार्मेंट को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसकी शुरूआत बुधवार को शाम में किया जाएगा। बता दें कि इस टूनार्मेंट के कुछ नियम शर्ते हैं। इसके बारे में कमेटी के अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि प्रत्येक मैच 6 - 6 ओवर का होगा। एंपायर का मान्य सर्व मान्य होगा। प्रत्येक मैच टेनिस बॉल से खेला जाएगा! इस आयोजन को सफल बनाने के लिए शंकर सिंह, समाजसेवी पूरन सिंह, वीरेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, कुंदन कुमार दीपक कुमार, सूरज कुमार, सनी कुमार, प्रीतम, सुमन, दिवाकर आदि कार्यकर्ता उत्साह के साथ इस कार्य में लगे हुए हैं।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स मुंगेर ने जिला प्रशासन की टीम को हराकर किया फाइनल में प्रवेश



**मुंगेर** : स्थापना दिवस व अंग महोत्सव कार्यक्रम को लेकर फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 10 ओवर के निर्धारित इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स मुंगेर की टीम के कप्तान कृष्ण कुमार अग्रवाल, गौरव शर्मा, पंकज शर्मा,रविशंकर प्रसाद, नितेश कुमार, चंदन कुमार, हेमंत कुमार सहित टीम के अन्य खिलाड़ियों के द्वारा की गई अच्छी बैटिंग की बदौलत एक सौ 31 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। वही विशाल स्कोर 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला प्रशासन की पूरी टीम 10 ओवर में मात्र 67 रन बनाकर आउट हो गई। हालांकि टीम के कप्तान जिला पदाधिकारी नवीन कुमार, एसपी जे जे रेड्डी, वन प्रमंडल पदाधिकारी गौरव ओझा, विवेक सुगंध, रंजन चौरसिया, प्रशांत कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने काफी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन अन्य खिलाड़ी चेंबर ऑफ कॉमर्स मुंगेर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए। एक के बाद एक आउट होते चले गए। अब बुधवार को फाइनल मैच स्वास्थ्य विभाग की टीम और चेंबर ऑफ कॉमर्स की टीम के बीच खेला जाएगा।

# बाइक चोर को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस को सौंपा

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया** : प्रखंड अंतर्गत में बाइक चोरों के आतंक से वाहन मालिक परेशान है। वाहन मालिको में दहशत कायम है कि कहीं मेरी बाइक भी चोरी ना हो जाए। आए दिन पीएनबी परिसर ब्लॉक परिसर स्टेट बैंक परिसर आदि जगहों से बाइक चुराना आम बात हो गई है इन जगहों पर उचक्के मंडराते रहते हैं तथा मौका मिलते ही आसानी से बाइक पर हाथ साफ कर देते हैं। इसी कड़ी में मझौलिया स्टेट बैंक परिसर से

मंगलवार के दिन एक बाइक चोर को बाइक चोरी करते रंगे हाथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया जमकर धुनाई की तथा पुलिस को सुपुर्द कर दिया । सूचना पर पहुंची



मझौलिया पुलिस ने बाइक चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि युवक की पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के सिसवा सरेया पंचायत के बरवा बारी गाँव निवासी किशोरी पासवान के पुत्र विनय कुमार के रूप में की गई है । इसके पास से एक मास्टर चाबी जप्त किया गया है । मझौलिया पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक क्षेत्रों बैंको हाट बाजार मैं कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो इसकी सूचना जल्द ही प्रशासन को दें। प्रशासन हर संभव कदम उठाएगी।

# टीबी रोग के प्रति स्कूली विद्यार्थियों जागरुक किया गया

▶▶स्वास्थ्य विभाग और केएचपीटी के सहयोग से दी गई जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया** : प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय स्तिथ राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में सातवीं एवं आठवीं कक्षा की छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग एवं कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट के सहयोग से टीबी बीमारी के कारण एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी गयी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के एसटीएस जितेंद्र कुमार ने बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, बुखार, वजन में कमी, बलगम में खून आना, भूख नहीं लगने की शिकायत हो तो उन्हें तुरंत नजदीक



के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाकर जांच कराना चाहिए, यह सब टीबी के लक्षण हैं।जितेंद्र ने बताया कि यह जानलेवा भी है, लेकिन सही समय पर जांच एवं नियमित दवा के सेवन से मरीज टीबी बीमारी से पूरी तरह ठीक होकर सामान्य जीवन यापन कर सकते है। कार्यक्रम में केएचपीटी के सामुदायिक समन्वयक डॉ घनश्याम ने बताया कि सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की जांच और इलाज निःशुल्क की जाती है। डॉ घनश्याम ने कहा कि सामुदायिक जागरूकता से ही टीबी बीमारी को समाज से समाप्त किया जा सकता है। मौके पर टीबी से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी छात्राओं द्वारा पूछा गया जिसका जवाब जितेंद्र कुमार और डॉ घनश्याम द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में पर दर्जनों छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# शराब से भरी कार अनियंत्रित होकर पलटी, चालक समेत दो घायल

▶▶मौके पर पहुंचे लोगों ने जमकर लूटी शराब

राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : बिहार में डिलीवरी करने आ रही शराब से भरी एक स्विफ्ट डिजायर कार एनएच 727 बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग में चंडी स्थान के समीप एक नम्बरा के सामने अनियंत्रित होकर किनारे गड्ढे में पलट गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी तेज गति होने के कारण अचानक गड्ढे में जा पलटी। गाड़ी की गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। जहां देखा की गाड़ी में भारी मात्रा में शराब हैं तो लोग शराब लूटने में जुट गए। जिसके हाथ में जो मिला वह लेकर चलता बना। इधर गाड़ी में सवार दो शराब तस्कर मनदीप दुआ और अमित सिंह गाड़ी में फंसे हुए थे। किसी ने उन दोनों की बचाने की सुधि नहीं थी। जो भी पहुंचता दारू उठाता और



निकल लेता। हालांकि कुछ लोगों ने 112 नंबर को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची 112 नंबर की टीम ने दोनों घायलों को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां उपस्थित चिकित्सक ने दोनों का इलाज किया। ईलाज के बाद दोनों की स्तिथि सामान्य हुई। अभी दोनों का इलाज चल रहा हैं। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि कारोबारी जख्मी है। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस के द्वारा कार को जप्त कर लिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है। लेकीन जिस गाड़ी पर शराब लदी थी उस गाड़ी में BR01BB5971 लगा हुआ था जो विक्रम कुमार पटना के नाम से रजिस्टर्ड है। वहीं पुलिस को जांच के क्रम में एक और नंबर मिला जो गाड़ी की डिक्की में रखा हुआ था। यह नंबर DL-12CN-7240 सुमित शर्मा दिल्ली के नाम से रजिस्टर्ड है। इस नंबर का डिटेल्स इनोवा क्रिस्टा के नाम से सेव है। बताते चलें की बिहार में शराब बंद है। हर जगह सीमावर्ती जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई हैं। इसके बावजूद भी इतनी दूर शराब की खेप कैसे पहुंची इसकी चर्चा लोगों में है।

## खबर का असर

# पीएचसी में कुब्यवस्था की खबर का विधायक ने लिया संज्ञान

राष्ट्रीय खबर

**भितहा** : पीएचसी भितहा की कुब्यवस्था, कर्मियों की मनमानी को व लेटलतीफी लेकर एक खबर 'राष्ट्रीय खबर' हिन्दी दैनिक अखबार मे छपी थी। खबर का असर है कि वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। संभावना जताई जा रही है कि विधायक जल्द ही पीएचसी की जांच करेंगे। विधायक श्री सिंह ने बताया कि सरकार आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति काफी सजग है। हर अस्पताल पर पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि दवा के लिए मरीजो को भटकना न पड़े। लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा के लिए प्रत्येक



पीएचसी को हर तरह से अपडेट किया गया है। अगर इसमे किसी के द्वारा लापरवाही की जा रही है तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा।

गौरतलब हो कि राष्ट्रीय खबर के द्वारा 21 मार्च को पेज नम्बर 4 पर भगवान भरोसे चल रहा है भितहा पीएचसी, जिम्मेदारो को परवाह नहीं शीर्षक से एक खबर छपा था। जिसको गंभीरता से लेते हुए बिधायक ने तत्काल जांच कर कार्यवाही करने को कहा है। श्री सिंह ने बताया कि गंडक पार के चारों प्रखंडो में संचालित पीएचसी की लगातार शिकायत मिल रही है। इस संबंध में पूर्व में भी सभी पीएचसी प्रभारी को निर्देश दिया जा चुका है कि पीएचसी में आम जनता का इलाज सही तरीका से होना चाहिए। सरकार के तरफ से मिलने वाले सभी सुविधाओं का लाभ सम्बन्धित मरीज को देना है। आउट डोर में डॉक्टर समय से उपस्थित रहे। ताकि किसी मरीज को इलाज के लिए दर दर भटकना न पड़े। अगर हमारी जनता को इलाज के लिए कोई दिक्कत हुआ तो मैं बर्दास्त नही करूँगा। उन्होंने बताया कि वे स्वयं पीएचसी का औचक निरीक्षण करेंगे। हर बिंदु पर गहनता पूर्वक जांच किया जाएगा। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की अनुशंसा किया जाएगा।

### आस्था : कलश यात्रा के साथ चैत्र नवरात्र का शुभारंभ, भक्तिमय हुआ माहौल



**सुगौली, पू.च** : प्रखंड के श्रीपुर चौक पर बसंतीय दुर्गा पूजा की शुभारंभ को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाला गया।गाजा-बाजा हांथी, घोड़ा के साथ भव्य जुलूस निकाली गई।1001 कुंवारी कन्याओं ने अपने माथे पर कलश रखा।पूजा स्थल से जुलूस निकल कर श्रीपुर, गोपालपुर से माधोपुर होते हुए अमवामन पर पहुंची।पुरे क्षेत्र मे माता के जयकारे का गुज से गुंजायमान हो गया।पुरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। पवित्र नदी में विद्वान पंडित के द्वारा पूजा पाठ की गई जिसके पश्चात कलश में जल को भरा गया। कलश लेकर कुंवारी कन्याएं माता की जयकारा लगाते हुए पूजा स्थल पर पहुंची जहां आचार्य के द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण करने के पश्चात कलश को पूजा स्थल पर रखा गया जहां पंडित के द्वारा विधिवत पूजा की गई। पूर्व के भांति इस वर्ष भी श्रीपुर चौक पर दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी की गई है। कई तरह के खेल तमाशे लगाएं गये है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जल यात्रा में मुखिया प्रतिनिधि बुचुन तिवारी, पूजा समिति अध्यक्ष बबलु तिवारी, आयोजक नवीन कुमार, दिलीप तिवारी, डाक्टर देवलाल यादव, रमेश तिवारी, अभय कुमार, संदीप तिवारी, संदेश यादव, मुन्ना ठाकुर, दिलीप शर्मा, मोहम्मद जमालुद्दीन, रमाश्रीश महतो, रामबाबू महतो, बंजरगी ठाकुर, कौशल सिंह सहित भारी संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।

# दवा व्यवसाई पुत्र को गोली मार मौत के घाट उतारा

**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर थाना क्षेत्र के कालीबाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत बुलाकी सिंह चौक के पास अंग्रेजी दवा के प्रमुख व्यवसायी जमील अख्तर के पुत्र उमर अख्तर उर्फ बुलबुल आयु लगभग 32 वर्ष बताया जा रहा है, को बाइक सवार अज्ञात हथियार बंद युवकों ने मंगलवार की सुबह लगभग 9:45 गोली मारकर मौत के घाट उतार शहर में दहशत फैला दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का घर घटनास्थल से केवल 300 गज की दूरी पर है, काली बाग ओपी थाना और नगर थाना की दूरी भी इतनी ही है। ज्ञात हो कि सुबह के लगभग 9:45 बजे घटनास्थल के अगल-बगल और उस रोड पर आने जाने वाले लोगों का सिलसिला लगा रहता है। बगल में स्थित गांधी बाजार, खनन विभाग, बुलाकी सिंह चौक



तथा अगल बगल में कई ऐसे घने आबादी वाले मोहल्ले हैं। जहां सुबह के समय काफी भीड़ भाड रहती है।जहां सुबह से लेकर देर रात तक लोगों का आना जाना रहता है, लेकिन जिला मुख्यालय बेतिया में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं की भीड़ भाड़ वाले उस जगह पर हत्या की घटना को अंजाम दिया। हत्यारों ने बाइक सवार बुलबुल को पीछे से सिर में गोली मारी। जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक बुलबुल बालू का व्यवसाय भी करता रहा है। मृतक बुलबुल के पत्नी ने बताया कि उनके पति स्कूल से बच्चे को पहुंचा कर घर लौटने के क्रम में वारदात हुई। बाइक सवार अपराधियों ने बुलबुल को मौत का नींद सुला दिया। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार, काली बाग ओपी थानाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष भास्कर कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। पुलिस हत्यारों की गिरफ्तारी को आसूचना एकत्र करने मे जूट गई है। सुचना पाकर घटनास्थल पर बुलबुल के पिता और पत्नी भी रोते बिलखते आ पहुंच गईं। परिजनों ने प्रशासन से अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया। यह खबर शहर में जैसे ही फैली, बुलबुल के सगे संबंधी और तथा तमाशबीन लोगों का बहुत बड़ा घटनास्थल पर हुजूम खड़ा हो गया। देखते ही देखते गुस्साई भीड़ ने सोवाबाबू चौक जाम करने के मंसूबे से वहां जा खड़ी हुई। शव को रखकर जोरदार प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। लोगों का कहना कि जिला में अपराधी बेलगाम हो गए हैं और बेखौफ अपने आपराधिक कारनामों को अंजाम दे रहे हैं। जिस पर अंकुश लगना पुलिस का कर्तव्य है, अलबत्ता पुलिस मूक दर्शक बनी रही। किसी विधि प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर वहां से हटाया गया।

# स्वच्छता मित्र घर घर जाकर कचरे का उठाव करेंगे : प्रखंड प्रमुख

▶▶धोबनी पंचायत भवन से प्रमुख, बीपीआरओ आदि ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**लौरिया** : प्रखंड के धोबनी पंचायत के पंद्रहों वार्डों के किसी भी घरों के सामने या किसी भी गली या सड़कों पर किसी तरह की गंदगी देखने को नहीं मिलेगी। सभ जगहों की प्रतिदिन साफ सफाई शुरू होने जा रही है। इसके लिए आप सब भी स्वच्छता मित्रों का सहयोग करेंगे, जिससे धोबनी पंचायत स्वच्छ पंचायत बन सके। उक्त बातें मंगलवार को धोबनी पंचायत भवन के प्रांगण में लोहिया स्वच्छता मिशन के उद्घाटन समारोह में प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा। प्रमुख श्री तिवारी ने कहा कि सभी वार्डों में स्वच्छता



मित्रों की बहाली हुई है। इनका कार्य सुखा और गीला कचरा को घर घर जाकर ग्रामीणों के दरवाजे से उठाकर लाएंगे और उसे एक निश्चित स्थान पर जाकर रखेंगे। इधर नवनियुक्त बीपीआरओ सुश्री सोनाली कुमारी ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके लाभ से यह गांव स्वच्छ और सुंदर दिखेगा। मुखिया छोटकी देवी ने कहा कि सभी वार्डों के स्वच्छता मित्रों को ठेला मुहैया करा दिया गया है। हमारा पंचायत स्वच्छता में पूरे जिला में प्रथम आवे, इसके लिए मैने इस मिशन को चुनौती के रूप में लिया है। इसके बाद प्रमुख, बीपीआरओ, स्वच्छता समन्वयक पूनम गुप्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष संजय पाठक, मुखिया छोटकी देवी, मुखियापति सुरेंद्र राम ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता मिशन को प्रारंभ किया।

संपादकीय

# चुनावी मैदान की तैयारी है दिल्ली का नया दंगल

दिल्ली सरकार का बजट आज पेश नहीं हो पाएगा। पूरे देश की सभी विधानसभा के इतिहास में संभवतः पहली बार ऐसा होगा, जब बजट तय तारीख पर पेश नहीं हो सकेगा। केंद्र और अरविंद केजरीवाल सरकार के बीच टकराव का नया दौर शुरू होने को है। सोमवार की शाम को एक टीवी इंटरव्यू में खुद सीएम ने इस अप्रत्याक्षित घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। इसके बाद दिल्ली सरकार, केंद्रीय गृह मंत्रालय और एलजी ऑफिस के सूत्रों के हवाले से चीजें साफ होने लगीं। आम आदमी पार्टी का दावा है कि गृह मंत्रालय ने बजट पेश करने पर रोक लगाई है। गृह मंत्रालय ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बजट पर दिल्ली सरकार से सफाई मांगी गई है। गृह मंत्रालय का कहना है कि बजट में आधारभूत संरचना से रकम ज्यादा विज्ञापन के लिए आवंटित की गई है। दूसरी तरफ केजरीवाल सरकार की ओर से दावा किया गया है कि इस साल के बजट में विज्ञापन पर खर्च नहीं बढ़ाया गया



है।सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक टीवी इंटरव्यू में एक सवाल का जवाब देते हुए खुलासा किया कि मंगलवार को दिल्ली सरकार का बजट पेश नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा, आपको जानकर ताज्जुब होगा। भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है। कल सवेरे (मंगलवार को) दिल्ली सरकार का बजट आना है विधानसभा में, लेकिन केंद्र सरकार ने आज (सोमवार) शाम को हमारे बजट पर रोक लगा दी है। अब कल (मंगलवार) सुबह बजट नहीं आएगा। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को, डॉक्टर्स को, टीचर्स को, किसी को भी आज से सैलरी नहीं मिलने वाली है। आखिर ये चल क्या रहा है। दिल्ली सरकार के सूत्रों ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली के बजट पर रोक लगा दी है, इसी वजह से अब मंगलवार को दिल्ली का बजट पेश नहीं हो पाएगा। इस खुलासे के कुछ ही देर बाद केंद्र सरकार के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार का बजट रोका नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार से कुछ स्पष्टीकरण मांगा है। हर बात पर पहले ही सूत्रों के हवाले से खबर जारी करने वाली केंद्र सरकार ने बजट पर रोक के इस कारण को पहले क्यों स्पष्ट नहीं किया, यही चुनावी दंगल का पेंच है। केजरीवाल सरकार ने प्रचार-प्रसार पर खर्च को दो साल में दोगुना किया है, एलजी इस पर सफाई चाहते हैं। आयुष्मालन भारत समेत अन्यन केंद्रीय योजनाओं का फायदा दिल्लीय की जनता को क्यों  नहीं दिया जा रहा, एलजी ने इसपर भी स्पष्टीकरण मांगा है। उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 9 मार्च को ही कुछ टिप्पणियों के साथ दिल्ली सरकार के एनुअल फाइनेंशनल स्टेटमेंट 2023-24 को मंजूरी देकर फाइल मुख्यमंत्री को भेज दी थी। उसके बाद दिल्ली सरकार ने बजट पर राष्ट्रपति की मंजूरी लेने के लिए कानून के मुताबिक गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा था। गृह मंत्रालय ने 17 मार्च को दिल्ली सरकार को अपनी कुछ टिप्पणियों से अवगत कराया। बजट 21 मार्च को पेश होना था, लेकिन एलजी ऑफिस को सोमवार की शाम तक भी मुख्यमंत्री की तरफ से फाइल नहीं भेजी गई। इसी वजह से बजट पेश करने में दिक्कत आई है। दिल्ली सरकार के बजट को पेश करने से पहले केंद्र सरकार से मंजूरी लेने की जरूरत होती है। इसके बाद ही बजट सदन पेश किया जाता है। दिल्ली सरकार का बजट इस बार नए वित्त मंत्री कैलाश गहलोत को पेश करना था। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के जेल में होने की वजह से ट्रांसपोर्ट मंत्री को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इससे पहले कैलाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में दिल्ली आर्थिक समीक्षा को पेश किया था। आप सरकार के सूत्रों ने दावा किया कि कुल बजट 78,800 करोड़ रुपये का है, जिसमें से 22,000 करोड़ रुपये बुनियादी ढांचे पर खर्च के लिए हैं। सिर्फ 550 करोड़ रुपये विज्ञापनों के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञापन के लिए आवंटन राशि पिछले साल के बजट के समान ही है। इससे साफ है कि दिल्ली का दंगल दरअसल चुनावी मैदान पर कब्जे की कोशिश भर है। दिल्ली नगर निगम को तीन हिस्सों से मिलाकर एक करने के बहाने भी दिल्ली नगर निगम का चुनाव टाला गया था। नतीजा क्या निकला है, सभी के सामने है। अब दिल्ली के बजट को रोककर सरकारी कर्मचारियों की नाराजगी का कहर किस पर गिरेगा, यह समझना भी कठिन नहीं है। दरअसल सरकारी कर्मचारी इतना समझदार तो होता ही है कि किसकी क्या चाल है, इसे अच्छी तरह समझ सके। भाजपा के लिए समझने वाली बात है कि इस किस्म के अड़चनों से उसे चुनावी लाभ होने वाला है अथवा नहीं। दिल्ली सरकार की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में चाहकर भी भाजपा नेता खामी नहीं खोज पाये हैं। अब इस बहाने खोयी जमीन वापस पाने की कोशिश को कामयाबी मिलेगी या नहीं यह देखना वाली बात होगी।

# हमारी आदत ही पानी बचा सकती है

**22 मार्च जल दिवस विशेष**

*जल से जीवन है जुड़ा, बूंद-बूंद में सीख नहीं बचा तो मानिये, मच जाएगी चीख*

हर घर, नल से जल योजना 2019 में लॉन्च की गई। जल शक्ति मंत्रालय की इस स्कीम का उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में पाइप से पीने का पानी उपलब्ध कराना है और यह सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। वे जो टैरिफ तय करते हैं वह गांव में सभी के लिए समान नहीं होगा। जिनके घर बड़े हैं उन्हें अधिक भुगतान करना होगा, जबकि गरीब घर या ऐसे परिवार जहां कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है, उन्हें छूट दी जाएगी।

नीति आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट का सामना करते हैं और सुरक्षित पानी तक अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक, देश की पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जो लाखों लोगों के लिए गंभीर पानी की कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में 6% की हानि का संकेत है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि 84% ग्रामीण घरों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है, देश का 70% से अधिक पानी दूषित है।



**प्रियंका सौरभ**
स्तंभकार

जल जीवन मिशन ने 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है। यह जल शक्ति मंत्रालय के अधीन है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था। यह 2024 तक हर ग्रामीण घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) यह तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। .

इस पहल का भारत में ग्रामीण और शहरी समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है जैसे बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। उचित स्वच्छता और साफ पानी की आपूर्ति के अभाव में जलजनित रोग फैल सकते हैं। नल से जल पहल से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आ सकती है। सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के साथ, लोग उत्पादक गतिविधियों पर अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं, जैसे कि खेती, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत है। इससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि हो सकती है। इस पहल से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार की उम्मीद है, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आएगी।

पाइप द्वारा जल आपूर्ति तक पहुंच ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए समय और प्रयास की बचत करेगी, जो परंपरागत रूप से दूर के स्रोतों से पानी एकत्र करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्वच्छता तक पहुंच में वृद्धिः इस पहल से स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच भी बढ़ेगी, क्योंकि घरेलू शौचालयों के लिए पाइप जलापूर्ति का उपयोग किया जा सकता है। पहल भूजल स्रोतों पर निर्भरता को कम करेगी, जो भूजल संसाधनों के संरक्षण में मदद करेगी और समग्र पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देगी।

नल से जल पहल, जिसका उद्देश्य 2024 तक हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है, कई चुनौतियों का सामना करती है। नल से जल पहल को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पाइप वाली जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है, जिसमें पाइप, पंप और उपचार संयंत्र शामिल हैं। पहल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग की आवश्यकता होती है, और सरकार को इस पहल के लिए पर्याप्त फंडिंग हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

पहल की सफलता स्थानीय स्तर पर योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक क्षमता पर भी निर्भर करती है। पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है। कुछ राज्यों में जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर अंतर्राज्यीय विवाद हो सकते हैं, जो पहल की प्रगति को बाधित कर सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन जल संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है, और इसलिए, पहल की स्थिरता।मिशन पानी के लिए सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और इसमें मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल है। जेजेएम पानी के लिए एक जन आंदोलन बनाना चाहता है, जिससे यह हर किसी की प्राथमिकता बन जाए। केंद्र और राज्यों के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10, अन्य राज्यों के लिए 50:50 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100% है।

आजादी के 70 साल बाद भी, लगभग 50% भारतीय लोग पीने के पानी तक पहुंच नहीं पाते हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग सरकार ने इसके लिए काम किया है, लेकिन वास्तविकता एक ही है कि देश के लोगों, विशेषकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। इसलिए लाल किले से पीएम मोदी ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्यों के साथ साझेदारी में लागू किया जाता है। इसका उद्देश्य 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता का पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

केंद्रीय सरकार ने पीएम जल जीवन मिशन के तहत 3.6 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। पीएम ने भारत को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने पर भी भरोसा जताया है। यह मिशन सेवा वितरण पर केंद्रित है न कि आधारभूत संरचना निर्माण पर। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न राज्यों, गांवों और स्थानीय निकायों को इसके प्रति एक मजबूत अभियान बनाने का श्रेय दिया है। नल से जल पहल का उद्देश्य 2024 तक ग्रामीण भारत में हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है। इस पहल का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है, और यह पानी और स्वच्छता तक सार्वभौमिक पहुंच के व्यापक लक्ष्य में योगदान देता है।

# कन्याओं को पूजिए ही नहीं, उन्हें सक्षम बनाइये, आत्मसुरक्षा भी सिखाइये

**अशोक मधुप**

नवरात्र में अधिकांश हिंदू परिवार घर में मां के कलश की स्थापना करते हैं।इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है।देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है।उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है।सदियों से चली आरही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिंमाए ही नहीं।उन्हें शिक्षित करें।उन्हें आत्मसुरक्षा भी सिखाए।उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं। ज्यादति के खिलाफ बोलना भी बताएं।

नवरात्र देश भर में अलग -अलग रूप में मनाए जाते हैं।पूजा अर्चन की जाती है।सबका तात्पर्य यह ही है कि देवी शक्ति की पूजा कर हम उनसे अपने और समाज के कल्याण का आशीर्वाद मांगे।स्वस्थ समाज की मांग करें। ये सब कुछ सदियों से चला आ रहा है। आज समय की मांग है कि हम आगे बढ़े।वक्त की जरूरत के साथ परिवर्तन करें।आज देश की देवियां ,महिलाएं, मातृशक्ति विकास के हर क्षेत्र में अपना योगदान कर रही हैं।कार तो बहुत समय से चलाती रही हैं। अब ये आटो, ट्रक,ट्रेन ,मालगाड़ी भी चलाने लगीं हैं।ये प्लेन उड़ा रही हैं। अब तो सेना में जाकर बार्डर की हिफाजत भी महिलाएं कर रही हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमान भी उड़ा रहीं हैं। उन्हें नियंत्रित कर रही हैं।

कभी गाना , बजना, नाचना महिलाओं की कला थी। उसमें उन्हें पारंगत करने के साथ- साथ पुराने समय से परिवार की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई, मुनाई,अनाज पिसाई,छनाई के साथ घर के कामकाज भोजन बनाने में आदि में निपुण किया जाता था। ताकि वह समय की जरूरत के हिसाब के शादी के बाद अपने परिवार को संभाल सकें। इस समय शिक्षा पर उतना जोर नही था। परिवार की जरूरतें बढ़ी तो पढ़ी लिखी महिंलाए घर की चाहरदीवारी से निकलीं। नौकरी करने लगीं। बिजनेस में परिवार को सहयोग देने लगीं।समय बदला ।महिलाएं आज शिक्षित हो सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। नौकरी के लिए अकेली युवती का विदेश जाना अब आम हो गया।

साहित्य

# हिंदू नववर्ष के साथ नौ माताओं का पर्व



**संजीव ठाकुर**
स्तंभकार

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है' यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है' द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है।

**नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है।**

जानकारी

# 'बेलपत्र', कई बीमारियों को झट से करता है दूर

हेल्थ एक्सपर्ट रोजाना भोजन में बेल के पत्तों को शामिल करने की सलाह देते हैं. इसका खाली पेट सेवन करना स्वास्थ्य के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है.

बेलपत्र या बेल के पत्तों का भारत में खास महत्व है. क्योंकि इन्हें भगवान शिव को चढ़ाया जाता है. धार्मिक महत्व के अलावा बेलपत्र सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. ये कैल्शियम और फाइबर के साथ-साथ विटामिन अ, उ, इ1 और इ6 जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि बेल के पत्ते कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार हैं. रोजाना इसका सेवन करने से पेट से जुड़ी दिक्कतों से राहत मिलती है. इसके अलावा, ये दिल के स्वास्थ्य और लीवर को भी बेहतर बनाने का काम करते हैं. बेलपत्र में फाइबर ज्यादा होता है. यही वजह है कि इसे पेट के लिए फायदेमंद माना जाता है. रोजाना बेलपत्र का सेवन करने से एसिडिटी, गैस और इनडाइजेशन की समस्या से छुटकारा मिलेगा. साथ ही साथ कब्ज की दिक्कत भी दूर होगी. जिन लोगों को बवासीर है, उनके लिए खाली पेट बेलपत्र खाना फायदेमंद साबित हो सकता है. बेलपत्र डाइजेशन सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करता है. इससे पेट की सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं. रोज सुबह बेलपत्र खाने से शरीर को ठंडा रखने में मदद मिलती है. दरअसल बेलपत्र की तासीर ठंडी होती है. यही वजह है कि अगर आप बेलपत्र का सेवन करेंगे तो आपका शरीर पूरे दिन के लिए ठंडा रहेगा. गर्मियों के मौसम में बेलपत्र का सेवन करना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है. इससे मुंह में छाले की समस्या भी दूर होती है. बेलपत्र डायबिटीज के मरीजों के लिए भी काफी फायदेमंद है. डायबिटीज के मरीज रोजाना सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन कर सकते हैं.

# स्मार्टफोन से ऐसे निकालते हैं सोना!



साइबर दुनिया

स्मार्टफोन में काफी महंगे कंपोनेंट्स का इस्तेमाल किया जाता है जिसकी वजह से इसकी कीमत ज्यादा होती है, एक कंपोनेंट ऐसा है जिसे बेचकर लोग लखपति बन रहे हैं. आप में से शायद बहुत सारे लोग यह बात जानते होंगे कि स्मार्टफोन को तैयार करने में सोने का इस्तेमाल किया जाता है और वजह यह है कि सोना गुड कंडक्टर होता है और चिप वगैरह में इसका इस्तेमाल किया जाता है जिससे स्मार्टफोन थोड़ा महंगा हो जाता है. आपको बता दें कि स्मार्टफोन के सिर्फ कुछ ही हिस्सों में सोने का इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि यह जरूरत से ज्यादा महंगा होता है और अगर इसका इस्तेमाल किया जाए तो स्मार्टफोन की लागत और भी ज्यादा बढ़ जाएगी. जो लोग इस बात को जानते हैं उन्होंने अब एक नया बिजनेस शुरू कर दिया है जिसमें पुराने स्मार्टफोन को लेकर उनके अंदर मौजूद सोना बाहर निकाल लिया जाता है. यह प्रोसेस आसान तो बिल्कुल भी नहीं है. अगर आपको लगता है कि आप भी अपने स्मार्टफोन में मौजूद सोने को बाहर निकाल सकते हैं तो आज हम आपको इसके प्रोसेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिससे आप समझ सकते हैं कि ऐसा कर पाना आसान है या मुश्किल. आपको आगर लग रहा है कि स्मार्टफोन में काफी ज्यादा सोने का इस्तेमाल होता है तो ऐसा नहीं है क्योंकि आपको 1 ग्राम सोना प्राप्त करने के लिए 41 मोबाइल फोन की जरूरत होगी. अब आप खुद ही समझ सकते हैं कि आपके स्मार्टफोन में कितना सोना मौजूद है. भारत में 1 ग्राम सोने की कीमत तकरीबन 5870 रुपये है.

ऐसे में आप अगर 41 फोन से सोना निकालेंगे तब जाकर इस रकम तक पहुंच सकते हैं. तो ये लगता तो काफी ज्यादा है लेकिन आपके स्मार्टफोन में जितना सोना मौजूद है वो असल में आपके किसी काम नहीं आने वाला है. इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप से सोना निकालने के दो मानक तरीके हैं जिनमें सबसे पहले, उच्च तापमान का इस्तेमाल करके करके सोने को जलाना, दूसरे तरीके में साइनाइड के घोल जैसे लीचिंग रसायन शामिल हैं, जो महंगा और जहरीला भी है, साथ ही शेष कचरे को पुनर्नवीनीकरण नहीं किया जा सकता है.

**टॉप ट्वीट**

'एक दूसरे पर भरोसा. अगर ऐसा होगा तो कभी अलग नहीं हो सकते. मुझे इसी तरह से माना चाहिए. मेरा हाथ हमेशा उसका हाथ ढूंढता है.

**सुनील शेट्टी अभिनेता**





'मुझे सेक्स सिंबल कहलाना बहुत पसंद है, इससे मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है. प्लेन जेन कहलाने के बजाय मैं सेक्स सिंबल कहलाना पसंद करुंगी. इस टैग से मैं बहुत खुश हूं'. ...

**मलायका अरोड़ा अभिनेत्री**

संपादक के नाम पत्र

## हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्रवाई स्थगित

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लंदन में दिए बयान और अडाणी मामले में जेपीसी को मांग को लेकर दोनों पक्षो के बीच घमासान आज सातवे दिन भी बरकरार है ।कांग्रेस अडाणी के मामले में जेपीसी की मांग कर रही है तो भाजपा राहुल के लंदन में दिए गए लोकतंत्र के खिलाफ बयान के लिए माफी की मांग कर रही है ।लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध कायम है ।कई दिनों से सदन को स्थगित करनी पड़ रही है ।नेताओ को कोई फर्क नही पड़ता है ।एक दिन सदन को स्थगित करने पर जनता की मेहनत की करोड़ो की कमाई खर्च होती है ।सात दिनों से सदन में कोई काम नही हुई है ।उसका जिम्मेदार कौन है ? मल्लिकार्जुन खगड़े ने विपक्ष से मिलकर भाजपा को घेरने की कोशिश की है ।हिड़नबर्ग और अडाणी को लेकर हंगामा खड़ा कर जेपीसी की मांग को लेकर कांग्रेस ने नारे बाजी कर हंगामा खड़ा कर दिया ।राहुल से माफी मंगवाने और भाजपा से जेपीसी की मांग से सदन सातवे दिन भी बैकफुट पर है ।देश की जनता की समस्याओं के निपटारे के लिए लगने वाली सदन में बेमतलब बवंडर फैलाकर सदन का मूल्यवान समय नष्ट किया गया ।मल्लिकार्जुन ने कहा राहुल माफी नही मांगेंगे। भाजपा के रास्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल पर भारतीय राजनीति के आज के मीर जाफर है ।वे भारत के साहेबजादे है जो नवाब बनने के लिए लंदन में बयान देते है ।भाजपा कहती है कि राहुल को माफी मंगवाकर रहेंगे। लेकिन कांग्रेस ने कहा माफी नही मांगेंगे। इस दोनों पार्टियों की जिद्द ने सदन का कीमती समय नष्ट हुआ है। दोनों दलों की इस रवैये से जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो रही हैं ।सदन के कार्य होने चाहिए ।सदन देश की धुरी है ।सदन स्थगित करने पर देश के महत्वपूर्ण मसले ठंडे बस्ते में चले जाते है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

प्रतिबंध

## रामनवमी जुलूस पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष

# राम काज किन्हें, बिनु मोहि कहां विश्राम: मनीष



इसी दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों को 107 का नोटिस भेजा गया और चलंत डीजे पर पूर्णतः पाबंदी लगाई गई

राष्ट्रीय खबर

**हजरीबाग :** हजारीबाग राम काज किन्हें, बिनु मोहि कहां विश्राम त्रेता युग के इसी ध्येय वाक्य को लेकर भगवान हनुमान प्रभु श्री राम के कामों में बगैर किसी विश्राम के लगे। लंका विजय तक बिना किसी विश्राम के हनुमान जी ने राम काज किया, ठीक उसी तरह कलयुग में भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव यानी रामनवमी महापर्व को झारखंड राज्य के उत्तरी छोटानागपुर मुख्यालय जिला हजारीबाग की पावन धरती में सदियों से चली आ रही परंपरा के मुताबिक निर्वहन कराने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए हिंदू हृदय सम्राट हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल दिन- रात सतत प्रयत्नशील है। महामारी कोविड-19 के नाम पर जुलूस पर पाबंदी लगाने का प्रयास किया गया तो इसका विधायक मनीष जायसवाल ने मुखरता से विरोध किया और जुलूस निकालने की अनुमति दिलाई। वर्तमान वर्ष 2023 में मंगला जुलूस के आगाज के साथ ही हजारीबाग के पारंपरिक रामनवमी के स्वरूप को बदलने की कवायद सरकार और प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई। पहले तो धारा 144 लगा दिया गया और उसके बाद कोविड-19 का प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने के बावजूद कोबिट प्रोटोकॉल का अनुपालन करने और पारंपरिक हथियार लाठी तक मंगला के प्रथम जुलूस में पाबंद कर दिया गया। जिसका विरोध करने पर हजारीबाग के 09 लोगों पर नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों एफआईआर की कारवाई की गई। इसी दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों को 107 का नोटिस भेजा गया और चलंत डीजे पर पूर्णतः पाबंदी लगाई गई। जिसके विरोध में कई लोग आमरण अनशन पर बैठे हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने प्रथम मंगला जुलूस के पहले से ही सदन पटल पर इस मामले को लेकर आवाज बुलंद करते रहें हैं। उसके बाद लगातार जिला प्रशासन से वार्ता करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी और फिर सदन पटल पर मामले को लेकर गूंजते रहे। मंगलवार को इस मामले को लेकर विधायक मनीष जायसवाल ने सदन के वेल पर आकर कुर्ता फाड़ दिया। उनके बनियान में भी जय श्री राम लिखा था। हजारीबाग की ऐतिहासिक और विश्वविख्यात रामनवमी की एक अलग पहचान है। हजारीबाग की रामनवमी यहां के एक-एक जन के रोम-रोम में उल्लास, उमंग, श्रद्धा और भक्ति के रूप में बसा है। यहां की रामनवमी लोकआस्था का प्रतीक भी है। हजारीबाग का रामनवमी का मतलब सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारगी, तहजीब, समृद्धि, सांस्कृतिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक रहा है। यहां की रामनवमी मतलब केसरिया परचमों की पुड़पुडाहट, लोगों का एक जुनून, एक जोश, एक खुमार, सड़कों पर उतरता विशाल जनसैलाब, बच्चे- बूढ़े, जवान, नर- नारियों की भीड़-भाड़, गुलजार ऐतिहासिक झांकियों का कतार बद्ध कारवां, नन्हें-नन्हें विद्युतीय वोल्वो से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आंखें, ताशों की पूर्ण झंकार, नगाड़ों की गड़गड़ाहट, पांवों की थीरकन, लाठियों की तड़तड़ाहट, टुकड़ों पर शोर करते डीजे का जोर आदि है। इस उत्साह को बरकरार रखने के लिए हजारीबाग वासियों की श्रद्धा, भक्ति और लोक आस्था को ध्यान में रखते हुए अगर विशेष परिस्थिति में भी रामनवमी की पारंपरिक जुलूस पर लगाए गए पाबंदी हटाकर निकालने की अनुमति सरकार और प्रशासन द्वारा दी जाती है तो सरकार और प्रशासन के प्रति राम भक्तों में सकारात्मक संदेश जाएगा और लोग भक्तिभाव से अपने आदर्श मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को पारंपरिक तरीके से मना सकेंगे।

## न्यूज फटाफट

### मधुबन,अधिकारी के आदेश के बाद भी नहीं हट रहा रोड पर लगा तोरणद्वार जेवियर्स....



**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में जगह जगह लगाए गए बड़े बड़े बेनर,होडिंग गेट तोरणद्वार के कारण आय दिन कई घटनाएं होते रहती है। बता दे कि कुछ दिन पहले निहारिका भवन के पास गुणायतन संस्थान का लगा तोरणद्वार अचानक उस वक्त गिर गया जब वहां से एक ऑटो गुजर रहा था वेसे ही एक दिन एक मोटरसाइकिल सवार पर भी तोरणद्वार जा गिरा था। गेट गिरने से बाल बाल बच गए टेम्पू सवार लोग एवं मोटरसाइकिल चालक। मधुबन में जगह जगह लगे ऐसे तोरणद्वार को हटवाने को लेकर इसकी जानकारी मधुबन थाना प्रभारी राजू मुंडा को दी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी ने लगे तोरणद्वार से सम्बंधित संस्थाओं को सूचित कर हटवाने का निर्देश दिया। बावजूद अभी तक कोई तोरणद्वार नही हटाया गया है। हालांकि पूरे मधुबन में ऐसे कई बड़े-बड़े होर्डिंग गेट सड़क पर कई महीनों से लगे हुए हैं। बड़े-बड़े होर्डिंग तो लगा दिया जाता है लेकिन इसे कभी देखा नहीं जाता है कि यह मजबूती से लगा हुआ है या नहीं और कार्यक्रम खत्म होने के बाद होर्डिंग को हटाया भी नहीं जाता। जिससे सड़क पर गुजर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओर आने वाले समय मे तोरणद्वार के नाम पर सड़क पर कब्जा बनी रहती है। ओर किसी कार्यक्रम में तोरणद्वार लगाना मुश्किल हो जाता है।

### वन विभाग की ओर से स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा गया



**पीरटांड़ :** वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों में पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मंगलवार को साहिबगंज के उधवा नेशनल पार्क एवं फोसिल पार्क भेज गया है। बच्चों को रवाना करने से पहले पारसनाथ वन क्षेत्र प्रभारी रेंजर एसके रवि ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए पारसनाथ वन क्षेत्र में आने वाले तीन स्कूल का चयन किया गया था।जिसमे उत्क्रमित मध्य विद्यालय जयनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय विरनगड़ा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बदगावां के लगभग 50 छात्रों एवं कुछ शिक्षकों को भी साथ मे शैक्षणिक भ्रमण के लिए साहिबगंज के उधवा नेशनल पार्क एवं फोसिल पार्क मंडरो भेजा गया है। मौके पर पारसनाथ वन क्षेत्र प्रभारी वनपाल अक्षय कुमार सिन्हा, उन्नति विष्णु किस्कु, संजय पंडित के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### अवैध संबंध में बेटे ने मां के आशिक को उतारा मौत का घात

**साहिबगंज :** अवैध संबध का अंत हमेशा दर्दनाक ही होता है। ऐसा ही एक मामला जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के बड़ा जमनी उपर टोला में मंगलवार की सुबह घटित हुई। जहां बेटे ने ही अपने मां के आशिक मदन हेंब्रम(35) की जान ले ली। सूचना पर पहुंची तालझारी थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू शुरू करते हुए आरोपी बेटे को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और गांव के ग्रामीणों के अनुसार बड़ा जमनी ऊपर टोला गांव निवासी रैला मरांडी की तकरीबन 40 वर्षीय पत्नी का पिछले कुछ समय से बरहेट थाना क्षेत्र के बोड़ बांध निवासी मदन हेंब्रम के साथ अवैध संबंध था। मदन उक्त गांव में कुछ समय से काम करने के सिलसिले में रहा था। वह गांव के ग्राम प्रधान लखन सोरेन का साला था। इसी दौरान उसका रैला मरांडी की पत्नी से पहले जान पहचान हुई थी बाद में यह अवैध संबंध में तब्दील हो गया था। इसकी भनक महिला के परिजनों के अलावा गांव वालों को भी हो गई थी। इस संबंध को लेकर परिजनों ने कई बार विरोध भी जताया था। लेकिन इससे दोनों के अवैध संबंध पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। इससे नाराज महिला के पुत्र राजन मरांडी(20) काफी नाराज चल रहा था। मंगलवार की सुबह मदन सोरेन को अपनी मां के साथ पाया तो वह आपे से बाहर ही गया। इस क्रम में बेटे राजन ने पहले लाठी-डंडे से मार-पीटकर मदन को बुरी तरह से घायल कर दिया। इससे भी उसका गुस्सा ठंडा नहीं हुआ, ती उसने तेज धारदार हथियर से मदन के ऊपर एक के बाद एक कई बार जानलेवा हमला किया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बाद में ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तालझारी थाना पुलिस को दी। मिली सूचना पर थाना प्रभारी प्रमोद टुडू की अगुवाई में तालझारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेजते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस में मामले के आरोपी सह हत्यारे बेटे राजन को भी दबोच लिया। उसने पूछताछ में पुलिस के समक्ष की मदन की हत्या करने की बात को भी स्वीकारा। थाना प्रभारी प्रमोद टुडू ने बताया ग्राम प्रधान लखन सोरेन और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव के रैला मरांडी के पत्नी का अवैध संबध बरहेट क्षेत्र के निवासी मदन सोरेन के साथ चल रहा था। जिससे नाराज बेटे राजन ने अपनी मां के आशिक की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन कर रही है।

### रामनवमी महासमिति की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड रामनवमी महासमिति हरली की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में हरली पूजा समिति अध्यक्ष राम सुंदर महतो की अध्यक्षता में की गई जिसका संचालन संयोजक उमेश दांगी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी संतोष राणा ने किया। बैठक में हरली मे वर्षो से लगने वाले रामनवमी मेला को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रत्येक गांव व अखाड़ा से आए अध्यक्ष ,सचिव एवं प्रबुद्ध जनों से विचार लिए गए जिसके बाद महासमिति की ओर से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेला में जुलूस व झांकी तथा झंडा लेकर आने वाले गांव व अखाड़ों को नियत समय का पालन करना अनिवार्य होगा जिसके लिए बिश्रामपुर, पिपराडीह , शिवाडीह, सांढ़-छपेरवा, सोनपुरा, तलाशवार, गंगादोहर, गोसाई बलिया के जुलूस व झांकी को शाम 7 बजे विवाह भवन हरली तक पहुंचना अनिवार्य होगा। वही मोतरा के झंडा व जुलूस को 2 दोपहर बजे बादम में गोंदलपूरा, जोराकाठ, चपरी के साथ मिलान कर 3:30 दोपहर हरली हाई स्कूल के समीप महगाई कला, महंगाई खुर्द के झंडा जुलूस के साथ मिलकर 4:30 बजे तक मेला स्थल पहुंचना अनिवार्य होगा जिसके बाद 4:45 में विधिवत नियत समय के अनुसार मोतरा झंडा को हरली मेला स्थल से प्रस्थान किया जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### नगर निगम हजारीबाग की स्थाई समिति की बैठक संपन्न हुई

**हजारीबाग :** हजारीबाग परिसदन भवन हजारीबाग में नगर निगम हजारीबाग की स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य रूप से बजट पर चर्चा की गई। जिसमें मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण, शहर में पार्किंग की व्यवस्था, अम्रुत योजना के तहत तालाबो का जीर्णोद्धार, जलापूर्ति की उचित व्यवस्था जैसे विषय शामिल है। सरहुल तथा रामनवमीं पर्व को देखते हुए संबंधित विषय पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने सरहुल मैदान को युद्धस्तर पर सफाई कराने का निदेश दिया तथा वहाँ की नाली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का निदेश दिया।

### एमेजिंग एक्सपो का हुआ पोस्टर लॉन्च

**हजारीबाग :** हजारीबाग झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन सेंट्रल द्वारा आगामी 8 अप्रैल 2023 को राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश तना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले चौथे झारखंड अमेजिंग एक्सपो- 2023 का पोस्टर बीते रविवार की देर शाम को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने संयुक्त रूप से लांच किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड के फोटोग्राफर टेक्नोलॉजी के मामले में अन्य राज्यों से आगे हैं और लगातार इनके संगठन के द्वारा समाजहित और फोटोग्राफरों के हित में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा की हजारीबाग फोटोग्राफी एसोसिएशन सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती है और मानवीय मूल्यों के प्रति भी संवेदनशील है। हजारीबाग फोटोग्राफी एसोसिएशन के अध्यक्ष बिरजू कुमार और सचिव राजेश कुमार सिन्हा और बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि चौथे झारखंड अमेजिंग एक्सपो में दैनिक फोटोग्राफी कार्यशाला, फ्री कैमरा चेकअप, दैनिक फैशन शो, प्रतिदिन निशुल्क बस सेवा रांची स्टेशन से और बस स्टॉप से कार्यक्रम स्थल तक, फोटोग्राफी प्रतियोगिता और झारखण्ड इमेजिंग एक्सपो फैशन वीक 2023 मुख्य आकर्षक कार्यक्रम होंगे। पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम के अवसर पर विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, इन्द्रनारायण कुशवाहा, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा, एचपीए संगठन के कोषाध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सोनू कुमार, उप सचिव विजेंद्र शर्मा, उपाध्याय संजू केसरी, सदस्य दीपक यादव, अनमोल ठाकुर, उदय ठाकुर पंकज पाठक , सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## विजया पंचायत के प्रमुख ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**बरही :** बरही प्रमूख मनोज रजक ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर एक मेमोरंडम भेंट किया। मेमोरंडम मे बरही प्रखंड के विकास कार्यों की चर्चा एवं परिचर्चा थी। साथ ही प्रमुख रजक ने मुख्यमंत्री से मेमोरंडम के जरिये मांग किया कि : सर्वप्रथम 15 वें वित में विकास कार्यों को 15 % से बढ़ाकर 25% किया जाय। साथ ही प्रमुख को सरकारी वाहन की व्यवस्था की जाय। दूसरी बरही क्षेत्र में अभी भी बहुत से गांव ऐसा है जहां सड़क नही पहुंचा है उन सभी ग्राम में सड़क अविलंब बनाया जाय। और तीसरी बरही प्रखंड के विजया पंचायत जो प्रखंड से 30 किलोमीटर की दूरी में स्थित है, जो सुदरवर्ती इलाका है। इस क्षेत्र को अलग प्रखंड एवं थाना बनाया जाय। इन सभी मांगों को लेकर प्रमुख ने मुख्यमंत्री को मेमोरंडम सौंपा। वही मुखमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्याओं से अवगत होकर प्रमुख रजक को आश्वस्तवस्त किया कि जल्द आपके आवेदन पर कार्य होगा

विभाग के सामाजिक दायित्ववों की कुलपति ने मुक्त कंठ से की सराहना

## राजनीति विज्ञान विभाग में रोटी दान कार्यक्रम का आयोजन



कुलपति ने रोटी बैंक के संचालक को सौंपी रोटी भरी 2 कंटेनर

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में मंगलवार को रोटी दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सादे समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की। कुलपति डॉ0 मुकुल नारायण देव ने इस अवसर पर बतौर मुख्य संरक्षक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति विज्ञान विभाग का यह कार्यक्रम प्रशंसनीय है जो विद्यार्थियों को अन्न दान के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक विद्यार्थी अपने हिस्से के रोटी को जरूरतमंदों को देखकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और इससे देश सशक्त होता है। कुलपति ने विभाग की ओर से दिए गए रोटी से भरे दो कंटेनर रोटी बैंक के संचालक मोहम्मद खालिद को सौंपते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज को मोहम्मद खालिद की सेवा भावना से सीख लेनी चाहिए। मालूम हो कि कोरोना काल में भी राजनीति विज्ञान के विभागीय शिक्षक इस अभियान को जारी रखते हुए रोटी बैंक के संचालक को हमेशा आर्थिक सहायता देकर जरूरतमंदों की अप्रत्यक्ष रूप से सेवा करने का काम किया है। कार्यक्रम में डॉ अजय बहादुर सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, रुखसाना समेत कई शोधार्थी एवं सेमेस्टर 2 एवं चार के विद्यार्थी मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में फूड फोर्टिफिकेशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा विभाग,जिला आपूर्ति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तकनीकी सहयोग के लिए अभिषेक कुमार स्टेट लीड,पार्थ झारखंड को नामित किया गया था। स्टेट लीड ने विस्तार पूर्वक फूड फोर्टिफिकेशन खासकर (चावल फोर्टिफिकेशन) को लेकर चावल मिलरों,जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को चावल फोर्टिफिकेशन की महत्ता,आवश्यकता, उपयोग एवं लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने राइस मिलरो को एफएसएसएआई लाइसेंस में इंडर्शमेंट ऑफ फोर्टिफिकेशन,गुणवत्ता,शेल्फ लाइफ,लेबलिंग एवं सही रखरखाव की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर,खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। चावल, गेहूं, तेल, दूध और नमक जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों में आयरन, आयोडीन, जिंक, विटामिन ए और डी जैसे प्रमुख विटामिन और खनिजों को शामिल करना फोर्टिफिकेशन है, ताकि उनकी पोषण सामग्री में सुधार हो सके। हो सकता है कि ये पोषक तत्व प्रसंस्करण से पहले भोजन में मूल रूप से मौजूद हों या न हों या प्रसंस्करण के दौरान खो गए हों। पोषक तत्वों को मुख्य खाद्य पदार्थों में जोड़ा जाता है क्योंकि वे व्यापक रूप से उपभोग किए जाते हैं। इस प्रकार, यह आबादी के एक बड़े हिस्से के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए एक ही बार में एक उत्कृष्ट तरीका है। यह लोगों में पोषण सुधारने का एक सुरक्षित तरीका है। भोजन में सूक्ष्म पोषक तत्वों को शामिल करने से लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा नहीं होता है। जोड़ी गई मात्रा कम है और अनुशंसित दैनिक भत्ते (आरडीए) के तहत है और सुरक्षित खपत के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार अच्छी तरह से विनियमित है। यह एक लागत प्रभावी हस्तक्षेप है और इसमें लोगों के खाने के पैटर्न या खाने की आदतों में किसी भी तरह के बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

## रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने का लिया संकल्प : हर्ष

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर का विश्वविख्यात रामनवमी पर्व को लेकर हर राम भक्तों का हौसला दिन पर दिन बुलंद होते जा रहा है। मंगलवार को श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव से रामनवमी सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा एवं हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रामनवमी को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करने का संकल्प लिया गया। संकल्प के साथ शहर के विश्वविख्यात रामनवमी पर्व में जुलूस मार्ग में झंडा लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी अखाड़ा धारियों से आग्रह किया जाएगा कि आप जुलूस के दौरान पारंपरिक गीत बजाएं। जिसके बीच रामनवमी पर कई अहम मुद्दे पर चर्चा हुई। अहम मुद्दों में राम भक्तों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर भी विशेष चर्चा हुई। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव इस वर्ष हजारीबाग शहर में ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया गया है। संकल्प के बीच हम सभी एकजुटता के साथ प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाएंगे। साथ ही कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से राम भक्तों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल व्यर्थ नहीं जाएगा। मौके पर श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने कहा कि हम सब को मिलकर रामनवमी ऐतिहासिक रूप से मनाना है।

दायित्व

अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 60 मरीजों को प्रदान किए अंतिम चरण के पोषण किट

## गोंदलपुरा खनन परियोजना: सीएसआर के तहत लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए हुए टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच अंतिम चरण के पोषण किट का वितरण किया। इससे पहले पांच चरणों के तहत इनके बीच पोषण आहार किट का वितरण किया जा चुका है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत सोमवार को बांटे गए इस किट में हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। और कहा कि टीवी मुक्त क्षेत्र बनाने। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 बीएन प्रसाद ने कहा, अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी। हमारी इच्छा है कि अदाणी फाउंडेशन इस कार्यक्रम को लगातार जारी रखे, ताकि अधिक से अधिक टीबी मरीजों को इसका लाभ मिल सके। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है।

**जनता दरबार** उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

# अधिकारियों को निष्पादन का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर (पलामू):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको निवासी जयप्रकाश प्रजापति ने उपायुक्त से शिकायत किया कि नावा बाजार के अंचल पदाधिकारी द्वारा वंशावली प्रमाण पत्र निर्गत नही किया जा रहा है। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरजा निवासी श्रवण कुमार साहू ने उपायुक्त से अपनी कृषि भूमि क्षेत्र में गहरी डीप बोरिंग करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह जनता दरबार में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मंतोष कुमार सहित कई क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास एवं भीमराव अंबेडकर आवास दिलाने का अनुरोध किया।



इसी तरह हरिहरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया के ग्रामीणों ने उपायुक्त से राजकीय मध्य विद्यालय सलैया हरिहरगंज में हो रही अनियमितता की शिकायत की। इसी तरह खनवां पंचायत के बिजय कुमार महतो और मोहम्मदगंज के शिला कुमारी ने उपायुक्त से केसीसी लोन माफ करने का अनुरोध किया। इसी तरह ग्राम मंझौली के पूनम कुमारी ने उपायुक्त से आंगनबाड़ी सेविका पद के चयन में भारी गड़बड़ी होने की शिकायत की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के नए अध्यक्ष बन सकते हैं पूर्व डीजीपी कृष्ण स्वरूप द्विवेदी

- सिपाही केंद्रीय चयन परिषद में अध्यक्ष पद पर तीन साल अधिक दिए हैं सेवा
- मुख्यमंत्री जी यह कैसा सुशासन बार-बार दमाद और ससुर पर क्यों मेहरबानी?

दीपक नौरंगी

**पटना:** बिहार में नीतीश कुमार के सुशासन में ससुर और दमाद पता नहीं इन दिनों क्यों सुर्खियों में बने हैं आईएएस और आईपीएस में चर्चा है कि नीतीश कुमार के सुशासन में पूर्व डीजीपी केएस द्विवेदी जिनका पूरा नाम है कृष्ण स्वरूप द्विवेदी इन दिनों बिहार में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बीच खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं कई महीनों से चर्चा थी कि इनके दमाद पटना के सीनियर एसपी बनाया जाएगा और आखिर सीबीआई से लौटे 2010 बैच के राजीव मिश्रा को ही पटना का नया सीनियर एसपी बनाया गया बिहार में नीतीश कुमार का सुशासन है और तबादले और पोस्टिंग पर सवाल जब उठता है कि कई महीने पहले ही चर्चा होने लगे कि फलना पुलिस वरीय पदाधिकारी पटना का सीनियर एसपी बनेगा और फलना पूर्व डीजीपी बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का नया अध्यक्ष बनेगा क्योंकि



पोस्टिंग होने से कई महीनों पहले इन तरह की चचाएं और सुर्खियां होना राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी हो जाता है इससे पहले पूर्व डीजीपी के एस दिवेदी सिपाही चयन परिषद के अध्यक्ष पद पर तीन साल की अवधि पूरा करने के बाद भी राज्य सरकार की मेहरबानी ऐसी रही कि उनको और छह महीने कार्य अवधि बढ़ा दी गई इन दिनों कई महीने से चर्चा है कि चार अप्रैल को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष सुमित कुमार का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और इस पद पर राज्य सरकार ने मन बना लिया है कि पूर्व डीजीपी केएस द्विवेदी को ही पद पर पोस्टिंग दी जा सकती है पता नहीं बिहार पुलिस मुख्यालय से लेकर आईएएस और आईपीएस महकमे में इन दिनों के दिवेदी खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं क्या सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को हो रही चर्चा और सुर्खियों के बारे में जानकारी है या नहीं यह बता पाना कठिन होगा लेकिन पोस्टिंग से पहले चर्चा होना और बाद में पोस्टिंग हो जाना इस को लेकर राज्य सरकार की किसी न किसी रूप में बदनामी देखी जाती है।

### डीएम और कई डीएसपी का भी हो सकता है तबादला

बिहार विधानसभा सत्र समाप्त हो जाने के बाद आईएएस और डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला होने की बात भी सुर्खियों में है कई जिले के डीएम रैंक के प्रशासनिक अधिकारियों को दो साल कार्य अवधि से भी अधिक हो चुका है बताया जाता है कि चार डीएसपी अपने पद से रिटायर कर चुके हैं उनका पद रिक्त पड़ा है ऐसे में राज सरकार कई डीएम और डीएसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला कर सकती है।

# सदर अस्पताल से बच्चे के बेचे जाने के मामले में जांच का आदेश

राष्ट्रीय खबर

**चतरा:** झारखंड के चतरा जिला सदर अस्पताल से नवजात के बेचे जाने की खबर के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने सिविल सर्जन के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) की संयुक्त टीम का गठन कर जांच के आदेश दे दिया हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि मामले में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम आरोपी सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ करते हुए बेचे गए नवजात को बरामद करने में जुट गई है। मामला सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के दिभा मोहल्ला इलाके की है। यहां की गर्भवती आशा देवी को सोमवार के दोपहर प्रसव पीड़ा के बाद परिजनों ने डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के देखरेख में देर शाम महिला का प्रसव कराया गया। आरोप है कि महिला के प्रसव के चंद घंटे बाद ही देर रात मौके पर मौजूद सहिया डिंपल देवी ने महज एक लाख रुपये में ही नवजात का सौदा करा कर उसकी मां से बच्चे को बेचवा दिया। इतना ही नहीं अस्पताल में लगे कैमरे से बचने के लिए सहिया ने उसकी मां को अस्पताल परिसर से बाहर बुलाकर एक लाख रुपया नगद देकर नवजात बच्चे को दूसरे के हाथों बेच दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब ड्यूटी पर तैनात दूसरे स्वास्थ्य कर्मी मौके पर बच्चे को नहीं देखा। इसके बाद हो-हल्ला होने के बाद बच्चे की मां आशा देवी ने अस्पताल से बच्चे को बेचने की बात स्वीकारी और अस्पताल से किसी को कुछ बताएं बगैर वहां से भागकर घर आ गई। अस्पताल परिसर से सहिया के मिलीभगत से नवजात बच्चे के बेचे जाने की खबर के बाद आनन-फानन में अधिकारियों ने मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को दी।

# आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ मनाएं सरहुल, रामनवमी एवं रमजान का पर्व : डीसी

- त्योहारों के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुयी
- प्रशासनिक पदाधिकारियों और शहर के प्रबुद्ध लोगों ने शांति और सौहार्द की प्रतिबद्धता दोहराई



राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** आगामी सरहुल पर्व, रामनवमी एवं रमजान को लेकर उपायुक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सूचना भवन सभागार में हुई।उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि जिले में सभी मिल जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से सरहुल, रामनवमी, दुगार्पूजा एवं रमजान का त्योहार मनाएं।उन्होंने कहा कि गुमला में आपसी सौहार्द के साथ सभी पर्व त्योहार मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को विधि व्यवस्था के लिए जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

जुलूस और रैली के दौरान आमलोगों को किसी तरह की कोई समस्या न हो, इसके लिए प्रशासन व सिविल सोसाइटी के लोगों द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि विधि व्यवस्था बनाने में प्रशासन की मदद करें तथा किसी तरह की अप्रिय संभावना की स्थिति में पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जुलूस के दौरान पेयजल व चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था रहेगी।

बैठक में मौजूद एसपी एहतेशाम वकारीब ने कहा कि विधि व्यवस्था को देखते हुए जिला पुलिस बखूबी मुस्तैद रहेगी, इतना ही नहीं शहर के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों की नजर है इसलिए सभी लोग अनुशासित भाव से शहर की शांति व्यवस्था में अपना सहयोग देते हुए पूरे हर्षोल्लास से पर्व मनाएं। त्योहारों के दौरान किसी भी दूसरे धर्म, संप्रदाय व समुदाय के लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कोई ठेस न पहुंचे इसका सभी लोग ध्यान रखेंगे इसकी उन्हें पूरी आशा है। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर होने की बात कहते हुए एसपी ने लोगों से अपील की कि फोटो और पोस्ट सोच समझकर ही डालें। उन्होंने कहा कि लोग अच्छे माहौल में मिलजुल कर पर्व मनाएं, पुलिस और प्रशासन सदैव नागरिकों की सेवा में तत्पर है।

उक्त जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों व सुझाव पर अमल करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को यथोचित निर्देश दिए। उन्होंने डीजे बजाने तथा नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर अपना स्पष्ट संदेश देते हुए एहतियाती तौर पर कहा कि हमें कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो खुद के परिवारों के साथ साथ दूसरों के लिए भी कष्टकारी साबित हो।

## न्यूज फटाफट

### तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है सरकार

**मेदिनीनगर/पलामू:** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर महापर्व रामनवमी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर के कार्यालय द्वारा जारी आदेश को राजनीति से प्रेरित बताया। मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि जब से राज्य में गठबंधन वाली हेमंत सरकार सत्ता में आई है,तब से लगातार कई मौकों पर तुष्टिकरण की राजनीति देखने को मिल रही है। वर्तमान में रामनवमी महापर्व पर एसडीओ कार्यालय द्वारा जारी आदेश ताजा उदाहरण है। जब भी हिंदुओं का कोई भी पर्व आता है तब राज्य सरकार की मौन सहमति पर प्रशासन द्वारा प्रत्येक पर्व में खलल डालने के लिए कुछ ना कुछ अड़ंगा लगाया जाता है। यह अत्यंत ही निंदनीय है युवा मोर्चा इसकी घोर भर्त्सना करता है।

### अंकुश राजा के प्रशंसकों में खुशी की लहर

**छत्तरपुर (पलामू):** भोजपुरी गायक सह अभिनेता अंकुश राजा को दुबई में बेस्ट एक्टर के अवार्ड से नवाजा गया। बताते चले कि ये अवार्ड विश्व भोजपुरी मंच पर दुबई में वैव सिरीज पकडुआ विवाह में बेस्ट एक्ट्रेस के रुप दिया गया। अंकुश राजा के साथ साथ इस अवार्ड को पाने वाले मे भोजपुरी के पवन सिंह, रितेश पाण्डेय सहित कई लोगो को नवाज गया। वहीं इस अवार्ड मिलने पर अंकुश राजा को बधाई देने वाले मे लखन बाबा, दया दुबे विवेक पांडेय,अशोक पांडे शिक्षक संघ के नेता मुन्ना पाठक, फुलन पाण्डेय सहित कई लोगों ने उनके इस अवार्ड मिलने पर काफी हर्ष व्यक्त किया है साथ ही उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर है अंकुश राजा भोजपुरी के बहुत अच्छे कलाकार हैं और इन्होंने बहुत ही कम समय में अपने गीत के माध्यम से काफी लोकप्रियता हासिल की है वे भारत के कई बड़े बड़े महोत्सव में भी अपना परचम लहरा चुके हैं।

### 5 ट्रैक्टरों में नक्सलियों ने लगा दी आग

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले के नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा पंचायत स्थित प्रतिष्ठित व्यवसायी सत्यानंद मेहता के एसकेएम ईंट भट्ठा कंडा परिसर में खड़े 5 ट्रैक्टरों में टीएसपीसी नक्सलियों ने आग लगा दी । हथियार बंद उग्रवादियों न घटना को दिया अंजाम, सोमवार की रात करीब दस बजे ईंट भट्ठा में कार्यरत मजदूरों एवं मुंशी को बंधक बनाने के बाद इस घटना को अंजाम दिया । बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने जाते हुए कहा कि ॠमालिक को भेंट करने के लिए कह देना, हम लोग फिर आयेंगे ।घटना की सूचना मिलते ही पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा रात में ही दमकल वाहन लेकर घटनास्थल पहुंचे और ट्रैक्टरों में लगी आग बुझायी गयी । लेकिन तब तक तीन ट्रैक्टर जल चुके थे और दो क्षतिग्रस्त हो चुके थे। इसके पूर्व घटना स्थल पर पहुंचे नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास किया । ईंट भट्ठा संचालक सत्यानंद मेहता ने बताया है कि 5 माह पहले रंजन व नगीना नामक व्यक्ति ने टीएसपीसी संगठन द्वारा लेवी को लेकर मोबाइल से बातचीत की थी जिसमें भट्ठा की स्थिति खराब होने के कारण वे लेवी नहीं दिए थे। इसके बाद नक्सलियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। बताया गया कि दशहरा के समय भी नक्सलियों द्वारा लेवी की मांग की गई थी। लेकिन किसी ईट भट्ठे वाले ने लेवी नहीं दी थी। इस घटना के बाद उक्त ईंट भट्ठा में काम करने वाले मजदूर भाग गये हैं।

### 12 महुआ पेड़ की डाक द्वारा होगी नीलामी

**हरिहरगंज /पलामू :** प्रखंड के बीज गुणन प्रक्षेत्र नाथा ग्राम में 12 महुआ पेड़ से फल चुनने को लेकर आगामी 27 मार्च 2023 को 11 बजे पूर्वाह्न को अधोहस्ताक्षरी कक्ष कार्यालय में पेड़ की डाक (नीलामी) होगी। इसमें कोई भी इच्छुक व्यक्ति डाक प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। जिसके लिए सुरक्षित राशि ?500 जमा करना होगा । अंतिम रूप से डाक हो जाने के बाद सफल डाक वक्ता को तीन दिन के अंदर नीलामी की कुल राशि ऊंच वर्गीय लिपिक अनुमंडल कृषि कार्यालय प्रक्षेत्र पलामू में जमा कर रसीद प्राप्त करने होंगे। तदोपरांत ही महुआ चुनने का आदेश निर्गत किया जाएगा। जबकि अन्य व्यक्तियों के सुरक्षित राशि की वापसी डाक प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही कर दी जाएगी। सूचना में बदलाव या इसे निरस्त करने का अधिकार अधोहहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। इसकी इसकी लिखित सूचना अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रक्षेत्रीय डाल्टनगंज कार्यालय के द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी , जिला सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी पलामू आदि को दी गई है।

### मुखिया पर लगे आरोप को न्यायालय ने किया खारिज

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने पंचायत सचिवालय में सोमवार को प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि मेरे विरोध में पुष्पा देवी पति धीरज साहू एवं रिंकी कुमारी जायसवाल पति विपीन प्रसाद जायसवाल दोनों का निवास बुंडू की ओर से झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001के धारा 151के तहत न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी बेरमो को आवेदन दे कर मुखिया चुनाव के लिए दाखिल किये गये शपथ पत्र में तथ्यों को छुपाने की बात कही गयी थी। आवेदिका के द्वारा कहा गया था कि झारखंड त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 में बुंडू पंचायत के मुखिया पद के लिये चुनाव लड़ने वाली उम्मीदवार निहारिका सुकृति पति रितेश कुमार सिन्हा द्वारा दाखिल किये गए नामांकन पत्र के साथ शपथ पत्र में तथ्यों को छुपा कर दाखिल की गयी है।मुखिया ने बताया कि प्रथम पक्ष के द्वारा मेरे विरोध में दायर किये गए वाद पर न्यायालय के द्वारा उचित कार्रवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया गया और मुझे न्याय मिला।

# उपायुक्त ने सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** मंगलवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया।बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में प्रबंधक (सीएसआर ) हिंडाल्को कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 में शिक्षा , स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि क्षेत्रों में कार्य किया गया है, इसके अलावा टीवी मरीजों को गोद लेने , बांस कारीगरों के बीच टूल किट वितरण, एंबुलेंस संचालन , स्कूल बस संचलन जैसे कार्य भी सीएसआर मद से किए जा रहें हैं। इसके अलावा हिंडाल्को द्वारा घाघरा एवं विशुनपुर लगभग 6 प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के लगभग 350 से अधिक बच्चों के बीच डेस्किट तथा बैग का वितरण किया गया। इस किट में बच्चों को एक ऐसा बैग दिया जाता है जिसमें पोर्टेबल डेस्क दी जाती है जिसका उपयोग बच्चे अपने घरों में भी कर सकते हैं एवं बच्चों को पढ़ने में आसानी होती है।

हिंडाल्को प्रबंधकों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा निः शुल्क स्कूल बस, विद्यालयों/ आंगनवाड़ी/ स्वास्थ्य केंद्रों की आवश्यक मरम्मती , विद्यालयों में आवश्यक सामग्रियों का वितरण , सीएसआर अंतर्गत क्षेत्रों में 11 पानी टंकी से पानी का सप्लाई, रोग निरोधक फलदार वृक्षारोपण जैसे कई विकास कार्य किए गए।

बैठक में उपस्थित संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीएसआर अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की योजना पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने 15 जून तक सीएसआर द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों को पूर्ण करने का अंतिम निर्देश दिया। वहीं हाई मास्ट लाइट लगाने हेतु संबंधित बीडीओ को स्थान का चयन करते हुए हिंडाल्को को सूची देने की बात कही ताकि सीएसआर मद से उनके द्वारा कार्य किया जा सके। उपायुक्त ने खराब सड़कों की लैंड फिलिंग करवाते हुए आवागमन के मार्ग को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमित रूप से यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषण किट का वितरण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विद्यालयों में स्पोकन इंग्लिश का क्लास करवाने हेतु हिंडाल्को को निर्देश दिया हिंडाल्को द्वारा नियुक्त किए गए शिक्षकों द्वारा सभी स्कूल में जाकर स्पोकन इंग्लिश का क्लास करवाने हुए बच्चों के इंग्लिश को बेहतर कराने का निर्देश दिया।

# अज्ञात मरीज का किया बेहतर ढंग से इलाज



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** सदर अस्पताल में अक्सर लोगों को बुराइयां ही देखने को मिलता है लेकिन आज यहां के स्टाफ के द्वारा एक नेक काम किया गया है जो लोगों के लिए एक सबक है। बताते चलें कि मंगलवार को 108 एंबुलेंस के द्वारा एक अज्ञात महिला को सड़क से उठाकर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया था। महिला पूरी तरह से जख्मी और गंदगी से बजबजा रही थी। अज्ञात महिला के शरीर पर गंदगी को देखकर मानवता का परिचय देते हुए अस्पताल के मेट्रोन शीला देवी,इमरजेंसी वार्ड के इंचार्ज शबाना खातून, कैदी वार्ड इंचार्ज रेशमी कुमारी, ओम प्रकाश पांडे अभिषेक दुबे और रेनू कुमारी के द्वारा अज्ञात मरीज को नहला धुला कर उसे मलमपट्टी कर सेकंड फ्लोर वार्ड में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में अज्ञात मरीज का इलाज चल रहा है। वही मौके पर उपस्थित वार्ड के मेट्रोन शीला सिस्टर ने कहा कि अस्पताल में अज्ञात मरीजों की देखरेख के लिए यहां के कर्मचारी तन मन और धन से अज्ञात मरीजों की सेवा करते हैं।

हुसैनाबाद,हैदरनगर,मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं : बीनू

# सर्वे की गड़बड़ी की वजह होता है खून खराबा

राष्ट्रीय खबर

**हुसैनाबाद,पलामू:** एनसीपी के प्रदेश महासचिव सह इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद, हैदरनगर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा अंचलों के संबंध में कहा है कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने री सर्वे कराने को लेकर विधानसभा में तीन बार पुरजोर तरीके से आवाज बुलंद की है।

विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू ने कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है,जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि विधानसभा में इस सवाल पर सरकार का रटा रटाया जवाब दिया जाता है की कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए बंदोबस्त पदाधिकारियों से रोस्टर सहित संशोधित अधियाचना की मांग की गई है। ढाई वर्ष से नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो सकी है। इस स्थिति में प्रभावित अंचलों के भूमि मालिको के बीच भूमि विवाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रत्येक थाना में दो तीन मामले भूमि विवाद से संबंधित मार पीट के आते हैं।

जिससे इलाके में तनाव जैसा माहौल बना रहता है। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए सरकार को तत्काल समाधान करने की जरूरत है। इस मामले में सरकार स्पष्ट करे की कब तक री सर्वे करा लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर , हरिहरगंज, मोहम्नदगंज व पिपरा में सर्वे के ट्रायल इंट्री को समाप्त कर 2016 तक के रजिस्टर टू से सभी भूमि की इंट्री की जाए, या आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की व्यवस्था कर री सर्वे का काम तत्काल कराया जाए। अगर भूमि संबंधित ऑनलाइन की गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने की दिशा में तत्काल विभागीय कार्रवाई नहीं होती है, तो जनता सड़क पर उतर कर राजस्व विभाग का काम काज ठप्प करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गांव गांव में भूमि विवाद की वजह मार पीट खून खराबा हो रहा है। प्रभावित अंचलों के थानों में कुछ मामले इंट्री होते हैं, कुछ को टहलाया जाता रहता है। फर्भी अगर आंकड़ों को देखा जाए तो प्रभावित थानों में 90 प्रतिशत मामले भूमि विवाद से ही संबंधित हो रहे हैं। इससे आपसी मेल व भाईचारा भी तार तार हो रहा है।उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि रि सर्वे की प्रक्रिया शुरू कराए या ऑनलाइन सर्वे को रद्द कर ऑफलाइन के माध्यम से भूमि संबंधित त्रुटि दूर कराए। सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो जनता के साथ जोरदार आंदोलन चलाने पर बाध्य होना पड़ेगा।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**पेटरवार :** पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को एनीमिया मुक्त भारत के सफल संचालन को लेकर आंगनवाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज की देखरेख में आयोजित की गयी। प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए डॉ कुंदन राज ने कहा कि महिलाओं एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खून की कमी के कारण एनीमिया रोग से ग्रसित हो जाते है। पोष्टिक आहार एवं आयरन गोली की सहायक डोज लेने से ही इससे बचा जा सकता है। मौके पर प्रशिक्षणार्थी एनीमिया मुक्त भारत के जिला कोर्डिनेटर बसन्त कुमार ने खान-पान, माता मृत्यु दर रोकने, एवं दवा खिलाने की विधि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## शहर >> अपडेट

### मरकच्चो प्रखण्ड के दोनों केंद्रों पर हुई परीक्षा

**मरकच्चो :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की मैट्रिक परीक्षा 14 मार्च से प्रारम्भ हो गयी है। 20 मार्च को मरकच्चो प्रखण्ड के दोनों परीक्षा केंद्रों पर सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा प्रथम पाली में हुई जो 9:45 से प्रारम्भ हुई और 1:05 में समाप्त हुई। इस सम्बंध में सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक धर्मचंद मंडल ने बताया कि सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 638 परीक्षार्थियों में 622 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

## सिटी अपडेट्स >>

### थाना दिवस का हुआ आयोजन

**जयनगर :** जमीन संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर सोमवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 11 मामला आया एवं उसमें से कुल 7 मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर अंचल से आए अंचल निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, एसआई सुनील कुमार, मुखिया कौशर खान, शशि भूषण चौधरी आदि मौजूद थे।

### छत से गिरकर बालक हुआ घायल

**सतगावां :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को गावां थाना क्षेत्र के माहुरी गांव के 12 वर्षीय करण कुमार पिता जगरनाथ लाल का इलाज कराया गया। घरवालों के अनुसार करण कुमार गावां थाना क्षेत्र के माहुरी ग्राम के रहने वाला है। सोमवार संध्या छत से गिरने के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए कोडरमा रेफर किया गया। उक्त करण कुमार की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सड़क दुर्घटना में दो छात्रायें घायल

**सतगावां :** दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा देकर आ रही दो छात्राओं को पिकअप वैन ने टक्कर मार दिया। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के ग्राम चांदडीह के समीप पीडब्ल्यूडी सड़क पर एक मैजिक पिकअप वैन बीआर 27जी ए 2445 ने टक्कर मार दिया। परीक्षा देकर आ रही सुप्रिया कुमारी (उम्र 16 वर्ष पिता कपिल प्रसाद, सिहास), सिंधू कुमारी (उम्र 16 वर्ष पिता सिकंदर प्रसाद, सिहास) घायल हो गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों के सहयोग से घायल हुए छात्राओं को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

### फ्रेंड्स हेयर स्टूडियो का हुआ उद्घाटन

**जयनगर :** प्रखंड के पिपचो चौक के पास फ्रेंड्स हेयर स्टूडियो का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फ्रेंड्स हेयर स्टूडियो के संचालक सद्दाम हुसैन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पीपचो चौक अभी नहीं दस साल के बाद पता चलेगा, लेकिन मुझे आज ही पता चल गया कि, पिपचो चौक काफी तरक्की कर रहा है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**कुडू :** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए थाना क्षेत्र के कड़ाक गांव के पास हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटना मंगलवार 21 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हेंजला गांव निवासी किशोर किंडो के पुत्र ज्योतिष किंडो 18, रूपलाल यादव के पुत्र नवीन कुमार 15 और बेतर नावाटांड़ निवासी देव प्रसाद सिंह के पुत्र मयंक सिंह 14 स्कूटी संख्या जेएच 01 ईजी - 4159 से लोहरदगा जा रहे थे।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

# लंबित कांडों को निष्पादन का निर्देश

▶▶ पंजियो/ संचिकाओ/ अभिलेखों का किया अवलोकन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, पाकुड़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में संधारित सभी पंजियो/संचिकाओ/अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल ने सभी आवश्यक का कागजात को पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ के पास अनुसंधान/पर्यवेक्षण हेतु लंबित कांडो का भी समीक्षा कर ससमय निष्पादन हेतु आदेशित किया गया।



## मुख्य सड़क कोर्ट परिसर को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**पाकुड़ :** शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त पाकुड़ के तहत पिछले कई दिनों से लगातार अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है । इस निमित्त मंगलवार को शहरी क्षेत्र के सड़क किनारे पाकुड़ कोर्ट से लेकर रविंद्र चौक तक अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान जेसीबी से दुकानदारों के चूल्हा चौका से लेकर बांस से बत्ती से बने दुकान को ध्वस्त किया गया तथा संबंधित बांस बत्ती को जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर पर चढ़ा कर ले जाया गया। इस दौरान कई लोगों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई कहा कि आखिर गरीब लोग कहां जाए। धीरे-धीरे शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। इसकी सूचना लगातर माइकिंग द्वारा दिया गया था । बावजूद कई लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया । बाध्य होकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारंभ किया गया है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेस यादव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं अन्य पदाधिकारी तथा मजदूरों पर स्थित है उपस्थित रहे।

### दो बाइक की टक्कर में दो जख्मी

**महेशपुर (पाकुड़) :** महेशपुर-गुम्मामोड़ मुख्य सड़क के रोलाग्राम के पास मंगलवार को दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक के चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों जख्मी युवक राम मुर्मु 25 वर्ष घाटचोरा निवासी तथा नरेश किस्कु 24 वर्ष पकड़ीपाड़ा गांव निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही थाने के एएसआइ लल्लूराम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और दोनों जख्मी को उपचार के लिए महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद लाया। जंहा डॉ. सुनील कुमार किस्कु ने दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक राम मुर्मु अपने घर घाटचोरा से महेशपुर के तरफ आ रहा था। वही विपरीत दिशा से नरेश किस्कु रोलाग्राम के तरफ जा रहा था।

## खुले में फेंका जा रहा है मेडिकल वेस्ट कचरा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** जिला मुख्यालय स्थित कोडरमा सदर अस्पताल में लोग बीमारियों को दूर करने आते है, पर सदर अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। सदर अस्पताल प्रशासन के अनदेखी और एजेंसी के द्वारा नियम कानून को ताक पर रख मेडिकल कचरा को खुले में फेंक लोगों को बीमार किया जा रहा है। विदित हो कि कोडरमा सदर अस्पताल स्थित ट्रूनेट जांच केंद्र के समीप आने वाले मरीज और उनके परिजनों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कोडरमा सदर अस्पताल में मेडिकल कचरा बायोवेस्टज और अन्य कचरे को रखने और हटाने के लिए बने मेडिकल वेस्टेज रूम के बाहर खुले में कचरा फेंका जा रहा है। यही वजह है कि अस्पताल परिसर स्थित आवास में रहने वालों के साथ आस पास के क्षेत्रों में रह रहे लोगों के बीच महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। जहां बैंडेज, पट्टियां, सीरिंज, स्लाइन की खाली बोतल, टिश्यू आदि मेडिकल कचरे का ढेर लगा है। अस्पताल से निकलने वाली पट्टियां, खराब खून, सीरिंज, इंजेक्शन के अलावा अन्य सामग्री लोगों के लिए नुकसानदेह होती है।

## कोडरमा जिले में मनरेगा योजना में बड़ी अनियमितताः महादेव राम

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक सोमवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में भाकपा जिला कार्यकारिणी एवं एटक नेत्री सोनिया देवी की अध्यक्षता में हुई। कार्य रिपोर्ट भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया जो सबों ने सर्वसम्मति से पास किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा जिले में मनरेगा योजना में भयंकर अंधेर गर्दी चल रही है, रातों-रात जेसीबी मशीन से डोभा का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीडीओ मुख्य रूप से जिम्मेवार है। यदि इस पर रोक लगाया नहीं गया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बहुत जल्द जिले में आंदोलन चलाएगी। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार देश के पार्लियामेंट को




सत्ता पक्ष बीजेपी के द्वारा नहीं चलने दिया जा रहा है। सत्तापक्ष के द्वारा जन मुद्दों से लोगों को ध्यान भटकाने के लिए पार्लियामेंट में राहुल प्रकरण पर लगातार चर्चा हो रहा है। जबकि देश में महंगाई, बेरोजगारी, अडानी, सांप्रदायिक घटना पर चर्चा होनी चाहिए थी। अडानी प्रकरण पर चर्चा नहीं करा कर मोदी की सरकार राहुल गांधी पर चर्चा कर रही है, माफी मांगने की दबाव बना रही है। महंगाई से आम जनता परेशान है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया है भाजपा हटाओ, देश बचाओ भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हटाओ सविधान बचाओ। बैठक में 23 मार्च 2022 को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह का शहादत दिवस चंदवारा प्रखंड के ग्राम काको में मनाने का फैसला लिया गया। बैठक को सीपीआई जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन, रंजन रजक ने भी संबोधित किया।

### टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**महेशपुर (पाकुड़) :** महेशपुर पंचायत भवन में मंगलवार को प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट के सचिव सहदेव महतो एवं पंचायत के मुखिया बबीता पहाड़ीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के सचिव सहदेव महतो ने टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी तरह से ठगी से बचने के उपाय बताई। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अनचाहे कॉल से डीएनडी 2.0 एप के द्वारा कैसे बचा जाए। अगर किसी टेलीफोन कंपनी का सिम क्षेत्र में काम नहीं कर रहा हो और कॉल करने में परेशानी महसूस हो तो किसी दूसरे टेलीफोन कंपनी में पोर्ट एमएनपी कर सकते हैं।

## थाना परिषद में किया शांति समिति का बैठक



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** रामनवमी पर्व को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ उमेश मंडल ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र से आए विभिन्न अखाड़ों के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, विहिप व राजनीतिक दलों के सदस्य व दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड प्रशासन के द्वारा दोनों समुदाय के लोगों से रामनवमी पर्व शांति एंव सद्भाव के साथ मनाने कि अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी पूजा के दौरान जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकालें व समय पर समाप्त करें। उन्होंनें कहा की जुलूस के दौरान अखाड़ों के पदाधिकारी व सदस्य जुलूस को नियंत्रित करने में अपना योगदान देंगे। जुलूस के दौरान प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहेगा। जुलूस निकालने को लेकर महेशपुर मस्जिद कमेटी के लोगों ने कहा कि माहे रमजान को देखते हुए जुलूस न ले जाने की बात रखी। जिसे अखाड़ा समिति के सदस्यों ने अपनी सहमति जताते हुए दोपहर दो बजे के बाद उक्त सड़क से जुलूस निकालने की बात कही।

## शिव मंदिर में चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बसिया पंचायत के नगड़ा गांव में स्थित शिव मंदिर से पात्र चोरी मामले में पुलिस ने कार्यकुशलता के साथ दो चोर समेत एक चोरी के माल खरीदने वाला दूकानदार को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है गिरफ्तार अपराधियों में मो0 रिजवान उर्फ ताड़ी उर्फ पिंटू बालूमाथ मुख्यालय स्थित रहमत नगर निवासी और इरफान अंसारी ग्राम जर्री निवासी और दुकानदार सहदेव सोनी झाबर निवासी शामिल है। इनके निशानदेही पर पुलिस ने बाल्टी, झाल, गगरा, कटोरा, थाली व प्लेट का पात्र बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र के मंदिर चोरी मामले पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन गठित टीम ने तकनीकी शाखा की मदद के जर्री गांव से एक व दुसरा अपराधी बालूमाथ के रहमत नगर स्थित घर से अपराधि को गिरफ्तार किया इसके साथ ही चोरी की सामान खरीददारी में संलिप्त एक दूकानदार संचालक सहदेव सोनी को गिरफ्तार किया गया।

## थम गई शहनाई की गूंज, करना होगा इंतजार

▶▶ अब मांगलिक कार्य मई-जून में होंगे

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** वैवाहिक लग्न थम गया अब बैंड, बाजा और बराती की धूम मई से नजर आयेगी। इधर खरमाश लगने के बाद शहनाई नहीं बजेगी। शादी, मुंडन जैसे कोई भी शुभ काम नहीं होंगे। 15 मार्च से सूर्य मीन राशि में प्रवेश कर गया 16 मार्च से खरमास प्रारंभ हो गया। हिन्दू धर्म में खरमास को अशुभ समय के रूप में देखा जाता है, इसलिए इस अवधि में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य जैसे- विवाह, मुंडन, जनेऊ, गृह प्रवेश इत्यादि मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। इसके बाद 2 मई से पुन शुभ लग्न प्रारंभ हो जाएगा। इस बार मई में शादी-विवाह के



सबसे अधिक मुहूर्त है। मई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 20, 21, 26, 27, 28, 29, 30 को खूब शादियां होंगी। इस साल जनवरी से लेकर मार्च तक विवाह के 39 मुहूर्त रहे। 15 मार्च के बाद विवाह मुहूर्त समाप्त हो गया। मई में ताबड़तोड़ सभी मांगलिक कार्य आरंभ होंगे।

### जून में शादी की कई तारीख

आचार्य अनिल मिश्रा ने कहा कि साल 2023 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक कुल 82 वैवाहिक मुहूर्त हैं। इसमें दिवा लग्न भी शामिल हैं। जून में 1, 5, 6, 11, 12, 16, 22, 23, 25, 26, 28 तारीख को शुभ मुहूर्त है। इन तारीखों पर शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

### जून के बाद सीधे नवबांर में बजेगी शहनाई

देवशयनी एकादशी 29 जून गुरुवार को मनाई जाएगी। इसी के बाद 30 जून से चतुर्मास प्रारंभ हो जाएंगे, जिसके कारण विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। जून के बाद सीधे नवंबर में मांगलिक कार्य आरंभ होंगे।

### नवंबर में सिर्फ 4, दिसबांर में 9 दिन शुभ मुहूर्त

23 नवंबर गुरुवार को देवोत्थान एकादशी तुलसी विवाह मनाई जाएगी। इसी के साथ विवाह आदि मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। नवंबर में विवाह मुहूर्त की बात करें तो 23, 24, 28, 29 शुभ है। वहीं, दिसंबर 3, 4, 5, 6, 7, 9, 13, 14, 15 को भी अच्छा योग है।

## न्यूज फटाफट

### हाथियों के झुंड ने फसल को नष्ट किया

**मरकच्चो :** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवो में हाथियों के झुण्ड का उत्पात लगातार प्रतिदिन जारी है। रविवार की रात भी हाथियों का झुण्ड जामु पंचायत के हरलाडीह गांव पंहुच कर लगभग 10 एकड़ में लगे गेंहू की खेती को खाया व नष्ट कर दिया। इस दौरान हाथियों ने हरलाडीह निवासी कृषक रानी देवी, भूलिया देवी, रेखा देवी, रघु साव, नागेश्वर साव, मेहलाल साव, बिनोद साव समेत कई किसानों का गेंहू का फसल को खाया व पैरो तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो दर्जन की संख्या में हाथियों का झुण्ड था। कृषको ने बताया कि वे लोग काफी पूंजी लगाकर तथा कड़ी मेहनत कर खेती करते है। लेकिन हर साल हाथियों का झुण्ड आकर उनके फसलों को नष्ट कर देता है जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने प्रशासन से मुआबजे की मांग की है। हाथियों का झुण्ड अभी भी बेरहवा जंगल व उससे सटे हरलाडीह जंगल में अपना बसेरा बनाये हुए है।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक सम्पन्न

**कोडरमा :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोडरमा जिला इकाई के कार्यकारिणी की एक बैठक रविवार को चित्रगुप्त नगर, झुमरीतिलैया स्थित चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अभय तथा संचालन महासचिव सुरेश कुमार ने की। बैठक का शुभारंभ अ.भा.कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अभय, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, उपाध्यक्ष मनोज सहाय, महासचिव सुरेश कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद नीरज कर्ण, कोषाध्यक्ष बिपीन कुमार सिन्हा, विशेष आमंत्रित सदस्य विनय कुमार बेलू, प्रदेश प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा ने श्री चित्रगुप्त भगवान के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आगंतुकों का स्वागत माल्यार्पन कर किया गया।

### वार्षिक उत्सव मनाने का निर्णय

**झुमरीतिलैया :** नगर की धार्मिक संगठन श्याम शरण में आ जा रे की सेवादारों की एक बैठक रविवार की रात्रि में हुई। बैठक में 11 महीने से चल रहे मासिक अरदाश कीर्तन को ओर बेहतर करने तथा समय पर चालु कराने पर चर्चा हुई। 22 मार्च को दीपेश जेठवा के देवी मंडप रोड स्थित निवास स्थल पर अरदास कीर्तन संध्या 6 बजे से अखण्ड ज्योत के साथ कराने का निर्णय लिया गया। यहाॅ आलौकिक श्रृंगार के साथ-साथ भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। बैठक में नये सेवादारों को जोडने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा अप्रैल माह के 18 या 25 को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस उत्सव में बाबा श्याम का दरबार अलौकिक श्रृंगार सवा मणि का प्रसाद एवं महा प्रसाद कराने का निर्णय लिया गया। वार्षिक उत्सव में स्थानीय एवं बंगाल राजस्थान और गुजरात से भी श्याम प्रेमी और भजन गायक पहुॅचेगें। उनके कार्यक्रम पर भी रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में रवि दाहिमा एवं पप्पु सिंह ने बताया कि कलयुग में हर घर में श्याम की पूजा का वरदान भगवान कृष्ण ने दिया था। इसी को लेकर श्याम बाबा का कीर्तन हर माह किसी न किसी श्याम प्रेम का निवास स्थल पर हो रहा है।

### प्रेरणा शाखा झुमरी तिलैया को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार मिला

**झुमरीतिलैया :** झारखंड प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय प्रंतीय अधिवेशन धनबाद में आयोजित हुआ। इसमें प्रेरणा शाखा झुमरी तिलैया को 5 अवार्ड मिले। इसमें प्रदेश भर में सर्वश्रेष्ठ शाखा अवार्ड के साथ, शारदीय नवरात्रा में झुमरी तिलैया में कन्या भ्रूण संरक्षण को लेकर विभिन्न पूजा पंडालों के अलावा, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, कन्याओं का जन्मोत्सव मनाने सहित अन्य कार्यक्रम के लिए, झुमरी तिलैया में स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने, सफाई एवं रैली निकालने को लेकर पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया और सचिव नेहा हिसारिया को क्रमशः अध्यक्ष व सचिव का पूरे प्रांत में सर्व श्रेष्ठ पुरस्कार मारवड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने पुरस्कार दिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, नव निर्वाचित सचिव सारिका लड्ढा मौजूद थीं। पुरस्कार मिलने के बाद प्रेरणा शाखा की पदाधिकारियों ने कहा कि परोपकार के हर कार्य को प्रेरणा शाखा आने वाले दिनों में और बेहतर करेगी।

### नशा पान को समाप्त करने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**कुडू :** प्रखंड के जरियो और रोचो ग्राम में ग्राम सभा के आयोजन में किशोर समूह के बालको के द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के सहयोग और मार्गदर्शन से महिला पुरुष समानता और नशा पान के विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने हेतु नुकड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरूआत में पियर एजूकेटर द्वारा ग्रामीणों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम की रुपरेखा और उद्देश्य के विषय पर जानकारी देते हुए बतलाया गया कि आज हम किशोर समूह के सदस्य महिला पुरुष समानता, नशापान के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है जिस से समाज में व्यापत इन मुद्दों पर जागरूकता आएगी। तत्पश्चात बैठक में महिला पुरुष समानता पर समानता विषय पर जागरूकता लाने हेतु प्रथम नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया,जिसमे यह दिखलाया गया कि किस तरह एक महिला बाहर के काम के साथ घर का भी सारा कार्य करती है और एक पुरुष हमेशा यही सोचता है कि घर के काम में हाथ बटाना हम पुरुष के प्रतिष्ठा के विरुद्ध है पर बेटी के समझाने पर पिता को यह एहसास होता है कि पुरुष को भी घर के काम में हाथ बटाना चाहिए।

### महिलाओं ने की भजन कीर्तन

**लोहारदगाः** नव वर्ष विक्रम संवत 2080 के आरंभ पर आज अमावस्या के दिन निमार्णाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर में 31 मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने सामाजिक राजस्थानी वस्त्र धारण कर मंगला पाठ एवं भजन कीर्तन की। कार्यक्रम मेंराणी सती दादी जी के तस्वीर को अलौकिक श्रृंगार कर मनमोहक झूलन पर झुलाया गया और हर्षो उल्लास के साथ दादी जी के मनमोहक भजने गाकर काफी झूमे,और एक दूसरे को हल्दी लगाकर बधाइयां दी,मंगला पाठ में दादी जी को विभिन्न प्रकारों के व्यंजनों से भोग लगाया गया एवं उसके उपरांत आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया,लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने नए साल विक्रम संवत 2080 के आरंभ पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कृषि मंत्री से मिले कॉंग्रेस जन, जनहित की रखी मांग

**कोडरमा :** कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल पत्रलेख से रांची स्थित मंत्री आवास पर मुलाकात कर कोडरमा जिला के कृषि एवं सिंचाई संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया । मंत्री आज मंगलवार को अपने आवास पर विधानसभा सत्र में भाग लेने से पूर्व विभिन्न जिलों से आए नेताओं कार्यकताओं से क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत हो रहे थे। श्री सहाय ने बताया कि कोडरमा के लगभग सभी प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित है जबकि मॉनसून के उपरांत वर्षा के जल को भविष्य में पटवन हेतु संग्रहित रखने के लिए आवश्यकतानुसार जलाशयों एवं चेकडैम की कमी है। माननीय मंत्री के आदेश पर जिले के लगभग सभी प्रखंड में चेक डैम एवं तालाब गहरीकरण का कार्य विभागीय स्तर से जारी है जबकि विभिन्न प्रखंड से आए तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के आवेदन को माननीय मंत्री महोदय को सौंपा एवं कोडरमा जिला को इस मद में अतिरिक्त राशि निर्गत करने की प्रार्थना किया गया है। जिला वासियों के हित में माननीय मंत्री ने उचित पहल करने का विश्वास जताया है।

## न्यूज फटाफट

### रानी रामपाल पर रखा गया हॉकी स्टेडियम का नाम



**नयी दिल्ली:** मॉडर्न कोच फैक्टरी (एमसीएफ) राय बरेली ने हॉकी में भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल के योगदान का सम्मान करते हुए अपने हॉकी स्टेडियम का नाम ''रानी गर्ल्स हॉकी टर्फ'' रख दिया है। रानी ने मंगलवार को ट्वीट करके इसकी पुष्टि की। रानी अपने नाम का स्टेडियम पाने वाली पहली महिला हॉकी खिलाड़ी हैं। उन्होंने स्टेडियम की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया,''मेरी खुशी और आभार व्यक्त करने के लिये शब्द बहुत कम लगते हैं। एमसीएफ रायबरेली ने हॉकी में मेरे योगदान का सम्मान करने के लिये हॉकी स्टेडियम का नाम बदलकर ह्यरानी गर्ल्स हॉकी टर्फ कर दिया है।''स्टार खिलाड़ी ने एमसीएफ के अन्य अधिकारियों के साथ स्टेडियम का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा,''यह मेरे लिये गर्व और भावनात्मक क्षण है क्योंकि मैं अपने नाम पर स्टेडियम पाने वाली पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गयी हूं। मैं इसे भारतीय महिला हॉकी टीम को समर्पित करती हूं और मुझे उम्मीद है कि यह महिला हॉकी खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'' रानी ने हाल ही में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में वापसी की थी, जबकि इससे पहले उन्होंने अपना पिछला मुकाबला महिला हॉकी प्रो लीग 2021-22 में बेल्जियम के खिलाफ खेला था। भारत के लिये 250 से ज्यादा मैच खेल चुकीं रानी ने 2008 में भारत के लिये पदार्पण किया था। भारत ने उनकी कप्तानी में टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथा स्थान हासिल किया था, हालांकि उसके बाद वह चोट के कारण विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हिस्सा नहीं ले सकी थीं।

**प्रशिक्षण**

### मंत्रालय ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि

# प्रशिक्षण के लिये किर्गिस्तान, पोलैंड जायेंगे पूनिया,फोगाट

- विनेश 11 दिन के लिये पोलैंड के स्पाला जाकर ओलंपिक अभ्यास केंद्र में तैयारी करेंगी
- 39 फ्रीस्टाइल पहलवानों सहित कुल 108 पहलवान शामिल होंगे
- अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिये मंजूरी दे दी है





**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट पहलवान बजरंग पुनिया को और विनेश फोगाट को क्रमशः किर्गिस्तान और पोलैंड में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिये मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि बजरंग किर्गिस्तान के चोलपोन-अता में 16 दिनों के लिये प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे, जबकि विनेश 11 दिन के लिये पोलैंड के स्पाला जाकर ओलंपिक अभ्यास केंद्र में तैयारी करेंगी। मंत्रालय इस दौरान खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके कोच एवं फिजियोथेरेपिस्ट के आवागमन का खर्च भी वहन करेगा। इस बीच, मंत्रालय ने बताया कि कुश्ती महासंघ की निगरानी समिति द्वारा आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर एशियाई चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने वाली भारतीय कुश्ती टीम के लिये एक राष्ट्रीय कोचिंग शिविर भी आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय शिविर को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के सोनीपत क्षेत्रीय केंद्र में 22 मार्च से आठ अप्रैल तक आयोजित करने की योजना बनाई गयी है। इस शिविर में 36 महिलाओं, 33 ग्रीको रोमन और 39 फ्रीस्टाइल पहलवानों सहित कुल 108 पहलवान शामिल होंगे।

## खेल जगत अपडेट्स »

### आदित्य चौधरी के प्रदर्शन से `शयामलाल कॉलेज जीता

**नयी दिल्ली** : दिल्ली



विश्वविद्यालय के प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 टूर्नामेंट में शयामलाल कॉलेज ने आदित्य चौधरी के शानदार आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत रामलाल आनंद कॉलेज को 42 रनों से हराया। शयामलाल कॉलेज ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 193 रन बनाये, जिसके जवाब में रामलाल आनंद कॉलेज 20 ओवर में 151 रन तक ही पहुंच सका। आदित्य ने शयामलाल कॉलेज को विशाल स्कोर तक पहुंचाने के लिये 62 गेंदों पर 120 रन की शतकीय पारी खेली जिसमें 10 चौके और आठ छक्के शामिल रहे। सात्विक, वैभव और राहुल 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामलाल आनंद कॉलेज की टीम को आदित्य की घातक गेंदबाजी का सामना करना पड़ा। आदित्य ने तीन विकेट चटकाये, जबकि अंकित और अखिलेश यादव ने दो-दो विकेट लिये। सर्वोत्तम (32), रिदम (32) और वैभव (26) का योगदान रामलाल आनंद कॉलेज के काम न आया। एसएचएनडी खालसा कॉलेज के डॉ. राजवंत एवं पीजीडीएवी कॉलेज के डॉ. पवन डबास ने आदित्य को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया।

### 500 से अधिक खिलाड़ियों को देंगे मौका : योगी

**लखनऊ :** खेलों के प्रोत्साहन के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता का इजहार करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने जा रही है। भारतीय पुलिस एथलेटिक्स संकुल चैंपियनशिप का उदघाटन करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुये योगी ने कहा पुलिस खेल कुंभ युवा शक्ति को खेल कूद की गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के नेतृत्व में अयोजित होने वाला यह आयोजन हमारी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों की नींव रखने में सहायक होगा।

# नांदल ने जीता 38वां प्रीमियर सारावाक कप



- ऑस्ट्रेलिया के चार्ली कैमस और पावले मरिकोव को हराया
- राउंडग्लास टेनिस अकादमी में हर कोई युवान की जीत से बहुत खुश है

**एजेंसियां**

**मोहाली :** राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरटीजीए) के एथलीट युवान नांदल ने मलेशिया के सारावाक में हुए जूनियर 300 टूर्नामेंट 38वें प्रीमियर सारावाक कप जीत लिया है। नांदल ने फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यन शाह को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर लड़कों का एकल खिताब जीता। यह टूर्नामेंट 13 से 19 मार्च के बीच आयोजित किया गया जिसमें दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी शामिल हुए। नांदल ने अपने अभियान में कोरिया के डोंघयुन जापान के रेया हतोरी और ऑस्ट्रेलिया के चार्ली कैमस और पावले मरिकोव को हराया। इस जीत के साथ नांदल ने अपनी उपलब्धियों की सूची में एक और प्रतिष्ठित खिताब जोड़ लिया है। नांदल फिलहाल प्रतिष्ठित कोच और राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक आदित्य सचदेवा के अधीन ट्रेनिंग ले रहे हैं। कोच सचदेवा ने नांदल की जीत पर कहा, राउंडग्लास टेनिस अकादमी में हर कोई युवान की जीत से बहुत खुश है और यह जीत दीर्घकालिक एथलीट विकास के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें हम एटीपी दौरे के लिये युवा खिलाड़ियों के विकास पर जोर देते हैं। आरजीटीए में हम कोर्ट के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर अपने एथलीटों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हैं। हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत एथलीटों के मनोवैज्ञानिक कल्याण और खुशी पर विचार करना है, जो कोर्ट पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारी योजनाओं का अभिन्न अंग है।

### मुंबई ने आरसीबी को 125 रन पर रोका

**मुंबई :** मुंबई इंडियन्स ने अमेलिया केर (22/3) की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 125 रन पर रोक दिया। मुंबई को यह मुकाबला जीतकर सीधा फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत करने के लिये 20 ओवर में 126 रन की दरकार है। हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर आरसीबी को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन पहले ही ओवर में रनआउट हो गयीं। कप्तान स्मृति मंधाना ने मुंबई की कसी हुई गेंदबाजी के सामने कुछ देर तक संघर्ष किया लेकिन पावरप्ले समाप्त होने के बाद वह 25 गेंद पर 24 रन बनाकर आउट हो गयीं। डीवाई पाटिल स्टेडियम की धीमी पिच पर आरसीबी 10 ओवर में सिर्फ 56 रन जोड़ सकी। अगले ओवर में हीथर नाइट (12) पारी की रफ्तार बढ़ाने के प्रयास में लॉन्ग ऑन को कैच दे बैठीं। एलीसे पेरी (38 गेंद, 29 रन) और कनिका आहूजा (12) भी महत्वपूर्ण योगदान दिये बिना पवेलियन लौट गयीं, लेकिन ऋचा घोष ने अंत में विस्फोटक बल्लेबाजी करके आरसीबी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया।

# कोसिमोवा को हराकर नीतू घंघास कवार्टरफाइनल में



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रमंडल खेल 2022 की गोल्ड मेडलिस्ट नीतू घंघास ने मंगलवार को महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री- कवार्टरफाइनल में ताजिकिस्तान की सुमैया कोसिमोवा को हराकर शीर्ष-आठ में जगह बना ली। इंदिरा गांधी स्टेडियम पर खेले गये 48 किग्रा मुकाबले में नीतू ने पहले ही राउंड में कोसिमोवा को मात दे दी। नीतू ने मुकाबले की जोरदार शुरुआत की और कोसिमोवा पर लगातार मुक्के बरसाये। रेफरी ने कुछ देर बाद मुकाबला रोककर भारतीय मुक्केबाज को विजयी घोषित कर दिया। नीतू ने कवार्टरफाइनल में पहुंचने के बाद कहा, मैं सोचकर आयी थी कि मैं तीन राउंड तक खेलूंगी लेकिन बाउट पहले ही समाप्त हो गया। मैं पिछली बाउट भी पूरी नहीं खेल सकी थी क्योंकि रेफरी ने इससे पहले भी मैच रोक दिया था। दर्शक भारत का समर्थन कर रहे हैं जिससे विपक्षी दबाव में आ जाता है। इससे मुझे बहुत फायदा मिला है क्योंकि विपक्षी मुक्केबाज अपना 100 प्रतिशत नहीं दे पाता। नीतू ने अपने पिछले मुकाबले में कोरिया की डोयोन कांग को शिकस्त दी थी।

# आज से अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी शाहरूख की पठान



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की सुपरहिट फिल्म पठान अमेजन प्राइम वीडियो पर आज से रिलीज होगी। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है।फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुयी है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है।फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है।फिल्म पठान 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली पांचवी भारतीय फिल्म बन गयी है। अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हो रही है।ओटीटी प्लैटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर पठान की रिलीज डेट सामने आ गई है। अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया ने इंस्टाग्राम पेज पर पठान का पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें फिल्म की ओटीटी प्लैटफॉर्म पर रिलीज डेट लिखी हुई है। इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, हमें मौसम में उथल-पुथल का आभास होता दिख रहा है, आखिर हो क्यों ना पठान जो आ रहा हैं! पठान ऑन प्राइम ,22 मार्च को हिंदी, तमिल और तेलुगु में।

# सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर अक्षरा सिंह ने मचाया धमाल



**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर धमाल मचा दिया है। प्रियंका चोपड़ा और दलेर मेहंदी के बाद सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर अक्षरा सिंह ने धमाल मचा दिया है। कैप्टन टीएमटी के कंपनी के डीलर्स मीट के अवसर पर अक्षरा ने ड्रीम क्रूज पर एक से बढ़ कर एक भोजपुरी और हिंदी गानों पर अपने डांस मूव्स से सबों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की पहली ऐसी कलाकार बन गई हैं,जिसे ड्रीम क्रूज पर आमंत्रित किया गया था। कैप्टन टीएमटी के कंपनी के डीलर्स मीट के दौरान ही अक्षरा को कंपनी ने अपना ब्रांड एम्बेसडर बना लिया है। अक्षरा के पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के दो सितारे सौरभ गांगुली और हरभजन सिंह कैप्टन टीएमटी के ब्रांड एम्बेसडर रह चुके हैं। इसे मौके पर अक्षरा सिंह ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में एक लड़की का आगे बढ़ना आसान नहीं होता है। वहाँ ताकत और जुनून के साथ आगे बढ़ने में आप लोगों का सपोर्ट मिलता हैं। इसके लिए मैं सबकों का दिल से शुक्रिया। मैं यहाँ उमंग कैप्टन स्टील परिवार से जुड़ कर कृतज्ञ महसूस कर रही हूँ। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

# 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई रणबीर-श्रद्धा की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार'





**एजेंसिया**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार ' 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है। लव रंजन के निर्देशन में बनीं फिल्म 'तू झूटी मैं मक्कार' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। इस फिल्म में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है। गौरतलब है कि 'तू झूठी मैं मक्कार'रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर ,डिंपल कपाड़ि‍या, बोनी कपूर और अनुभव सिंह बस्सी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बतौर अभिनेता बोनी कपूर की यह पहली फिल्म है।

# राज कुमार संतोषी की फिल्म में काम करेगी स्वीटी छाबड़ा



**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री स्वीटी छाबड़ा बॉलीवुड निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। स्वीटी छाबड़ा ने राज कुमार संतोषी से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीर उन्होंने अपने इंस्टा ग्राम एकाउंट से भी शेयर की है। इस मुलाकात के बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह दो साल बाद फिर से फिल्मों में कम बैक करेंगी। कहा जा रहा है कि स्वीटी, राज कुमार संतोषी की किसी हिंदी फिल्म में नजर आ सकती हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### पंजाब के अधिकांश जिलों में इंटरनेट सेवाएं बहाल

**जालंधर :** पंजाब में 'वारिस पंजाब दे' संगठन के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के कारण राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर पंजाब सरकार ने राज्य के कुछ इलाकों में गुरुवार दोपहर तक मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं पर लगी रोक बढ़ा दी है, जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में मंगलवार दोपहर से प्रतिबंध हटा लिया जाएगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एनआईए ने कश्मीर में स्वतंत्र पत्रकार को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक स्वतंत्र पत्रकार को कथित तौर पर आतंकवादी फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर के एक स्वतंत्र पत्रकार और शोधकर्ता इरफान महराज को एनआईए ने सोमवार शाम को नयी दिल्ली स्थित एनआईए पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया है।

### प्रश्नकाल के दौरान आसंदी पर विराजीं महिला सभापति

**भोपाल :** मध्यप्रदेश विधानसभा में आज अध्यक्ष गिरीश गौतम की पहल पर प्रश्नकाल के दौरान अध्यक्ष की आसंदी पर महिला सभापति श्रीमती कृष्णा गौर विराजमान हुयीं और उन्होंने ही सदन का संचालन किया।सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही गौतम ने कहा कि आठ मार्च को महिला दिवस के अवसर पर अवकाश था। इसलिए वे चाहते हैं कि आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्य रूप से महिला विधायकों के ही सवाल लिए जाएं और सदन का संचालन भी कोई महिला ही करे। उन्होंने श्रीमती गौर का नाम सभापति के रूप में लिया और इसके बाद उन्होंने ही प्रश्नकाल के दौरान सदन का संचालन किया। संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह एक बेहतर परंपरा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सिरोही की सुकड़ी नदी पर बनेगा पुल

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सिरोही जिले के चौटीला स्थित गौतम ऋषि महादेव मंदिर के पास सुकड़ी नदी पर पुल के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार पुल निर्माण का कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नदी पर पुल के दोनों तरफ सुरक्षा दृष्टि से दीवार भी बनाई जाएगी। अरावली की पहाड़ियों में बसे चौटीला गांव में स्थित यह मंदिर सामाजिक समरसता और परंपरा का अनूठा संगम है। इस स्थान पर हर वर्ष मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पुल निर्माण से मंदिर में बारिश के दौरान श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम होगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने फरवरी 2023 में मंदिर क्षेत्र में हुए कार्यक्रम में आमजन की मांग पर पुल निर्माण के लिए घोषणा की थी।

### चूरा पोस्त के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

**ऊना :** हिमाचल प्रदेश में ऊना पुलिस ने एक ट्रक चालक को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.22 किग्रा चूरा पोस्त जब्त किया है। ऊना पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि जोल पुलिस टीम सोमवार शाम को गश्त पर थी और वह वाहनों की जांच भी कर रही थी। उसी दौरान, जोल चौक पर शक के आधार पर एक ट्रक की तलाशी ली गई, जिसमें चूरा पोस्त बरामद हुआ। ट्रक चालक गुरबख्श सिंह को तुरंत हिरासत में लेकर चूरा पोस्त जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मकराद गांव निवासी गुरबख्श सिंह को पुलिस चौकी लाया गया और उससे पूछताछ की गयी। ऊना के पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

समर्थन

तीसरा मोर्चा बनाने की मुहिम को पहले ही लगा झटका

# दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को नहीं मिला अन्य का समर्थन

- केसी राव ने सूचना भेजी बीमारी की
- ममता बोल चुकी हैं अकेले ही लड़ेगी
- अन्य दलों ने न्योता का जबाव नहीं दिया

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पहली कोशिश शायद नाकामयाब हो गयी है। आगामी लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को दरकिनार करने और तीसरा भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की हताश आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की योजना विफल हो गई है। सात विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रात्रिभोज के निमंत्रण का जवाब नहीं दिया। आप प्रमुख उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों का एक मंच बनाना चाहते थे जहां भाजपा और कांग्रेस सत्ता में नहीं हैं ताकि भाजपा के खिलाफ एकजुट हो सकें। 18 मार्च को दिल्ली में रात्रिभोज आयोजित किया जाना था। इसका उद्देश्य 2024 के आम चुनावों से पहले वोटों की गिनती और रणनीति बनाने के लिए सभी प्रगतिशील मुख्यमंत्रियों को एकजुट करना था। सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल का प्लान फेल हो गया है।

मिली सूचनाओं के मुताबिक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शारीरिक बीमारी का हवाला देते हुए केजरीवाल के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। हालांकि, पिछले महीने केजरीवाल चंद्रशेखर के आह्वान के जवाब में तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति करने के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। हाल के दिनों में, चंद्रशेखर गैर-बीजेपी, गैर-कांग्रेस गठबंधन बनाने के लिए सबसे पहले आगे बढ़े।

लेकिन अन्य दलों की प्रतिक्रिया को देखते हुए माना जा रहा है कि वह उस प्रयास को छोड़कर तेलंगाना के बाहर अपनी पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने आप प्रधान के आह्वान का जवाब तो दिया लेकिन अंत में आमंत्रण को सहेज नहीं सके।

जेपी नड्डा 26 मार्च को भोपाल में

## भाजपा के नए भवन का भूमिपूजन करेंगे



एजेंसियां

**भोपाल :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा 26 मार्च को मध्यप्रदेश के भोपाल में भाजपा के पंडित दीनदयाल परिसर में नए भवन का भूमिपूजन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज यहां भाजपा के प्रदेश कार्यालय पंडित दीनदयाल परिसर में पत्रकारों से चर्चा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल परिसर भोपाल के नये भवन का भूमिपूजन नड्डा के कर कमलों से 26 मार्च को होगा। इस दौरान भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन तथा प्रबुद्ध कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को नड्डा संबोधित करेंगे। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 23 मार्च को भाजपा सरकार के चौथे कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इसी दिन भाजपा अपने चौथे कार्यकाल को प्रदेश भर में मनाएंगी। लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए उन्हें प्रतिमाह एक हज़ार का आर्थिक संबल देने का निर्णय हो या 12वीं कक्षा में मैरिट में आने वाली प्रतिभाशाली बेटियों को स्कूटी देना का निर्णय हो।

## मध्यप्रदेश में हो सकती हैं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं : शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित भवन समत्व में सौजन्य भेंट की। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया साथ थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने प्रतिनिधि-मंडल का पुष्प-गुच्छ तथा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधि-मंडल ने फेडरेशन के अध्यक्ष लुचिआनो रॉसी, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रणिंदर सिंह, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव के सुल्तान सिंह और चीफ कोच मनझेर सिंह शामिल थे। आईएसएसएफ वर्ल्ड कप भोपाल में 21 से 27 मार्च तक हो रहा है। चौहान को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती सिंधिया ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप का लेपल पिन लगाया। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान प्रतिनिधि-मंडल के सदस्यों ने भोपाल में शूटिंग स्पोर्ट्स के लिए मौजूद विश्व-स्तरीय अधो-संरचना और सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि भोपाल में स्पोर्ट्स टूरिज्म की पर्याप्त संभावनाएँ हैं। चौहान ने कहा कि आई एस एस एफ वर्ल्ड कप के आयोजन से भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित कराने की क्षमता से वैश्विक खेल समुदाय अवगत होगा। चौहान ने प्रतिनिधि मंडल को राज्य में ग्राम स्तर तक खेलों के विस्तार, खेलों को प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए जारी गतिविधियों की जानकारी दी।

## बेमौसम बरसात से रबी फसलों को नुकसान : तोमर




एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से रबी फसलों को नुकसान हुआ है। तोमर ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और विश्व बैंक की ओर से कृषि में उच्च शिक्षा को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं के सवाल में कहा देश के कई हिस्सों में अतिवृष्टि और ओले से गेहूं,सरसों,चना तथा कुछ अन्य फसलों को नुकसान हुआ है, जिसका राज्य सरकारें आकलन कर रही हैं। किसी भी राज्य सरकार ने अभी तक फसलों की हुई क्षति का ब्योरा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जब कभी भी प्राकृतिक प्रकोप के कारण राज्यों में फसलों का नुकसान होता है तो सरकारें उसका आकलन कराती हैं जिन किसानों की फसल प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना के तहत होता है, उसे होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाती है लेकिन जो किसान बीमा योजना की परिधि में नहीं आते हैं, उन्हें राज्य आपदा प्रबंधन कोष से मदद दी जाती है। राज्य आपदा प्रबंधन कोष में केन्द्र की 60 प्रतिशत राशि जमा होती है। अधिक नुकसान होने की स्थिति में राज्य फसलों का सर्वेक्षण कराते हैं और केन्द्र को ज्ञापन देते हैं। इसके बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाता है। उल्लेखनीय है पिछले कई दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राष्ट्रीय राजधानी केन्द्र तथा कई जगहों पर कहीं-कहीं जोरदार वर्षा हुई है और ओले भी गिरे हैं।

राजस्थान में सभी जिला मुख्यालयों पर

## सावित्री बाई फूले वाचनालय स्थापित: यादव



एजेंसिया

**जयपुर :** राजस्थान में भाषा एवं पुस्तकालय राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर सार्वजनिक जिला पुस्तकालयों में सावित्री बाई फूले वाचनालय स्थापित किए जा चुके हैं। यादव प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में अब ब्लॉक मुख्यालय पर भी यह वाचनालय खोलने की घोषणा की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस घोषणा के क्रम में सभी ब्लॉक स्तर पर यह वाचनालय खोलने की कार्यवाही की जाएगी। इससे पहले विधायक सुरेश टाक के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में यादव ने अवगत कराया कि राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर सार्वजनिक जिला पुस्तकालयों में अक्टूबर, 2022 तक सावित्री बाई फूले वाचनालय स्थापित किये जा चुके हैं। इन वाचनालयों में फर्नीचर, ग्लास विंडो, रैक्स एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को प्रतियोगी साहित्य, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, इंटरनेट की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मौसम

मौसम के बदलाव का कहर अब पूर्वी भारत पर दिखने लगा

# कोलकाता की जमीन अब धंसने लगी है

- बेमौसम बारिश के बीच एक और बुरी खबर
- पर्यावरण से छेड़छाड़ की वजह से संकट
- इसकी गति धीरे धीरे और तेज होगी

राष्ट्रीय खबर



**कोलकाता:** ग्लोबल वार्मिंग का कहर पूरी दुनिया में है। कई स्थानों पर इसी वजह से भीषण बारिश से बाढ़ आ रही है। केरल जैसे राज्य में मार्च माह में ही तापमान 52 डिग्री चला गया है। इसके बीच ही वैज्ञानिकों ने नये भय के कारण की जानकारी दी है।

यह चेतावनी कोलकाता के बारे में है, जहां न केवल जलस्तर बढ़ रहा है बल्कि मिट्टी भी बैठती जा रही है। और अगर ऐसा ही चलता रहा तो दुनिया भर के डेल्टा किसी भी दिन भयानक खतरे का सामना करेंगे। हाल ही में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में इस तरह की जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार पूरी दुनिया में पर्यावरण के लिए हानिकारक गतिविधियों का चलन बढ़ा है और इसलिए मिट्टी धंस रही है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार भूजल के अत्यधिक दोहन, विभिन्न हाइड्रोकार्बन यौगिकों के निष्कर्षण से मिट्टी की जैविक प्रकृति नष्ट हो रही है।मिट्टी की जैव विविधता नष्ट होने से मिट्टी की जैव विविधता भी कमजोर हो रही है। नतीजतन आए दिन मिट्टी अंदर की तरफ बैठती चली जा रही है। दूसरी ओर, जैसे-जैसे समुद्र का पानी धीरे-धीरे बढ़ रहा है, खतरा और करीब आता जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार घने जंगल या पेड़ इस मिट्टी के कटाव को रोक सकते हैं लेकिन स्थिति बहुत बदल गई है।

पर्यटन उद्योग के कारण मिट्टी की खुदाई, दिन-ब-दिन भवनों का निर्माण इस समस्या को और बढ़ा रहा है। इसके अलावा, लंबे क्षेत्र में खेतों की खेती के कारण समस्या बढ़ रही है और कम नहीं हो रही है। जैसे-जैसे भूमि व्यवस्थित होगी, समुद्र का स्तर अपेक्षाकृत अधिक ऊपर उठेगा। अगर अभी स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया तो इस सदी के अंत तक कई डेल्टा जलमग्न हो जाएंगे, इनमें कोलकाता शामिल है। वैज्ञानिक राफेल स्मिथ के अनुसार लोगों की कुछ सोची समझी हरकतों से दुनिया इस तरह के खतरे का सामना कर रही है। हालाँकि महासागरों के बीच डेल्टा कम संख्या में हैं, नदियों के बीच डेल्टा काफी महत्वपूर्ण हैं।

विश्व की जीडीपी का 4 प्रतिशत इन्हीं डेल्टाओं से आता है। संयोग से विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा गंगा का डेल्टा है। 250 किमी चौड़ा यह डेल्टा ब्रह्मपुत्र और गंगा नदियों की दो शाखाओं से बना है। स्वाभाविक रूप से कोलकाता और दक्षिण बंगाल भी उसी खतरे का सामना कर रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### ईरान रूस के साथ परमाणु ऊर्जा सहयोग का विस्तार करने का इच्छुक : खांडूजी

**तेहरान:** ईरान रूस के साथ ऊर्जा सहयोग का विस्तार करने का इच्छुक है,जिसमें शांतिपूर्ण परमाणु, नवीकरणीय और नये प्रकार की ऊर्जा विकसित करना शामिल है। ईरान के वित्त मंत्री एहसान खांडूजी ने स्पूतनिक के साथ एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, नई ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ-साथ शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा सहित अन्य प्रकार की ऊर्जा के क्षेत्र में रूस के साथ सहयोग की संभावना बढ़ाती है। उल्लेखनीय है कि रूस वर्तमान में सबसे बड़ी संयुक्त रूसी-ईरानी परियोजना बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) की दूसरी बिजली इकाई का निर्माण कर रहा है। यह फारस की खाड़ी तट के साथ दक्षिण-पूर्वी ईरान में स्थित है। पहली एनपीपी इकाई,रूस के सहयोग से पूरी हुई। यह सितंबर 2011 में ईरान की राष्ट्रीय बिजली ग्रिड से जुड़ी थी जबकि तीसरी बिजली इकाई के निर्माण के लिए एक अनुबंध पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

### यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियार काला बाजार में पहुंच सकते है : एंटोनोव

**वाशिंगटन:** अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने कहा है कि रूस को आशंका है कि यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता का एक हिस्सा काला बाजार में पहुंच सकता है। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को घोषणा की कि वह यूक्रेन को 35 करोड़ डॉलर का एक नया सैन्य सहायता पैकेज प्रदान करेगा। इसमें मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट प्रणाली के लिए गोला-बारूद, हॉवित्जर के साथ-साथ ब्रैडली लड़ाकू वाहन और अन्य उपकरण शामिल हैं। एंटोनोव ने संवाददाताओं से कहा,''हमें गंभीर चिंता है कि कुछ रक्षा उत्पाद काले बाजार में पहुंच सकते हैं। हथियार कहां से आएंगे। जब सामग्री कुछ आतंकवादी समूहों और आपराधिक संगठनों के हाथों में आ जाएगी तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।''उन्होंने कहा कि ऐसी नीति पूरे यूरोप की सुरक्षा को खतरे में डालती है, जिससे रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव का खतरा बढ़ सकता है।

### पेंशन सुधार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 70 लोगों को हिरासत में लिया

**पेरिस :** फ्रांस की संसद में पेंशन सुधार की मंजूरी के बाद सोमवार शाम को हुए विरोध प्रदर्शन में पुलिस ने 70 लोगों को हिरासत में लिया हैं। बीएफएमटीवी ने पुलिस स्रोत के हवाले से रिपोर्ट दी है कि सोमवार को पेरिस में पेंशन सुधार को लेकर सरकार में अविश्वास प्रस्ताव पर दो मतों के बाद प्रदर्शनकारी और पुलिस आपस में भिड़ गए। फ्रांस के प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने 16 मार्च को घोषणा की कि सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 49.3 को लागू करते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष करने प्रस्ताव किया है। इसे बिना संसदीय मत के पारित करने की अनुमति दी है। इस फैसले के विरोध में पूरे देश में लोगों को सड़कों पर प्रदर्शन करने लगे। गुरुवार को पेंशन सुधार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान 300 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था।

### रूस,मिस्र सीमा शुल्क सहयोग पर हुए सहमत

**मॉस्को :** रूस और मिस्र ने सीमा शुल्क सहयोग पर सहमति व्यक्त की हैं। यह जानकारी रूस के संघीय सीमा शुल्क सेवा ने एक बयान जारी कर दी हैं। रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा ने यहां जारी एक बयान में कहा कि 18 मार्च से 20 तक काहिरा में रूस-मिस्र आयोग की बैठक में यह सहमति व्यक्त की गई हैं। बैठक में रूस की सीमा शुल्क सेवा के उप प्रमुख व्लादिमीर इविन ने व्यापार,आर्थिक,वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग पर चर्चा की। बयान के अनुसार बैठक के बाद व्लादिमीर इविन तथा मिस्र की ओर से निर्यात और आयात नियंत्रण सार्वजनिक संगठन के अध्यक्ष एस्साम अल-नग्गर ने प्रशासनिक सहयोग, सूचना के आदान-प्रदान और पारस्परिक सहायता पर टैरिफ वरीयताओं की एकीकृत प्रणाली के ढांचे के भीतर एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए।

### मलावी में फ्रेडी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 499 हुई

**लिलोंग्वे :** दक्षिण-पूर्वी अफ्रीकी देश मलावी में उष्णकटिबंधीय चक्रवात फ्रेडी से मरने वालों की संख्या 499 हो गई है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तंजानिया और जाम्बिया सहित पड़ोसी देशों के सहयोग से मलावी के रक्षा बल, मलावी पुलिस सेवा और ब्रिटेन के द्वारा खोज और बचाव अभियान जारी हैं। चक्रवात से सोमवार शाम तक 499 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 508,244 लोग इस चक्रवात के कारण विस्थापित हुए हैं। आपदा प्रबंधन मामलों के विभाग के आयुक्त चार्ल्स कालेंबा ने बताया कि विस्थापित लोगों के लिए एक और शिविर लगाया गया है। इसके साथ ही कुल शिविरों संख्या 534 हो गई है। रविवार को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार चक्रवात के कारण 1,332 घायल हुए है, जबकि 427 लोगों के लापता होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि पूर्वी क्षेत्र में तीन और जिलों में चक्रवात फ्रेडी के समाप्त होने के बाद भी भारी बारिश हो रही है। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा द्वारा प्रभावित जिलों में आपदा की स्थिति घोषित करने के बाद,विदेशी मिशन,सरकारें,स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय संगठन,कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा मानवीय सहायता प्रदान की जा रही हैं। दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय ने मलावी को तीन लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता की मंजूरी दे दी है।

## आज का इतिहास

- 1739 : आक्रमणकारी नादिर शाह ने अपनी सेना को दिल्ली में जनसंहार की इजाजत दी।
- 1873 : प्योर्तो रिको में दास प्रथा को खत्म किया गया।
- 1882 : संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई। इसका पता लगाने वाले वैज्ञानिक को बाद में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1890 : रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
- 1893 : चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
- 1917 : रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
- 1942 : सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
- 1946 : ब्रिटेन ने जॉर्डन को आजाद करने के लिए संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1947 : लार्ड लुईस माउंटबेटन भारत के आखिरी वायसराय के रूप में भारत आये।
- 1956 : अमेरिका में रंगभेद विरोधी नेता मार्टिन लूथर किंग को नस्लवादी कानून का विरोध करने पर जेल।
- 1957 : शक संवत पर आधारित राष्ट्रीय कैलेण्डर अंगीकार किया गया।
- 1958 : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
- 1964 : कलकत्ता (अब कोलकाता) में पुरानी कारों की पहली 'विंटेज कार रैली' निकाली गयी।
- 1969 : इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।
- 1977 : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
- 1978 : फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1979 : इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।
- 1982 : नासा का अंतरिक्ष यान 'कोलंबिया' तीसरे मिशन पर रवाना।
- 1995 : रूसी अंतरिक्ष यात्री वालेरी पेलियाकोव साढ़े चौदह माह के रिकॉर्ड अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी के लिए रवाना।
- 1999 : शेखर कपूर की फिल्म 'एलिजाबेथ' को सर्वश्रेष्ठ मेकअप का ऑस्कर पुरस्कार मिला।
- 2000 : दक्षिण अमेरिका के कोरू से इनसेट 3बी का प्रक्षेपण किया गया।
- 2005 : तमिल फिल्मों के मशहूर एक्टर जेमिनी गणेशन का निधन।

## कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

रांचीः पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की और से दायर जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया जमानत याचिका में उनकी और से कहा गया है। उन्हें जिस मामले में जिस केस में ईडी ने आरोपी बनाया गया है उसमें यह शामिल नहीं है।

पड़ताल जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई

# मनरेगा घोटाले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा-एसीबी में कितने मामले हुए दर्ज

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड हाइकोर्ट ने मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि खूंटी में मनरेगा घोटाला मामला में कितने केस एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज किए गए और इन केस की अनुसंधान की वर्तमान स्थिति क्या है? इसकी अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए। खूंटी और अड़की थाना पुलिस से भी कोर्ट ने पूछा है कि मनरेगा घोटाले में कितने केस दर्ज किए गए हैं और उसकी क्या स्थिति है। कोर्ट ने सीबीआई के अधिवक्ता से पूछा कि क्या इस मामले की जांच कराने को सीबीआई तैयार है, इस पर सीबीआई के अधिवक्ता की और से कहा गया कि कोर्ट के आदेश का पालन होगा, वहीं सरकार की और से कोर्ट को बताया गया की अगली सुनवाई में हाइब्रिड मोड में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल इस मामले में पैरवी करेंगे अगली सुनवाई 5 अप्रैल को होगी। बता दें कि पिछले सुनवाई में कोर्ट ने मामले में सीबीआई को प्रतिवादी बनाया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की और से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से अदालत को बताया कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में अभी 200 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी मिली है। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी के डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया।

रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# हम टीम बनाकर करेंगे काम : राहुल कुमार सिन्हा

- हर संभव सहयोग के लिए प्रशासन तत्पर
- व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश
- सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर
- अफवाह फैलानेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय में आयोजित बैठक में विधायक समरीलाल, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, एसएसपी किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, सीटी एसपी एस जैन, पुलिस अधीक्षक यातायात एचबी जमां, एसडीओ दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी आरएन आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू अजय कुमार, संबंधित पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी एवं विभिन्न महावीर मंडल, शांति समिति, धार्मिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों ने रामनवमी के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। साफ सफाई, वाहनों की व्यवस्था, अखाड़ों के जुलूस लाइसेंस, महिला पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति समेत कई बिन्दुओं को सदस्यों ने बैठक में रखा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन अखाडा समितियों को हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। बिजली व्यवस्था, सड़क के गड्ढों को भरना, साफ-सफाई, वाहनों की व्यवस्था, विभिन्न जुलूस और अखाड़ों के जुलूस के लाइसेंस रिन्यूअल, डीजे नियंत्रण, स्ट्रीट लाइट में सुधार, ट्रैफिक संचालन सुदृढ़ करना, शराब बंदी आदि का लेकर उपलब्ध संसाधन के अनुसार काम किया जायेगा। उपायुक्त ने एडीएम लॉ एंड ऑर्डर को रामनवमी को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निदेश दिया गया। जिसमें प्रमुख संचालन समिति एवं पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी जुड़े रहेंगे ताकि अति आवश्यक मामलों की जानकारी त्वरित रूप से मिल सके। साथ ही इसमें सोशल मीडिया में आपत्तिजनक, गलत पोस्ट, नशा करनेवालों आदि के बारे में सूचना शेयर हो सके। उन्होंने कहा कि खुशकिस्मती है कि रांची बीते समय में अच्छे कारणों की वजह से देश भर में जाना जाता रहा है। एसएसपी ने कहा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ उन्हें चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगा।

# अग्निवीर वायु सेना में शामिल होने के लिए युवा 31 मार्च तक करें पंजीकरण

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु सेना के लिए चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और फेमा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। इच्छुक अभियर्थी ऑनलाइन पंजीकरण 31 मार्च को शाम पांच बजे तक कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए वेबपोर्टल पर लॉगिन कर आवदेन भर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 20 मई से प्रारंभ होगी। पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 250 रुपये है। इससे पहले अभ्यर्थियों को 31 मार्च तक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद 20 मई से आनलाइन परीक्षा शुरू होगी। अग्निवीर वायु भर्ती के लिए अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाईट पर जा सकते है। : भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु के लिए गणित, भौतिक व अंग्रेजी के साथ 12वीं उत्तीर्ण करने वाले ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। 12वीं में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना चाहिए। सभी विषयों को मिलाकर भी कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। विज्ञान के बिना पढ़ाई करने वाले छात्रों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक और ओवरआल भी 50 प्रतिशत अंक के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। ऐसे युवा जिन्होंने किसी सरकारी मान्यता प्राप्त पालीटेक्निक संस्थान से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाइल, कंप्यूटर साइंस, इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलाजी या इंफार्मेशन टेक्नोलाजी में तीन वर्ष का डिप्लोमा इंजीनियरिंग का कोर्स किया है वो भी अग्निवीर वायु के लिए आवेदन कर सकते हैं। दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स करने वाले अभ्यर्थी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

# बेहोशी की हालत में मिली महिला को परिजनों को सौंपा

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सोमवार को बेहाशी की हालत में मिली महिला को मंगलवार को परिजनों को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि कांके के अरसंडे पंचायत के समीप लगभग बेहोशी की हालात में एक महिला पायी गई थी। इसकी सूचना अरसंडे निवासी उपेंद्र कुमार एवं लाईफ मेडिकल दवा दुकान के पंकज केसरी के द्वारा पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार दी गई। इसके बाद इसकी सूचना कांके थाना की पुलिस को दी गई। इसके बाद महिला के पास से आधार कार्ड पुलिस को मिला। इसके बाद आधार कार्ड में दिये गये नाम और पते पर संपर्क किया गया। इसके बाद गुमला जिला पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ से संर्पक किया गया। आधार कार्ड में दिये गया पता गुमला का निकला। इसके बाद महिला के भाई और पिता से संपर्क किया गया। इससे पूर्व कांके थाना प्रभारी संजीव कुमार एवं एसआई मोहित कुमार ने बेहाश महिला को इलाज के लिये कांके जेनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और कांके जेनरल हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर शंभू प्रसाद के देखरेख में इस महिला का इलाज किया गया। मंगलवार को गुमला से उसके पिता कांके जेनरल हॉस्पिटल पहुंचे। पिता ने कांके थाना के एसआई मोहित कुमार के समक्ष अपनी बेटी को सही सलामत पाकर काफी खुश हुये तथा अपने घर लेकर चले गये। विदित हो कि बेहोशी की हालत में बरामद महिला की देखभाल करने में कांके जेनरल हॉस्पिटल में सभी नर्सों ने काफी सहयोग दिया। महिला को ले जाने से पूर्व उसके पिता ने कहा कि कांके थाना की सक्रियता की वजह से उसकी बेटी सही सलामत बरामद हो सकी।

# डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता बुधवार को करेंगे साइबर अपराध की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता बुधवार को साइबर अपराध की समीक्षा करेंगे। डीजी सीआईडी धनबाद,जमशेदपुर, जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह और पलामू जिले के साइबर अपराध थाना प्रभारी के साथ साइबर अपराध थाना के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसे लेकर सीआईडी एसपी की ओर से इन जिलों के एसपी को पत्र लिखकर कहा है कि अपने-अपने साइबर अपराध थाना प्रभारी को समय से बैठक में भाग लेने के लिए आदेशित करेंगे। बैठक के दौरानद सीआईडी डीजी के द्वारा साइबर अपराध थाना में उपलब्ध आधारभूत संरचना।साल 2022 में साइबर अपराध से संबंधित दर्ज कांड और निष्पादित कांड की स्थिति।थाना का कार्यालय खर्च और यात्रा भत्ता की स्थिति। साइबर अपराध थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों कर्मियों की समस्या व प्रस्तावित सुझाव को लेकर समीक्षा करेंगे।

# प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई 26 अप्रैल तक टली

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड में पवार ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई 26 अप्रैल तक टाल दी है। इस साल जनवरी में झारखंड हाईकोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद प्रेम प्रकाश ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश ने अपनी याचिका में कहा है कि एजेंसी ने उन्हें दुर्भावना से फंसाया और कथित अपराध में उनकी संलिप्तता का कोई सबूत नहीं था। उन्होंने तर्क दिया कि ईडी अवैध खनन के उद्देश्य से पंकज मिश्रा के साथ उनके किसी भी संबंध को स्थापित नहीं कर सका। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि संजय चौधरी और अमित अग्रवाल के साथ उनका लेनदेन उस व्यवसाय का हिस्सा था, जिसका साहिबगंज में तथाकथित अवैध खनन और परिवहन से कोई लेना-देना नहीं था।

# राजभाषा के अधिनियमों को कार्यालयों में करें लागू : डॉ सिंह

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक मंगलवार को मुख्य आयकर आयुक्त डॉ अमर वीर सिंह मुख्य आयकर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रांची स्थित केंद्र सरकार के लगभग सभी कार्यालयों के प्रमुख एवं विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। उक्त बैठक में प्रधान आयकर आयुक्त, रांची सह राजभाषा अधिकारी डॉ प्रभाकांत भी उपस्थित थे। बैठक को संचालन कर रहे समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल, सहायक निदेशक ने अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी कार्यालयों के प्रमुखों एवं उनके प्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं नराकास के सदस्य-कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा विवरणी प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित राजभाषा विभाग, कोलकाता से आए हुए सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) निर्मल कुमार दूबे ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन के पीछे जो उद्देश्य है, उसके बारे में समिति के सभी सदस्यों को रूबरू कराया और राजभाषा हिन्दी के महत्व एवं उसके प्रचार-प्रसार के बारे में जानकारी दी। अपने संबोधन में डॉ अमर वीर सिंह ने कहा कि राजभाषा अधिनियम एवं नियमों को शत-प्रतिशत कार्यालयों में लागू करवाने के लिए सभी सदस्यों से आग्रह किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, राजभाषा के प्रयोग में झिझक को दूर करने के प्रयोजन से प्रत्येक तिमाही की अवधि में, कम से कम एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन करने के लिए कहा। नराकास के स्तर पर प्रकाशित होनेवाली पत्रिका राजभाषा जोहार के संबंध में उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यालयों के साहित्य प्रेमी आगे आएं और पत्रिका के प्रकाशन में अपना सहयोग प्रदान करें।

सर्वे स्वच्छता सर्वे को लेकर रांची नगर निगम रेस ,सुपरवाइजरों की लग रही क्लास

# सफाई का हाल जानने अधिकारी उतरे सड़कों पर

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**स्वच्छता सर्वे को लेकर रांची नगर निगम रेस हो गया है। वहीं सफाई से लेकर वेस्ट डिस्पोजल और ट्रांसफर पर भी अधिकारी गंभीर है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकारी खुद से जाकर सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। इतना ही नहीं इसके लिए जिम्मेवार सुपरवाइजरों की क्लास भी लगाई जा रही है। जिससे कि आने वाले समय में शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाया जा सके। इसी के आधार पर स्वच्छता सर्वे में मार्क्स मिलेंगे। वहीं स्वच्छोत्सव में भी अपनी दावेदारी निगम पेश करेगा।राजधानी में मार्च के पहले हफ्ते में जी 20 समिट को लेकर नगर निगम पहले से ही अभियान चलाया था। वहीं डेलीगेट्स के जाने वाले रूट्स पर सफाई का विशेष प्लान तैयार किया गया था। इस दौरान राजधानी में कहीं भी गंदगी दिखाई नहीं दे रही थी। अब निगम इस अभियान के बहाने सर्वे की तैयारी में है। जिससे कि टीम के विजिट के समय शहर साफ हो।राजधानी के 53 वार्डों के सवा दो लाख हाउस होल्ड से वेस्ट कलेक्शन तो हो रहा है। लेकिन डिस्पोजल को लेकर आज भी काम जारी है। गेल इंडिया झिरी डंपिंग यार्ड में वेस्ट डिस्पोजल को लेकर प्लांट लगा रही है। ऐसे में जबतक कचरे के प्रापर डिस्पोजल की व्यवस्था नहीं होती है तो नगर निगम को मार्क्स कम मिलेंगे।


